नई दिल्ली
शनिवार, 8 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष, तृतीया, वर्ष : 29, अंक : 205
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 27
न्यून. 12

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मामले पर किए गए राष्ट्रपति ट्रंप के हालिया दावे पर भारत की सख्त प्रतिक्रिया

# चोरी-छिपे परमाणु हथियारों का परीक्षण करना पाकिस्तान की पुरानी आदत: जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पाकिस्तान के गुपचुप तरीके से किए जा रहे परमाणु हथियारों के परीक्षण वाले सनसनीखेज बयान को लेकर शुक्रवार को भारत ने दो टूक अंदाज में अपनी प्रतिक्रिया दी है। राजधानी में आयोजित की गई साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में एक प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि चोरी-छिपे परमाणु हथियारों का परीक्षण करना पाकिस्तान के



इतिहास का हिस्सा होने के साथ ही उसकी पुरानी आदत है। भारत अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणियों के मद्देनजर मामले को लेकर पूरी तरह से सतर्क है। हमने लगातार अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है।

### अमेरिका में 33 साल से बंद हैं परीक्षण

गौरतलब है कि अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज.एच.डब्ल्यू बुश ने एकतरफा ढंग से वर्ष 1992 में परमाणु हथियारों के परीक्षणों पर रोक लगाने का निर्णय लिया था। उनका यह फैसला हालांकि घरेलू और वैश्विक दबाव का परिणाम था। लेकिन बाद में अमेरिका के ही इसी कदम से दुनिया में व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) की नींव पड़ी थी। जिसका लक्ष्य परमाणु ▶▶ शेष पेज 7 पर

### दशकों से जारी पाक के अवैध क्रियाकलाप

उन्होंने यह भी कहा कि इस्लामाबाद गलत और अवैध ढंग से ही सब कुछ करता रहा है। वो दशकों से अवैध तरीके से तस्करी और निर्यात नियंत्रण का उल्लंघन कर रहा है। इसके अलावा पड़ोसी दुश्मन देश का ध्यान इसी तर्ज पर साझेदारियां बनाने के अलावा, ए.क्यू. खान नेटवर्क और परमाणु प्रसार पर केंद्रित है।

### ट्रंप के बयान के असल मायने

बीते रविवार को अमेरिका के राष्ट्रपति ने सीबीएस न्यूज चैनल के 60 मिनट्स कार्यक्रम में ये खुलासा किया था कि पाकिस्तान के अलावा चीन, रूस और उत्तर-कोरिया जैसे देश सार्वजनिक रूप से परमाणु परीक्षण करने में लगे हुए हैं। ऐसे में अमेरिका ही दुनिया का अकेला ऐसा देश क्यों बने जो परमाणु परीक्षण न करे? हम भी परमाणु परीक्षण करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन चारों देशों में से हालांकि कोई भी परमाणु हथियारों के परीक्षण पर कोई बात नहीं करता है। वहां मीडिया भी नहीं है जो उनकी इन तमाम गतिविधियों को रिपोर्ट करे। ▶▶ शेष पेज 7 पर

देश के नागरिकों से विदेश मंत्रालय की अपील, नौकरी के लुभावने अवसरों पर गौर फरमाने से पहले कर लें पूरी जांच-पड़ताल

## रूस की सेना में तैनात 44 भारतीयों की रिहाई में जुटा भारत: जायसवाल

जयशंकर ने की रूस के उप-विदेश मंत्री आंद्रे रुडेन्को से मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते लंबे वक्त से रूस की सेना में अवैध ढंग से जारी भारतीय नागरिकों की भर्ती के मामले की गूंज मीडिया में सुनाई पड़ रही है। लेकिन अब विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में देश के 44 नागरिकों का एक आंकड़ा सार्वजनिक करते हुए कहा है कि यह वो लोग हैं। जो वर्तमान में रूस की सेना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मंत्रालय ने इन सभी की जल्द से जल्द रिहाई सुनिश्चित करने के लिए नई दिल्ली में रूसी दूतावास से लेकर मॉस्को में मौजूद अधिकारियों से संपर्क साधा है और उसमें भारतीयों की भर्ती की इस प्रथा पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ▶▶ शेष पेज 7 पर

### भारत खरीद रहा है रूसी तेल?

*जायसवाल ने भारत की रूस से तेल निर्यात पर लगाई गई रोक के राष्ट्रपति ट्रंप के दावे से जुड़े एक अन्य प्रश्न के जवाब में साफ तौर पर कुछ भी नहीं कहा। लेकिन मुद्दे पर बने हुए भारत के पुराने रुख को दोहराते हुए कहा कि मामले पर हमारा निर्णय पूरी तरह से घरेलू उपभोक्ताओं की ऊर्जा आवश्यकताओं पर निर्भर करता है। इसमें वैश्विक बाजार में बनी हुई परिस्थितियों की भी बेहद महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। वहीं, विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने 7 नवंबर को रूस के उप-विदेश मंत्री आंद्रे रुडेन्को से मुलाकात की है। एक्स पर पोस्ट में* ▶▶ शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएम दिखाएंगे 4 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार सुबह लगभग 8:15 बजे वाराणसी से चार नई वंदे भारत



ट्रेनों को झंडी दिखाएंगे। ये ट्रेनें बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एर्नाकुलम-बेंगलुरु मार्गों पर चलेंगी। प्रमुख गंतव्यों के बीच चलने वाली ये ट्रेनें क्षेत्रीय गतिशीलता में वृद्धि करेंगी। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### एआई के उपयोग से यूएस में गईं 1.5 लाख नौकरियां

**नई दिल्ली।** एआई का दुष्प्रभाव दिखने लगा है। निवेशकों को एआई कंपनियों को लेकर चिंताएं



सताने लगी हैं। अमेरिकी इकोनॉमी में मंदी की आहट से रोजगार संकट बढ़ता जा रहा है। अक्टूबर में ही अमेरिका में करीब 1.53 लाख लोगों की नौकरियां गईं। अब तक साल 2025 में करीब 11 लाख नौकरियां जा चुकी हैं।

### तकिया मस्जिद केस में मुस्लिम पक्ष को झटका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें मप्र



हाईकोर्ट के तकिया मस्जिद गिराने के फैसले को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने यह फैसला प्रशासन के हक में सुनाया है। करीब 10 माह पहले महाकाल मंदिर विस्तारीकरण की जद में आ रही तकिया मस्जिद को तोड़ने के मामले में वहां दोबारा मस्जिद बनवाने की अपील की।

▶▶ 'वंदे मातरम' विवाद फिर चर्चा में- 150 साल पुराने गीत पर राजनीति गरमाई

# 1937 में इस गीत के टुकड़े किए गए और देश विभाजन के बीज बोए गए



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

आज से ठीक 150 वर्ष पहले, 7 नवंबर 1875 को बंगाली साहित्यकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत राष्ट्र प्रेम में रची बसी, पगी एक ऐसी कविता लिखी थी, जो आने वाले दशकों में भारत की आज़ादी की लड़ाई का प्रतीक बन गई। वह छह पदों वाली कविता थी- "वंदे मातरम्", जिसे पहली बार 1882 में उनके प्रसिद्ध उपन्यास आनंदमठ में प्रकाशित किया गया था।

आज, एक सदी और आधे साल बाद, वही गीत राजनीतिक विवाद का केंद्र बन गया है- भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच एक बार फिर आरोप-प्रत्यारोप तेज़ हो गए हैं। बिहार चुनाव के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं विशेष अवसर पर कांग्रेस को इस मामले में कठघरे में खड़ा कर बिहारी वोटरों समेत देश को मैसेज देने की आक्रामक कोशिश की है। कांग्रेस को बैकफुट पर धकेलने की कोशिश की है।

### प्रधानमंत्री मोदी का कांग्रेस पर हमला

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को "वंदे मातरम" की रचना के 150 वर्ष पूरे होने पर आयोजित एक समारोह में पूरा गीत सुनाया।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 1937 में इस गीत के कई महत्वपूर्ण छंद हटा दिए, और इस तरह "भारत माता की स्तुति को टुकड़ों में बाँट दिया।" प्रधानमंत्री ने कहा-"1937 में कांग्रेस ने जो किया, उसने राष्ट्र के विभाजन के बीज बो दिए।"भाजपा ने इस मौके पर कांग्रेस के तत्कालीन नेता पंडित* ▶▶ शेष पेज 7 पर

### कौन से छंद हटाए गए थे?

बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने "वंदे मातरम" के छह छंद लिखे थे।गीत के आरंभिक दो छंदों में भारत माता को मातृभूमि के रूप में नमन किया गया है- "वंदे मातरम, सुखसिन्धु तरंगिणी, तव शुभ नाम जगे"- लेकिन बाद के छंदों में हिंदू देवी-देवताओं जैसे दुर्गा, कमला (लक्ष्मी) और सरस्वती का उल्लेख है। 1937 में फैजपुर अधिवेशन में कांग्रेस ने निर्णय लिया कि केवल पहले दो छंद ही राष्ट्रीय सभाओं में गाए जाएंगे, ताकि यह गीत सभी धर्मों के लोगों के लिए स्वीकार्य हो। कांग्रेस के प्रस्ताव में लिखा गया था, "सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद समिति अनुशंसा करती है कि राष्ट्रीय आयोजनों में 'वंदे मातरम' के केवल पहले दो पद ही गाए जाएँ।"

### विवाद की जड़

"वंदे मातरम" का मूल स्वरूप भारत माता की शक्ति, करुणा और सौंदर्य का प्रतीक है। पहले दो छंद राष्ट्रभक्ति के भाव से भरे हैं, जबकि अंतिम छंद "तू दुर्गा शप्रहरणधारिणी" जैसे शब्दों के साथ देवी स्वरूप भारत की आराधना करते हैं। कांग्रेस ने इन धार्मिक प्रतीकों को लेकर "सार्वजनिक स्वीकार्यता" का हवाला देते हुए 1937 में उन्हें हटाने का निर्णय लिया, लेकिन लगभग 90 साल बाद भी वही निर्णय राजनीति की ज्वाला बनकर उभर रहा है। आज जब प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा "वंदे मातरम्" के पूरे संस्करण को राष्ट्रभक्ति की पहचान बता रहे हैं, कांग्रेस उसे "समावेशी भारत" के दृष्टिकोण से देखने की बात कर रही है। 150 साल पुराने इस गीत ने आज भी भारत ▶▶ शेष पेज 7 पर

### नेहरू-बोस पत्राचार का संदर्भ

भाजपा द्वारा साझा किए गए पत्रों में नेहरू ने सुभाषचंद्र बोस को लिखा था कि "'वंदे मातरम' के कुछ छंदों को लेकर मुस्लिम समुदाय में असहजता दिखती है, और इसमें कुछ हद तक सच्चाई है, भले ही पूरा विवाद साम्प्रदायिक तत्वों द्वारा खड़ा किया गया हो।" उन्होंने यह भी लिखा था कि"गीत के सभी शब्द पूरी तरह निर्दोष हैं, और उन्हें देवी-देवताओं से जोड़ना एक गलत व्याख्या है।"

### कांग्रेस का जवाब

*कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि "जो लोग आज राष्ट्रवाद के स्वयंभू रक्षक बनते हैं- भाजपा और आरएसएस- वे खुद कभी 'वंदे मातरम' नहीं गाते।"कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा इस गीत का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए करती है, जबकि वास्तविक राष्ट्र प्रेम उस एकता में है जिसने स्वतंत्रता संग्राम को जोड़ा था।*

### भाजपा के आरोप

भाजपा का कहना है कि यह निर्णय "सांप्रदायिक तुष्टीकरण" की नीति के तहत लिया गया था। पार्टी प्रवक्ता सी.आर. केसवन ने कहा कि कांग्रेस ने उस समय धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखकर राष्ट्रभक्ति के प्रतीक गीत के साथ "राजनीतिक समझौता" किया।भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस की यह सोच ही बाद में "देश के विभाजन" की वैचारिक पृष्ठभूमि बनी।

### आज़मी ने आग में डाला घी

विवाद बढ़ने के बीच समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी ने कहा,"कोई मुझे मजबूर नहीं कर सकता कि मैं 'वंदे मातरम' गाऊँ।" इस बयान ने बहस को और भड़का दिया, खासकर तब जब बंगाल और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में चुनावी माहौल गर्म है।

धनराशि के हवाला से जुड़ी होने का शक

## पकड़ी गई कालेधन की बड़ी खेप वैशाली एक्सप्रेस में 1 करोड़ मिले

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले गोरखपुर जीआरपी को एक बड़ी सफलता मिली है। गुरुवार देर रात गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर नियमित चेकिंग के दौरान वैशाली एक्सप्रेस से एक युवक को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से एक करोड़ रुपए की नकदी बरामद हुई। बताया जा रहा है

■ इन रुपयों को बिहार के मोकामा ले जाने की तैयारी में था



कि युवक इन रुपयों को बिहार के मोकामा ले जाने की तैयारी में था। चुनावों के मद्देनजर रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। इसी क्रम में जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम वैशाली एक्सप्रेस में ▶▶ शेष पेज 7 पर

साइबर ठगी का शिकार हुए बेनर्जी

## ठगों ने सांसद के खाते से उड़ाए 56 लाख रुपए

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस के नेता और चार बार के लोकसभा सांसद कल्याण बेनर्जी के साथ एक बड़ी साइबर धोखाधड़ी हुई है। उनके निष्क्रिय पड़े भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) खाते को फर्जी दस्तावेजों के जरिए फिर से सक्रिय किया गया और इससे 56 लाख रुपए से अधिक की रकम निकाल ली गई। कोलकाता में एसबीआई की हाईकोर्ट शाखा ने इस मामले में साइबर अपराध थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद जांच

■ रकम से सोने के गहने भी खरीदे गए



शुरू कर दी गई है। साइबर अपराधियों ने जाली पैन और आधार कार्ड तैयार किए, जिन पर कल्याण बेनर्जी की तस्वीर लगाई गई थी। इन जाली दस्तावेजों की मदद से अपराधियों ने उनके पुराने खाते की ▶▶ शेष पेज 7 पर

पुणे के कोरेगांव की 40 एकड़ ज़मीन एससी वर्ग के लिए थी आरक्षित

## राहुल गांधी ने उठाया पुणे भूमि घोटाले का मामला, महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस ने दिए जांच के आदेश

### कंपनी में उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के बेटे पार्थ पवार हैं पार्टनर

### तहसीलदार पर गिरी गाज, सस्पेंड किया गया

◆ 1800 करोड़ की जमीन 300 करोड़ में अमीडिया एंटरप्राइज़ को गैरकानूनी रूप से बेचा, स्टाम्प ड्यूटी भी की माफ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में दलितों के लिए आरक्षित सरकारी ज़मीन के कथित घोटाले को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर सीधा हमला बोला है।



उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा-शिवसेना (शिंदे गुट) की सरकार में उप मुख्यमंत्री ▶▶ शेष पेज 7 पर

### क्या है मामला

पुणे के बोपोडी स्थित कोरेगांव की एक जमीन स्थानीय अनुसूचित जाति के महर समुदाय के लिए आरक्षित थी। तक़रीबन 1800 करोड़ की 40 एकड़ जमीन अमेडिया एंटरप्राइज को गैरकानूनी रूप से बेच दी गई। 5.89 करोड़ रुपए का स्टाम्प शुल्क भी माफ कर दिया गया। मुख्यमंत्री फडणवीस इस बात से हैरान हैं कि बिना उनकी सहमति के इतना बड़ा खेल हो कैसे गया? ▶▶ शेष पेज 7 पर

## बाबा बागेश्वर की सनातन हिंदू पदयात्रा शुरू



कथावाचक जया किशोरी, कवि कुमार विश्वास, द ग्रेट खली भी होंगे शामिल

### 10 दिन में 170 किमी की होगी पदयात्रा, वृंदावन में समापन

*नई दिल्ली। बागेश्वर धाम के बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने शुक्रवार को दिल्ली से वृंदावन के लिए 10 दिनों की पदयात्रा शुरू की है। ये सनातन हिंदू एकता पदयात्रा दिल्ली के छतरपुर के कात्यायनी माता मंदिर से शुरू हुई और पहला पड़ाव जीरखोद मंदिर में हुआ। दिल्ली से वृंदावन तक की इस यात्रा में देशभर से हजारों साधु-संत शामिल हो रहे हैं। बाबा बागेश्वर की यात्रा 10 दिनों तक रोजाना 15 किलोमीटर चलेगी। यात्रा का मकसद हिंदू राष्ट्र की स्थापना, जातिवाद को खत्म करना और हिंदू समाज में एकता स्थापित करना है। यात्रा उत्तर प्रदेश में मथुरा वृंदावन तक जाएगी। यात्रा 16 नवंबर तक चलेगी। ये पदयात्रा दिल्ली, हरियाणा से होते हुए यूपी के 422 से ज्यादा इलाकों से गुजरेगी। धीरेंद्र शास्त्री इस पदयात्रा के जरिये 5 करोड़ लोगों तक पहुंचने का दावा कर रहे हैं। 10 दिनों में करीब दो लाख लोग इस पदयात्रा में शामिल होंगे। धीरेंद्र शास्त्री का दावा है कि उनकी इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य यमुना को* ▶▶ शेष पेज 7 पर

जरीन खान का मुंबई में 81 साल की उम्र में निधन, वे अभिनेता संजय खान की पत्नी थीं

## जायद खान के गले में जनेऊ, मां जरीन खान का हिंदू रीति-रिवाज से किया 'अंतिम संस्कार'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता संजय खान की पत्नी, जायद खान और सुजैन खान की मां जरीन कतरक को उनके अपनों ने भरी आंखों से आखिरी विदाई दी। उनका अंतिम संस्कार मुंबई में हिंदू रीति-रिवाज से किया गया, जहां इसे जायद खान करते दिखे। जायद खान के हाथ में मटका और गले में जनेऊ भी नजर आया। वहीं ऋतिक से लेकर काजोल, जया बच्चन जैसे तमाम सितारे इस अंतिम विदाई पर शामिल हुए। जरीन कतरक खान का निधन शुक्रवार को हुआ। वो 81 साल की थीं। बताया जा ▶▶ शेष पेज 7 पर



जरीन के बेटे जायद हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार करते हुए।

### संजय के हाथ में थी टॉल्स्टॉय की किताब

संजय और जरीन की शादी साल 1966 में हुई थी। दोनों की मुलाकात एक बस स्टॉप पर हुई और यहीं से उनकी दोस्ती हुई। तब संजय केवल 18 साल के थे। जरीन ने 18 साल के संजय के साथ अपनी पहली डेट को याद करते हुए बताया था कि कैसे संजय सफेद ▶▶ शेष पेज 7 पर

आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त,कहा- नसबंदी कर शेल्टर होम में रखें, पकड़े गए स्थान पर न छोड़ें

शीर्ष कोर्ट ने इसके लिए 8 हफ्ते का समय दिया, अगली सुनवाई 13 जनवरी को

## स्कूल, कॉलेज और अस्पताल परिसरों से कुत्तों को हटाएं, सड़कों पर मवेशी न दिखें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में सड़कों और हाईवे पर खुले घूम रहे आवारा मवेशियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि हाईवे और सड़कों से आवारा मवेशियों को तुरंत हटाया जाए। दरअसल, आवारा कुत्तों से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, बस स्टैंडों, खेल परिसरों और रेलवे स्टेशनों से आवारा कुत्तों और अन्य ऐसे मवेशियों को तुरंत हटाए जाने और उन्हें आश्रय गृह भेजने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए 8 हफ्ते का समय दिया है। सर्वोच्च ▶▶ शेष पेज 7 पर

- राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे राजमार्ग गश्ती दल गठित करें
- आवारा कुत्तों को उसी जगह वापस नहीं छोड़ा जाना चाहिए जहां से उन्हें उठाया गया था
- न्यायमित्र द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया जाए और वह उसके आदेश का हिस्सा होगी



सुप्रीम कोर्ट परिसर में भी आवारा कुत्तों की मौजूदगी देखी गई

### मेनका गांधी बोलीं- ये तो जस्टिस पारदीवाला के जजमेंट से भी खराब

*सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर मेनका गांधी ने कहा कि ये तो जस्टिस पारदीवाला के जजमेंट से भी खराब है या उतना ही खराब है। ये एक ऐसा जजमेंट है जो हो ही नहीं सकता। जस्टिस पारदीवाल ने बोला था- आप सारे कुत्तों को उठाएं और जगह में रखें। ये जजमेंट कहता है कि आप पांच हजार कुते सब जगह से को उठाएं। इन कुत्तों को उठाने के लिए* ▶▶ शेष पेज 7 पर

### तीन राज्यों ने ही प्रस्तुत किए हलफनामे

*इससे पहले 27 अक्टूबर को शीर्ष अदालत ने स्पष्ट आदेशों के बाद भी ज्यादातर राज्य सरकारों के अनुपालन हलफनामा दायर न करने पर कड़ी टिप्पणी की थी। शीर्ष अदालत ने कहा था कि केवल पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने ही अपने हलफनामे प्रस्तुत किए थे।*

## खबर संक्षेप

### द्वारका रोडरेज के आरोपियों से पुलिस कर रही है पूछताछ

**नई दिल्ली।** द्वारका इलाके में दो नवंबर को सामने आई एक रोडरेज की घटना को लेकर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। एक आरोपी को पकड़ लिया गया है और दो अन्य की तलाश जारी है। पुलिस पकड़े गये आरोपी से पूछताछ कर रही है। इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ था। पुलिस के अनुसार घटना दो नवंबर की रात को तब हुई जब शिकायतकर्ता अपने तीन मित्रों (दो महिला मित्र) के साथ द्वारका सेक्टर 10 में गायक तलविंदर के संगीत कार्यक्रम में भाग लेने के बाद लौट रहा था। रात करीब 10:30 बजे जब उनकी कार कार्यक्रम स्थल के पास भारी ट्रैफिक से गुजर रही थी तभी कथित तौर पर वह एक अन्य कार से टकरा गयी। दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई। घटना का वीडियो सार्वजनिक हो गया। शिकायत के बाद तीन नवंबर को प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान, दूसरी गाड़ी हुंडई वरना गुरुग्राम के पते पर पंजीकृत पाई गई, लेकिन उसमें सवार कथित लोग वहां नहीं रहते थे। बाद में एक आरोपी की पहचान पुनीत के रूप में हुई। घटना में दो अन्य लोग शामिल थे। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसे इस घटना में कोई चोट नहीं आई है। बहरहाल पुलिस घटना के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### काले शीशे लगाने पर एक हफ्ते में दो हजार से अधिक के चालान कटे

**नई दिल्ली।** यातायात पुलिस ने कार पर काले शीशे लगाने पर एक हफ्ते में दो हजार से अधिक चालान काटे हैं। पुलिस ने एक बयान में कहा कि एक से छह नवंबर के बीच यातायात पुलिस ने काले शीशों के मानदंडों का उल्लंघन करने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ 2,235 चालान जारी किए। वहीं पिछले एक वर्ष की बात करें तो इस उल्लंघन के लिए लगभग 20,232 चालान जारी किए हैं। यह अधिकारियों द्वारा दिल्ली की सड़कों पर पारदर्शिता, सुरक्षा और ठीक आचरण सुनिश्चित करने के दृढ़ रुख को दर्शाता है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सत्यवीर कटारा ने कहा कि अनुमति की सीमा से अधिक काले शीशों का उपयोग न केवल मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है, बल्कि सड़क सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है।

## प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए सरकारी कार्यालयों के समय में हुआ बदलाव

# दिल्ली में अब चरणबद्ध समय पर खुलेंगे सरकार व निगम कार्यालय : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजधानी में बढ़ते वायु प्रदूषण के मद्देनज़र मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के कार्यालयों के कार्य समय में परिवर्तन का निर्णय लिया है। यह फैसला एहतियात के तौर पर प्रदूषण की समस्या से बचने के लिए उठाया गया है, ताकि सड़कों पर वाहनों का दबाव एक साथ न बढ़े और यातायात का बोझ समान रूप से विभाजित होकर प्रदूषण के स्तर को कम कर सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि (15 नवंबर 2025 से 15 फरवरी 2026 तक) दिल्ली सरकार के कार्यालयः सुबह 10:00 बजे से शाम 6:30 बजे तक और दिल्ली नगर निगम के कार्यालयः सुबह 8:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। जबकि वर्तमान में दिल्ली सरकार के कार्यालयों का समय सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक और दिल्ली नगर निगम के कार्यालयों का समय सुबह 9:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक है।

मुख्यमंत्री का यह भी कहना है कि हमारी सरकार प्रदूषण से निपटने के लिए लगातार गंभीर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में हमारी सरकार ने पहले से ही सक्रियता दिखाते हुए यह कदम उठाया है। हमारी सरकार नहीं चाहती कि समस्या के बाद उसका समाधान तलाश किया जाए।

### दिल्ली में छाई धुंध की चादर

**नई दिल्ली।** दिल्ली में इन दिनों वायु प्रदूषण का ग्राफ बढ़ा हुआ है जिससे लोगों को कई परेशानियां झेलनी पड़ रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार शुक्रवार सुबह 6 बजे तक 24 घंटे का एक्यूआई 311 रहा, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। राजधानी के मध्य और उत्तरी हिस्सों में हवा सबसे अधिक जहरीली बताई गई। वहीं आनंद विहार में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 329 दर्ज किया गया यह भी बेहद खराब श्रेणी में रखा जाता है। वहीं सीपीसीबी के अनुसार, दिल्ली के बवाना में सुबह सात बजे एक्यूआई 366 रिकॉर्ड किया गया जो सबसे ज्यादा रहा।

### दिल्ली सरकार की लापरवाही से लगातार बढ़ रहे वायु प्रदूषण से दुनिया के पर्यटक बना रहे दूरीः यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार की घोर लापरवाही की वजह से बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए दुनियाभर से आने वाले पर्यटक अब राजधानी से दूरी बना रहे है। यादव ने कहा कि खतरनाक वायु प्रदूषण दिल्ली में लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन रहा है। क्योंकि रेखा गुप्ता सरकार प्रदूषण से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि रेखा गुप्ता सरकार की राजधानी में प्रदूषण से निपटने की कोशिशों से दिल्ली वासियों को संतुष्ट न होने का मतलब साफ है कि भाजपा सरकार दिल्ली में जनता का विश्वास खो चुकी है। पिछले 12 वर्षों से सरकारें प्रदूषण नियंत्रण के लिए सिर्फ हवा में तीर चलाने का काम कर रही है। जबकि प्रदूषण कम करने के लिए विशेषज्ञों की आपत्ति के बावजूद भाजपा सरकार की एकमात्र कोशिश क्लाउड सीडिंग भी नाकाम रही। सीएम रेखा ने प्रदूषण के नाम करोड़ों रुपये बर्बाद कर डाले। जबकि इसी तरह आम आदमी पार्टी की सरकार ने स्मॉग टावर, सुपरसाईट, बायोकीकम्पोजर और ड्रोन से मिस्ट स्प्रे कराने जैसी नाकाम कोशिश करके जनता के करोड़ो रुपये स्वाह करने का काम किया है। यादव ने कहा कि पिछले 25 दिनों से दिल्ली की हवा में जहर घुलने के कारण लोग दूषित हवा में सांस लेने को मजबूर है। 14 अक्टूबर को दिल्ली में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंची थी। जिसके बाद दिल्ली में लगातार प्रदूषण का स्तर बेहद खराब श्रेणी में पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि पराली के धुएं ने राजधानी को अधिक जहरीला बना दिया है।

# धौला कुआं में यात्री से लूटपाट के आरोप में चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

धौला कुआं के पास एक यात्री से दुर्व्यवहार, लूटपाट के बाद उसे एक सुनसान जगह पर फेंकने के आरोप में पुलिस ने कार्रवाई करते हुये एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी दी कि व्यक्ति उनकी कार में सवार हुआ था। आरोपियों के नाम अमित उर्फ काकू (21), पवन (22), मनीष उर्फ चुर्री (21) और सोनम (19) हैं। सभी दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार घटना तीन नवंबर को रात करीब डेढ़ बजे की है। शिकायतकर्ता व्यक्ति इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा था। वह धौला कुआं बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रहा था तभी वहां एक निजी कार आई, जिसमें वह सवार हो गया। कार में पहले से ही एक महिला व तीन पुरुष सवार थे। पुलिस ने बताया कि यात्रा के दौरान महिला ने उसे गालियां देना और धमकाना शुरू कर दिया, जबकि अन्य लोगों ने जबरन उसका सामान छीन लिया। सामान में उसका मोबाइल फोन और डेबिट कार्ड शामिल था। आरोपियों ने बाद में कार्ड के जरिये उसके खाते से 33 हजार रुपये भी निकाल लिए। जबिक उसका फोन तोड़ दिया गया और एक सुनसान जगह पर फेंका गया था। शिकायत के बाद पुलिस ने एनएच-48, वसंत कुंज रोड और महिपालपुर इलाकों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिससे एक संदिग्ध कार की पहचान करने में मदद मिली। प्राथमिक जांच से पता चला कि कार लोकेश गुप्ता के नाम पर पंजीकृत थी, जिसने इसे अमित उर्फ काकू को किराए पर दिया था। छापेमारी में अमित और मनीष को गिरफ्तार किया गया, जिन्होंने पवन और सोनम की संलिप्तता का खुलासा किया। चारों को घटना के 48 घंटों के भीतर उनके घरों से दबोचा गया। आरोपियों के पास से 18 हजार रुपये नकद और अपराध में प्रयुक्त कार जब्त की गई है। विजय एन्क्लेव निवासी कैब चालक अमित का नौ आपराधिक मामलों में संलिप्तता का इतिहास है। पुलिस ने बताया कि उसी इलाके की निवासी सोनम को नाबालिग रहते हुए डकैती के चार मामलों में सुधार गृह भेजा जा चुका है।

### चाकू के बल पर लूटपाट करने वाले दो दबोचे

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के आनंद पर्वत इलाके में एक व्यक्ति पर हमला और चाकू के बल पर लूटपाट करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के नाम पवन उर्फ पव्वा (24) और पंकज (19) है। दोनों आनंद पर्वत इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार चार नवंबर की रात साढ़े 10 बजे काम के बाद पीड़ित के अपने घर लौटते समय यह घटना हुई। पीड़ित को रास्ते में तीन लोगों ने रोक लिया और उनमें से एक व्यक्ति ने कथित तौर पर चाकू दिखाकर उसे धमकाया। जबकि दूसरे ने उसे थप्पड़ जड़ दिए। पुलिस उपायुक्त (मध्य) निधिन वलसन के अनुसार तीसरे आरोपी ने पीड़ित से दो हजार रुपये नकद और मोबाइल फोन लूट लिया। इसके बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पवन और पंकज को अपर आनंद पर्वत में गोल पार्क के पास से पांच नवंबर को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने हर्ष नाम के एक अन्य साथी के साथ मिलकर जल्दी पैसा कमाने के लिए लूट की योजना बनाई थी। हर्ष फिलहाल फरार है और उसे ढूंढने तथा चोरी की गई संपत्ति बरामद करने के प्रयास जारी हैं।

# भारत का संविधान विश्व के सबसे जीवंत संविधानों में से एकः न्यायमूर्ति गोयल

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली

युवा संगठन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक युवा संवाद 'विमर्श 2025' का उद्घाटन शुक्रवार को कमला नेहरू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में हुआ। इस वर्ष का विषय "संविधानः भारत की आत्मा" है, जिसके अंतर्गत युवा, शिक्षाविद् और विचारक एक साथ आए ताकि भारत के संवैधानिक मूल्यों और उसकी जीवंत भावना पर विचार किया जा सके।

मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता पूर्व न्यायधीश,न्यायमूर्ति ए.के. गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का संविधान विश्व के सबसे जीवंत संविधानों में से एक है, जिसमें शासन का ढांचा ही नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन भी समाहित है। उन्होंने युवाओं से संविधान के मूल्यों को अपने आचरण का हिस्सा बनाने का आग्रह किया। उद्घाटन सत्र की शुरुआत कविंदर तालियान द्वारा की गई, जिन्होंने युवा के उद्देश्य और उसकी यात्रा का परिचय दिया। विमर्श संयोजक डॉ. प्रतिभा त्यागी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया। कैंपस क्रॉनिकल का वार्षिक पत्रिका 'संविधान – द सोल ऑफ भारत' का लोकार्पण किया। प्रो. डॉ. पवित्रा भारद्वाज (प्राचार्या, कमला नेहरू कॉलेज) ने युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रेरित किया और कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे देश की आत्मा है।



■ कमला नेहरू कॉलेज में तीन दिवसीय वार्षिक युवा संवाद 'विमर्श 2025' का उद्घाटन

### स्कूटी सवार दादा पोती को कार ने उड़ाया, पोती की मौत

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर इलाके में शुक्रवार को एक स्कूटी को कार ने टक्कर मार दी। स्कूटी सवार दादा पोती हादसे में घायल हो गये। दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां सातवीं कक्षा में पढ़ने वाली किशोरी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बच्ची के दादा के पैरों में चोटें आई है। पुलिस हादसे को अंजाम देने वाली कार की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को आदर्श नगर पुलिस स्टेशन में एक रोड एक्सीडेंट के बारे में पीसीआर कॉल आई। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि घायल लड़की को पहले ही फोर्टिस हॉस्पिटल, शालीमार बाग ले जाया गया था, जहां बाद में चोटों की वजह से उसकी मौत हो गई। मृतक बच्ची की पहचान मानवी पाल पुत्री राजेश पाल निवासी मकान नंबर 209, गली नंबर 4, रामेश्वर नगर, आजादपुर के रूप में हुई है। वह मॉडल टाउन के डीएवी स्कूल क्लास सात की स्टूडेंट थी। शुरुआती जांच में पता चला कि बच्ची अपने दादा मीर सिंह के साथ एक इलेक्ट्रिक स्कूटी पर घर लौट रही थी। दोपहर करीब 2:30 बजे रोड नंबर 51 पर, पवन अचार वाले के सामने, एक अनजान गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी। मीर सिंह को भी पैर में मामूली चोटें आई हैं। पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### प्लास्टिक के गोदाम में लगी आग

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के टिकरी कलां स्थित पीवीसी मार्केट में प्लास्टिक सामान के एक गोदाम में गुरुवार रात आग लग गई। अग्निशमन अधिकारियों ने शुक्रवार को जानकारी दी। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने के बाद दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर भेजी गई थी। लगभग पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तड़के तीन बजे तक आग पूरी तरह बुझा दी गई थी। बड़ी मात्रा में ज्वलनशील प्लास्टिक सामग्री गोदाम में रखे होने के कारण आग बुझाने के अभियान में दमकलकर्मियों को चुनौतियों का सामना करना पड़ा।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मलूक चंद चौहान** निवासी मकान नं. 1818, वाई ब्लॉक, मंगोलपुरी, एन ब्लॉक, उत्तर पश्चिम, दिल्ली ने सी.सी. संख्या 4149/2021 धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम थाना जाफरपुर कलां, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मलूक चंद चौहान** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मलूक चंद चौहान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि सी.सी. संख्या 4149/2021 धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम थाना जाफरपुर कलां, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मलूक चंद चौहान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **19.12.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री अमित राणा,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एन.आई एक्ट) डिजीटल कोर्ट–10**
**कोर्ट नं. 507, पांचवा तल, अ–बी विंग**
**द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/14877/DW/2025


# चलती मर्सिडीज कार में लगी आग महिला और बच्चा बाल बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

साउथ ईस्ट जिले के गोविंदपुरी इलाके में चलती मर्सिडीज कार में अचानक आग लग गई। पुलिसकर्मियों की बहादुरी और त्वरित कार्रवाई के चलते कार में सवार महिला और बच्चा बाल बाल बच गये। आला अधिकारियों द्वारा भी पुलिसकर्मियों की त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना की है।

पुलिस के अनुसार गुरुवार शाम करीब 5:37 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को एक मर्सिडीज-बेंज कार के बारे में एक संकटकालीन कॉल मिली। कॉलर ने बताया कि तारा अपार्टमेंट क्रॉसिंग के पास लाल बत्ती पर खड़ी होने के दौरान अचानक आग लग गई थी। ईआरवी और बीट स्टाफ के एएसआई रतन लाल मीणा के नेतृत्व में एक टीम कांस्टेबल राहुल और यातायात कर्मियों के साथ तुरंत मौके पर पहुंच गई। साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए टीम ने कालकाजी एक्सटेंशन के पॉकेट 8 निवासी 38 वर्षीय महिला और उसके 5 वर्षीय बच्चे को भीषण आग की लपटों से तुरंत बचाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। टीम ने दिल्ली जल बोर्ड से पानी का एक टैंकर तुरंत मंगवाकर आग पर काबू पाया। महिला ने समय पर हस्तक्षेप करने और अपनी और अपने बच्चे की जान बचाने के लिए दिल्ली पुलिस के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया।



# पत्नी की हत्या को आत्महत्या का रूप देने वाला 15 साल बाद अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने महिंद्रा पार्क इलाके में पत्नी की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने शव के पास सुसाइड नोट लिखकर रख दिया था। इसे 15 साल बाद गिरफ्तार किया गया है। आरोपी नरोत्तम प्रसाद की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित हो चुका था। पुलिस से बचने के लिए वह गुजरात में एक फैक्ट्री में बतौर मैनेजर कार्यरत था। डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार इसे इंस्पेक्टर मनमीत मलिक के नेतृत्व वाली एसआई जय कुमार, एसआई रितेश कुमार, एसआई राजीव और एएसआई कृष्ण पाल की टीम ने पकड़ा। दरअसल 31 मई 2010 को महेंद्र पार्क पुलिस को जहांगीरपुरी इलाके के एक घर से दुर्गंध आने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो घर बंद पाया। दरवाजा खोलने पर फर्श पर एक 25 वर्षीय महिला का शव सड़ी गली अवस्था में पड़ा हुआ था। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला। महिला का पति फरार पाया गया। उसे भगोड़ा घोषित कर गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया। अब इसे वडोदरा, गुजरात से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि शादी के कुछ समय बाद ही पति पत्नी के बीच मतभेद हो गए थे। इसलिए उसने गला घोंटकर पत्नी की हत्या कर दी। उसी ने जांच को भटकाने के लिए एक फर्जी सुसाइड नोट भी लिखा था।


**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक में फेज–1 में स्थापित सीसीटीवी कैमरों का वार्षिक रखरखाव + 1 कार्य। | 06.11.2025 13.11.2025 | रु. 80.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/40094/I/88/7 दि. 07.11.25

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | 944 – सेक्टर–12 बूस्टर वार्ड नं. 13 एम.सी. सोनीपत में चारदिवारी के निर्माण मिट्टी भराई और आईपीबी टाइल्स बिछाने हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 14.11.2025 | रु. 62.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8920303926 ee2mcs@gmail.com |
| 2 | नगर निगम सोनीपत | 1087 – एम.सी. सोनीपत के अधिकार-क्षेत्र के तहत वार्ड नं. 10 में सिक्का कॉलोनी और अन्य स्थानों में विभिन्न गलियों के पुनर्निर्माण हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 12.11.2025 | रु. 58.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8920303926 ee2mcs@gmail.com |
| 3 | नगर निगम सोनीपत | 978 – एम.सी. सोनीपत के तहत वार्ड नं. 4 में विभिन्न सीवर लाइनों की गाद निकालने के लिए आकलन + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.11.2025 | रु. 135.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8920303926 ee2mcs@gmail.com |
| 4 | नगर निगम सोनीपत | 947 – एम.सी. सोनीपत के तहत वार्ड नं. 8 में गांव राई की फिरनी के साथ-साथ साइड ड्रेन के निर्माण हेतु आकलन + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.11.2025 | रु. 54.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8920303926 ee2mcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/80/40087/I/88/7 दि. 07.11.25


## उपराज्यपाल सक्सेना ने दी कार्रवाई को मंजूरी

# कोचिंग सेंटर हादसा मामले में फायर विभाग के दो अधिकारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली कोचिंग सेंटर हादसे में तीन छात्रों की दुखद मृत्यु पर कड़ा एक्शन लेते हुए फायर विभाग के ग्रुप ए के दो अधिकारियों को निलंबित करने को मंजूरी दे दी है। इन अधिकारियों पर अपने कर्तव्य में लापरवाही बरतने, घटना के बाद तथ्यों को छिपाने के गंभीर आरोप लगे। यह दर्दनाक हादसा जुलाई 2024 में मानसून के दौरान कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से हुई तीन छात्रों की मौत का है। जांच में अधिकारियों की लापरवाही सामने आई, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। राजनिवास सचिवालय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार एलजी वीके सक्सेना ने जुलाई 2024 में ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित राउज आईएएस स्टडी सर्कल के बेसमेंट में तीन छात्रों की दर्दनाक मौत के मामले पर एक्शन लिया है। एलजी ने फायर विभाग के ग्रुप ए के डिविजनल ऑफिसर वेद पाल और असिस्टेंट डिविजनल ऑफिसर उदयवीर सिंह को निलंबित करने को मंजूरी दे दी हैं। इन दोनों पर ड्यूटी के दौरान लापरवाही और तथ्यों को छिपाने के आरोप में तत्काल निलंबित कर दिया गया है। राजनिवास की तरफ से बताया गया कि यह कार्रवाई सीसीएस (सीसीए) नियम 1965 के नियम 18 के साथ नियम 14 के तहत की गई है। अब आगे की कार्रवाई के लिए मामला नेशनल कैपिटल सिविल सर्विस अथॉरिटी (एनसीसीएसए) को भेजा जाएगा। जानकारी अनुसार इस हादसे में 27 जुलाई 2024 को दिल्ली में भारी बारिश के चलते ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित राउज आईएएस स्टडी सर्कल के कोचिंग सेंटर की बेसमेंट लाइब्रेरी में लबालब पानी भर गया था। पानी में डूबने से उत्तर प्रदेश की श्रेया यादव , तेलंगाना की तन्या सोनी और केरल के नेविन डेल्विन की दम घुटने से मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर दिल्ली में बड़ा बवाल हुआ था। एलजी सक्सेना खुद घटना स्थल पर गए थे और प्रदर्शनकारी छात्रों से मिलकर उचित कार्रवाई का भरोसा देकर आए थे। बाद में जिला मजिस्ट्रेट (सेंट्रल) की जांच ने उनकी लापरवाही को साबित किया। जिसमें घटना की जांच में सामने आया कि वेद पाल और उदयवीर सिंह ने जुलाई 2024 में फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट जारी करने के लिए निरीक्षण तो किया था। किंतु बेसमेंट को लाइब्रेरी के रूप में अवैध उपयोग की जानकारी छिपाई। दोनों ने अवैध लाइब्रेरी की बात दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को भी नहीं बताई। इसके चलते 9 जुलाई को गलत तरीके से सर्टिफिकेट जारी हो गया जो बारिश में इस दर्दनाक हादसे का प्रमुख कारण बना।




### बैंक डकैतियों में शामिल मामू गैंग का सरगना गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने बैंक डकैतियों में शामिल मामू गैंग के सरगना को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी का नाम कमरुल्ला उर्फ मामू (51) बताया गया है। आरोपी कर्नाटक में दर्ज बैंक डकैती के तीन बड़े मामलों में वांटेड था। इसके खिलाफ कोर्ट ने गैर जमानती वारंट भी जारी किया हुआ था। गैंग बैंक की जासूसी करने और बैंक लूटने के लिए आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल करता था।

डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार जानकारी मिली थी कि कर्नाटक और महाराष्ट्र में कई बैंक डकैतियों में वांटेड डकैत कमरुल्ला गिरफ्तारी से बचने के लिए फल विक्रेता बनकर महावीर एन्क्लेव पार्ट 3 में रह रहा है। एक टीम का गठन किया गया। टीम ने 60 फुटा रोड, उत्तम नगर, महावीर एन्क्लेव के पास जाल बिछाया। कुछ देर बाद आरोपी मौके पर आया और टीम ने उसे दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि गिरोह का मुख्य सदस्य है जिसे अंडरवर्ल्ड की भाषा में मामू गैंग के नाम से जाना जाता है। जांच में पता चला कि यह गिरोह फल बेचने का नाटक करता है। वह दिन में बाजार की भीड़ में घुल मिल जाते हैं, जबकि टारगेट बैंकों की चुपके से निगरानी करते हैं। आने जाने वालों पर नजर रखते थे। शिफ्ट का समय नोट करते हैं और दिखाई देने वाले सुरक्षा कमजोरियों का पता लगाते हैं। रात के अंधेरे में गैंग इकट्ठा होता था और खास औजारों से वारदात करने के बाद दूसरे राज्यों में चला जाता था।


**सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड**
CIN: L65999DL1985PLC019846
**पंजीकृत कार्यालय** : ई–253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज नई दिल्ली–110092 Phone: +011-22731509
Email: info@sidhmanagement.in Website: www.sidhmanagement.in

**30 सितम्बर 2025 को समाप्त द्वितीय तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणाम**

निदेशक मण्डल ने ऑडिट कमेटी की अनुशंसा पर, 07 नवम्बर 2025 को आयोजित उनकी बोर्ड बैठक में 30 सितम्बर 2025 को समाप्त द्वितीय तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों को अनुमोदित किया।

वित्तीय परिणामों के साथ–साथ सीमित समीक्षा रिपोर्ट, कम्पनी की वेबसाइट पर पोस्ट किये गये हैं और नीचे उपलब्ध करवाए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके अथवा लिंक से देखे जा सकते हैं।

यह जानकारी कम्पनी की वेबसाइट : www.sidhmanagement.in पर और स्टॉक एक्सचेंजेज वेबसाइट : www.msei.in पर भी उपलब्ध है। यह कम्पनी के वेबसाइट लिंक : https://www.sidhmanagement.in/Financial%20Information.html पर भी उपलब्ध है।

क्यूआर कोड :

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 07.11.2025

बोर्ड के आदेशानुसार
सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/–
दिनेश शर्मा
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
डीआईएन : 07526355

# प्रगति के पथ पर
# वंदे भारत की रफ्तार!



## 4 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन

- बनारस – खजुराहो
- लखनऊ – सहारनपुर
- फिरोजपुर – दिल्ली
- एरणाकुलम – बेंगलुरु

**का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ**

## नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
द्वारा



### मुख्य विशेषताएं

- 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंचने में 140 सेकंड का समय
- बेहतर हीट वेंटिलेशन और समान वितरण के लिए एयर कंडीशनिंग डक्ट
- कवच (ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली) से लैस
- आनंदपूर्ण, आरामदायक, शांत और सुरक्षित सफ़र
- टच-फ्री सुविधाओं वाले बायो वैक्यूम शौचालय
- दिव्यांगजनों के लिए विशेष शौचालयों की व्यवस्था एवं ब्रेल लिपि में सूचनाएं
- प्रत्येक कोच में इंफोटेनमेंट सिस्टम
- सभी कोचों में अग्निशमन सुरक्षा के बेहतर उपाय
- सभी कोचों में आपातकालीन लाइटिंग, इमरजेंसी विंडो और टॉक बैक यूनिट

### लाभ

क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा | यात्रा समय में कमी | यात्रियों को आधुनिक, आरामदायक और कुशल यात्रा विकल्प | क्षेत्रीय विकास, पर्यटन और आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा

### गरिमामयी उपस्थिति

**आनंदीबेन पटेल**
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

शनिवार, 08 नवम्बर, 2025 | प्रातः 08:00 बजे | बनारस, उत्तर प्रदेश

## भारतीय रेल

DD NEWS

हमें फॉलो करें

# वंदे मातरम केवल गीत नहीं, यह भारत की आत्मा की धड़कन: लक्ष्मीकांत बाजपेयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाज़ियाबाद

**वंदे मातरम के 150 वर्ष पर भव्य राष्ट्रभक्ति समारोह आयोजित**

मातरम केवल गीत नहीं, यह भारत की आत्मा की धड़कन है। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने शुक्रवार को यहां कही। वह राष्ट्रगीत “वंदे मातरम” के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा भारत माता चौक, शालीमार गार्डन में भव्य सांस्कृतिक एवं राष्ट्रभक्ति आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, यह भारत की आत्मा की धड़कन और सांस्कृतिक चेतना का केंद्र है। इसने स्वतंत्रता संग्राम में मातृभूमि के प्रति भावनाओं को जन-जन तक पहुंचाया।



## वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी अपनाएं

उन्होंने कहा कि आवश्यकता यह है कि हम वंदे मातरम को केवल कार्यक्रमों में नहीं, बल्कि अपने जीवन की कार्य-शैली में भी शामिल करें। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रगौरव और सांस्कृतिक स्वाभिमान का पुनरुत्थान हो रहा है। आज हम सभी को वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि इस तरह के आयोजन आने वाली पीढ़ियों में राष्ट्रप्रेम का संस्कार बोने का माध्यम है। भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि राष्ट्रभक्ति हमारी संस्कृति और जीवन का स्वभाव है।

पूर्व महापौर आशु वर्मा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की प्रतिमा एवं राष्ट्रगीत के रचनाकार बंकिम चंद्र चटोपाध्याय के चित्र पर मालार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रसिद्ध गायिका इमोना विक्टर एवं गायक विक्टर द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियों ने वातावरण को उत्साह और उमंग से भर दिया। बच्चों और युवा कलाकारों द्वारा की गई प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

मुख्य संयोजन में सरदार सिंह भाटी, कालीचरण पहलवान एवं रवि भाटी का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### लड़ाई झगड़े में पांच आरोपी पकड़ाएं



**फरीदाबाद।** थाना खेड़ीपुल की टीम ने कार्रवाई करते हुए लड़ाई झगड़े के एक मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि धर्मराज निवासी भोपाल कॉलोनी फरीदाबाद ने पुलिस को शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि 31 अक्टूबर की रात को जब वह काम से घर आ रहा था तो रास्ते में बीरू ने उसे रूकने का इशारा किया। जब वह उसके कहने से रूका तो जिशान ने उसके सिर पर वार किया, जिसके बाद 4-5 और लोगो ने उसके साथ लाठी डंडो से

### नाबालिग से गलत काम किया, आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर साथ ले जाने व गलत काम करने के मामले में पुलिस चौकी संजय कॉलोनी की टीम ने आरोपी को काबू किया है। संजय कॉलोनी फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी नाबालिग लड़की 14 जुलाई 2024 को बिना बताए घर से कहीं चली गई थी। जिस शिकायत पर थाना मुजेसर में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### बेलदार कर्मचारी यूनियन के चुनाव संपन्न



**फरीदाबाद।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की इकाई वाटर सप्लाई यूनियन व बेलदार कर्मचारी यूनियन के चुनाव संपन्न सर्वसम्मति से करवाया गया चुने गए पदाधिकारियों वाटर सप्लाई यूनियन के प्रधान देवीचरण शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान शशि प्रकाश, सचिव रामरतन कर्दम, कोषाध्यक्ष महेश शर्मा, उपप्रधान वीरेन्द्र, उपप्रधान डॉ. वेद प्रकाश शर्मा, सलाहकार योगराज, आडिटर राजबीर, सह सचिव तुलाराम, प्रचार सचिव ठाकुर विक्रम सिंह, प्रेस सचिव नरेश शर्मा, संगठन सचिव सतीश, कार्यकारिण सदस्य राजेन्द्र कवर सिंह, मुकेश चुने गए।

### बल्लभगढ़ में आयोजित किया गया जिला स्तरीय कार्यक्रम

# वंदे मातरम के शब्दों में निहित है देशभक्ति साहस और एकता की भावना: विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि वंदे मातरम आज भी देशवासियों, देशप्रेमियों और देशभक्तों की भावनाओं को प्रेरित और प्रबल बनाने वाला गीत है, जो भारत की एकता और गौरव का प्रतीक है। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन अटल ऑडिटोरियम बल्लभगढ़ में किया गया। जिसमें बल्लभगढ़ विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज देशभर में भव्य समारोहों का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का नेतृत्व किया। राज्य स्तर पर मुख्य समारोह हरियाणा में आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया।

**खास बातें**

- राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे
- स्कूली छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुत किए मनमोहक नृत्य



## देशभक्ति और एकता के रंगों में रंगा बल्लभगढ़

दोनों कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण ऑनलाइन माध्यम से देश के सभी जिलों में किया गया, जिससे लाखों नागरिक इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बने। जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्जित करके किया गया। कार्यक्रम में वंदे मातरम गीत के रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इसमें उनके जीवन के जुड़े प्रसंगों का उल्लेख किया गया है। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं द्वारा देश भक्ति के गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति गई। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा ने राष्ट्रगीत की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डाला। 1870 के दशक में हमारे राष्ट्रगीत वंदे मातरम की रचना की गई थी, देशप्रेम, त्याग और एकता की भावना को सशक्त बनाता है। विधायक श्री शर्मा ने बताया कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात वर्ष 1950 में आयोजित संविधान सभा के अधिवेशन में वंदे मातरम को राष्ट्रगीत के रूप में औपचारिक स्वीकृति प्रदान की गई।

# श्री खाटू श्याम मित्र मंडल ने मनाया वार्षिकोत्सव, आध्यात्मिक आनंद में डूबे भक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

श्री खाटू श्याम मित्र मंडल द्वारा शुक्रवार को आयोजित 21वें वार्षिक उत्सव के मौके पर अंबेडकर नगर स्थित नेहरू युवा केन्द्र में भव्य संकीर्तन एवं वार्षिकोत्सव श्री श्याम भजनांजली कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उत्सव की पूर्व संध्या गुरुवार को आयोजित बाबा श्याम की मेंहदी और राधा माधव संकीर्तन ने सभी श्याम भक्तों को भक्ति और रंगों के संगम में डुबो दिया।

मेंहदी कार्यक्रम में भक्तों ने बाबा श्याम की विशेष मेंहदी अपने हाथों में लगाई और भक्ति भाव में डूबकर मन को आध्यात्मिक आनंद से भर लिया। यह कार्यक्रम केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भक्तों के लिए आध्यात्मिक अनुभव और सामाजिक मेलजोल का अवसर भी बन गया। इस मौके पर भक्तजन उत्साह और श्रद्धा के साथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था के चेयरमेन ए के तिवारी अध्यक्ष सौरभ गर्ग, मीडिया प्रभारी सौरभ जायसवाल, अमित अरोड़ा, रामकृपाल शर्मा, दीपक अग्रवाल, मुकेश बंसल, विजय गर्ग, जितेंद्र यादव, राजा ओबेरॉय, के. के. स्वामी सुखविंदर सिंह सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सवा करोड़ के विकास कार्यों का विधायक मूलचंद शर्मा ने किया शुभारंभ

**बल्लभगढ़।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा पं. मूलचंद शर्मा ने शुक्रवार को बल्लभगढ़ क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए वार्ड 41, वार्ड 45, वार्ड 46 और पूर्वी चावला कॉलोनी को लगभग 1 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत की विकास योजनाओं की सौगात दी। इन योजनाओं के तहत क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए दाना पानी पार्क सेक्टर 3 से अग्रसेन बूस्टर तक नई पानी की पाइप लाइन डाली जाएगी। इसके अलावा ऊंचा गांव बूस्टर से हरिविहार बूस्टर तक पानी की नई लाइन जोड़ी जाएगी। साथ ही सेक्टर-3 में 3 नए ट्यूबवेल लगाए जाएंगे ताकि नागरिकों को स्वच्छ और



पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। यह कार्य निगम द्वारा कराया जाएगा। विधायक पं.मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है और लोगों की बुनियादी जरूरतों पानी, सड़क, सीवरेज, पार्क आदि को पूरा करने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी जनता की सुविधा के लिए कई और विकास कार्यों की योजनाएं तैयार की जा रही हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, वार्ड 41 से पार्षद महेश गोयल, वार्ड 45 से पार्षद किरण बाला, नॉमिनेट पार्षद योगेश शर्मा, वार्ड 46 से पार्षद सोनू वैष्णव, निगम के एसडीओ अमित चौधरी, पूर्व पार्षद हरप्रसाद गौड़, मंडल अध्यक्ष विपिन त्यागी, सीएम विंडो एमिनेंट सदस्य अरुण द्विवेदी, सीएम एमिनेंट सदस्य पवन कुमार, सुनील शास्त्री, जयप्रकाश मास्टर सहित बड़ी संख्या में कालोनी व सेक्टरवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने विधायक पंव मूलचंद शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

## ठगी करने के मामले में खाता उपलब्ध करवाने वाला धराया

**फरीदाबाद।** टेलिग्राम टास्क के नाम पर 4,01,901 रुपए की ठगी करने के मामले में खाताधारक व खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने काबू किया है। सुनपेड फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसे टेलिग्राम के माध्यम से एक ग्रुप से जोडा गया, जहां उसे कुछ टास्क पूरा करके पैसे कमाने बारे कहा गया। कुछ प्रीपेड टास्क करने के लिए दिये गये जिन टास्क के लिए उसने 4,01,901 रुपए ठगों के बताए गए खाता में भेजे। टास्क कम्पलीट होने के बाद जब उसने पैसे निकालने की कोशिश की तो उससे प्रोसेंसिंग फीस के नाम पर और पैसो की डिमांड की गई।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला (एचएसएसपीपी) | जीएसएसएस खाई शेरगढ़ में एचएमआर, साईस लैब, कार्यालय और रैम्प जीएसएसएस पंजुआना में कार्यालय, साइंस, कम्प्यूटर, गतिविधि कक्ष, टूटी हुई/आंशिक चारदिवारी तथा जीएसएसएस नागोकी, ब्लॉक बरागुढा, जिला सिरसा में चारदिवारी का निर्माण (द्वितीय बार आमंत्रण) समय सीमा : 9 माह + 1 कार्य। | 04.11.2025 12.11.2025 | रु. 210.27 लाख | www.hsspp.in | 9463239081 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/40114/1/88/7 दि. 07.11.25


वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण, भाजपा फरीदाबाद ने जगाई राष्ट्रभक्ति की नई लौ

# वंदेमातरम भारत की आत्मा और स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा का प्रतीक है : मंत्री गुर्जर

## हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्र गीत वंदेमातरम का वाचन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि वंदेमातरम् सिर्फ एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा का प्रतीक है। इसकी रचना महान साहित्यकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने 1870 के दशक में की और रवींद्रनाथ टैंगौर ने इसे पहली बार सार्वजनिक रूप से गाया था, यह गीत उस दौर में भारतीयों में देशभक्ति की भावना जगाने वाला सबसे सशक्त माध्यम बना।



इसके बाद यह गीत स्वतंत्रता संग्राम का स्वर बन गया। आजादी की लड़ाई के दौरान कई वीर सपूतों ने वंदेमातरम गाते हुए फांसी का फंदा चूमा। यह गीत हमारे राष्ट्र के हर कोने में आजादी का संदेश लेकर गूंजता था और आजादी के बाद वंदेमातरम को राष्ट्रगीत का दर्जा दिया गया और यह भारत की एकता, अस्मिता और गौरव का प्रतीक बन गया। भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद द्वारा जिला कार्यालय अटल कमल पर जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल के नेतृत्व में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भारत के गौरव, एकता और स्वतंत्रता के प्रतीक राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ बड़ी धूमधाम से देशभक्ति की भावना के साथ मनाई गई। इस ऐतिहासिक अवसर पर उपस्थित लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्र गीत वंदेमातरम का वाचन किया। पूरा परिसर भारत माता के जयकारों और देशभक्ति गीतों से गूंज उठा।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 84 BNSS देखिए )

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तगण (1) मौहम्मद सुहैल पुत्र मौहम्मद हामिद (2) सहनाज उर्फ नन्ही पत्नी मौहम्मद सुहैल निवासीगण बी-200, जेजे कालोनी, वजीरपुर, नई दिल्ली ने केस एफआईआर नं. 322/2025 दिनांक 03.07.2025 अन्तर्गत धारा 115(2)/351(3)/64(2)/140(3)/3(5) बीएनएस व 6 पॉक्सो एक्ट और 75 जेजे एक्ट थाना गोविन्द पुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्तगण (1) मौहम्मद सुहैल (2) सहनाज उर्फ नन्ही मिल नही रहे है, और मुझे समाधानाप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्तगण (1) मौहम्मद सुहैल (2) सहनाज उर्फ नन्ही फरार हो गये है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. 322/2025 दिनांक 03.07.2025 अन्तर्गत धारा 115(2)/351(3)/64(2)/140(3)/3(5) बीएनएस व 6 पॉक्सो एक्ट और 75 जेजे एक्ट थाना गोविन्द पुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्तगण (1) मौहम्मद सुहैल (2) सहनाज उर्फ नन्ही से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 08.12.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अंकिता लाल
एएसजे (एससी-पॉक्सो)
साकेत न्यायालय, नई दिल्ली

DP/14873/SE/2025
(Court Matter)



[illegible]


नव सृजन चैरिटेबल ट्रस्ट रामलीला मैदान के जानकी भवन में आयोजन होगा

# श्रीमद्भागवत गीता के भक्ति योग अध्याय पर आधारित दिव्य एवं ज्ञानवर्धक प्रवचन का आयोजन 9 नवंबर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नव सृजन चैरिटेबल ट्रस्ट रविवार को श्रीमद्भागवत गीता के भक्ति योग अध्याय पर आधारित दिव्य एवं ज्ञानवर्धक प्रवचन करेगा। कविनगर रामलीला मैदान के जानकी भवन में होने वाले इस आयोजन का विषय श्रीमद्भागवत गीताः भक्ति योग प्रवचन रहेगा और मुख्य वक्ता दिनेश कुमार अपने मधुर वचनों द्वारा गीता के भक्ति मार्ग के गूढ़ रहस्यों को सरल शब्दों में प्रस्तुत करेंगे।

प्रवचन प्रातः 7.30 बजे से 9.30 बजे तक होगा। यह सत्संग हमारे जीवन को ईश्वर.भक्ति, आत्मचिंतन और सद्गुणों से ओत-प्रोत करने का एक अनमोल अवसर है। अतः सभी धर्म प्रेमी अपने मित्रों और परिवार के साथ इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर श्रीकृष्ण के उपदेशों से जीवन को आलोकित करें। उन्होंने कहा कि अध्यायवार गीता सारांश का वर्णन करते हुए कहा कि अध्याय 1 का अर्थ जीवन में एकमात्र समस्या गलत सोच है।

सभी समस्याओं का अंतिम समाधान है। अध्याय 3 का अर्थ निःस्वार्थता ही प्रगति और समृद्धि का एकमात्र मार्ग है। अध्याय 4 का अर्थ हर कर्म को पूजा का रूप दिया जा सकता है। अध्याय 5 का अर्थ व्यक्तिगत अहंकार का त्याग कर अनंत में आनंद पाना है। अध्याय 6 का अर्थ प्रतिदिन उच्च चेतना से जुड़ना है। अध्याय 7 का अर्थ जो कुछ भी सीखा है, उसे जीवन में उतारना है। अध्याय 8 का अर्थ स्वयं से कभी भी हार ना मानना है। अध्याय 9 का अर्थ अपने आशीर्वादों का मूल्य समझना, अध्याय 10 का अर्थ चारों ओर ईश्वर की उपस्थिति को अनुभव करना, अध्याय 11 का अर्थ सत्य को उसी रूप में देखने के लिए पर्याप्त समर्पण रखना है। अध्याय 12 का अर्थ अपने मन को परमात्मा में लगाना, अध्याय 13 का अर्थ माया से दूर होकर दिव्यता से जुड़ना, अध्याय 14 का अर्थ अपने दृष्टिकोण के अनुरूप जीवनशैली अपनाना, अध्याय 15 का अर्थ ईश्वर को सर्वोच्च प्राथमिकता देना, अध्याय 16 का अर्थ अच्छा होना अपने आप में एक पुरस्कार होना, अध्याय 17 का अर्थ प्रिय के बजाय उचित को चुनना व अध्याय 18 का अर्थ सब कुछ छोड़ कर ईश्वर से एकता बढ़ाना है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में जुलाना में बागनवाला से पोंखेरी खेड़ी तक नये रोड का निर्माण (रोड आईडी 12483) (बकाया कार्य)। | बंद होने की तिथि 15.11.2025 | 20.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 2 | जिला परिषद अम्बाला | वीएएनजीवाई नारायणगढ़ :- गांव लालपुर ब्लॉक नारायणगढ़ में बाल्मिकी मंदिर के निकट पंचायत भूमि में आयरन शैड का निर्माण + 6 कार्य। | 04.11.2025 10.11.2025 | 66.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712975281 ZPEXENAMBALA@GMAIL.COM |
| 3 | जिला परिषद अम्बाला | वीएएनजीवाई ब्लॉक अम्बाला-1, गांव बारा ब्लॉक अम्बाला-1 में इंडियन बैंक से लोनिवि रोड तक नाला का निर्माण - अम्बेडकर पार्क का सौन्दर्यीकरण, गांव बारा ब्लॉक अम्बाला-1 जिला अम्बाला + 1 कार्य। | 04.11.2025 10.11.2025 | 21.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712975281 ZPEXENAMBALA@GMAIL.COM |
| 4 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव नयागांव जीपी गोठड़ा मोहब्बताबाद ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में बारात घर की चारदिवारी और टीन शैड का निर्माण, एचजीवीवाई + 3 कार्य। | 06.11.2025 14.11.2025 | 110.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज करनाल | गांव साग्गा ब्लॉक नीलोखेड़ी में पीएम श्री जे.एन.वी. में शिवालिक जूनियर सदन में टॉयलेट की मरम्मत और गांव साग्गा ब्लॉक नीलोखेड़ी में पीएम श्री जे.एन.वी. में शिवालिक सीनियर सदन में टॉयलेट की मरम्मत। | 01.11.2025 11.11.2025 | 11.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव स्टौंडी ब्लॉक मुनक जिला करनाल में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण हेतु कच्चा लागत आकलन + 1 कार्य। | 04.11.2025 12.11.2025 | 97.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचकेएम जीएमसी, नूह में डीजी सैट्स समेत अग्निशमन और विद्युत प्रणाली के सीएमसी हेतु निविदा। | 10.11.2025 24.11.2025 | ईएमडी 4.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- आटो मार्केट (बूटा राम कॉलोनी) में नये आईपीएस अर्थात पम्पिंग मशीनरी का निर्माण, पम्प चेम्बर, चारदिवारी का निर्माण, 315 मिमी ओ/डी एचडीपीई मेन बिछाना, आरसीसी संग्रहण टैंक और मौजूदा आईपीएस बाल भवन के संवर्धन समेत आर.सी.सी. संग्रहण टैंक का निमाण, चारदिवारी, पम्प चेम्बर का निर्माण, मौजूदा एम.एच. से संग्रहण टैंक तक 400 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप बिछाना, आरसीसी स्क्रीन चेम्बर का निर्माण और मौजूदा प्वाइंट से मौजूदा मेन होल चेम्बर नत्तार रोड सिरसा तक 315 मिमी एचडीपीई राइजिंग मेन का विस्तार और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 04.11.2025 14.11.2025 | 123.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 9 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- सिरसा कस्बा में नई अनुमोदित की गई कॉलोनियों में 200 मिमी, 250 मिमी, 300 मिमी एसडब्ल्यू पाइप और 400 मिमी, 500 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप सीवर का प्रावधान व बिछाना और मैनहोल चेम्बर का निर्माण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य (डीएनआईटी राशि 1170.12 लाख) | 04.11.2025 26.11.2025 | 1170.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 10 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- 3 माह की अवधि के लिए जैटिंग कम सक्शन और ग्रैब मशीन कम्पलीट सैट का प्रचालन और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 04.11.2025 11.11.2025 | 7.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 11 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | ऐलनाबाद कस्बा :- आकार 150.00×30.00×4.00 मी. और 60.00×60.00×4.00 मी. के 2 अदद एस/एस टैंक का निर्माण। जलघर में 4.50 एमएलडी डब्ल्यूटीपी, जलघर और पम्पिंग स्टेशन हेतु पम्पिंग मशीनरी का निर्माण और बूस्टिंग स्टेशन नं. 4 और बूस्टिंग स्टेशन नं. 5 में आरसीसी स्वच्छ जल टैंक, पम्प चेम्बर, चारदिवारी, बूस्टिंग स्टेशन को भरने के लिए पम्पिंग मशीनरी, डी.आई.जी. राइजिंग मेन और वितरण पाइप लाइन का निर्माण, एफएचटी कनेक्शन, एस/एस टैंकों की मरम्मत और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य (डब्ल्यूटीपी की एक वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि का प्रचालन और रखरखाव, 5 वर्ष का ओ एवं एम तथा 3 माह की ट्रायल रन अवधि)। | 04.11.2025 26.11.2025 | 1041.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/220/40134/I/88/7 दि. 07.11.25


## 'वंदे मातरम्' भारत की है आत्मा और 140 करोड़ भारतीयों की एकता : गुप्ता

# 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पर दिल्ली में जगह जगह हुए आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पर दिल्ली में जगह जगह आयोजन हुए। इसे लेकर दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विशेष समारोह को संबोधित करते हुए कि 'वंदे मातरम्' एक ऐसा कालजयी राष्ट्रगीत है जो प्रत्येक भारतीय को मातृभूमि की भावना से जोड़ता है। 'वंदे मातरम् किसी राजनीति, धर्म या क्षेत्र का नहीं, यह 140 करोड़ भारतीयों की एकता, गौरव और भावना का प्रतीक है।'

इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा में 'वंदे मातरम्' की पूर्ण रचना अंकित स्मृति पट्टिका का अनावरण किया गया तथा पूरी दिल्ली विधानसभा भवन को तिरंगे के रंगों से आलोकित किया गया, जो भारत की एकता और गौरव का प्रतीक है। कार्यक्रम में दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, विधायक संजय गोयल, कर्नैल सिंह, डॉ. अनिल गोयल तथा चन्दन कुमार चौधरी सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का क्षण है, जो हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और आदर्शों की याद दिलाता है।



### हमारे युवा भारत की ताकत और भविष्य : सूद

हमारे देश के युवा भारत की ताकत, भारत का अनुशासन और भारत का भविष्य हैं। जब बंकिमचंद्र चटर्जी ने 'वंदे मातरम्' लिखा था, तब वह उस भारत को आवाज़ दे रहे थे जो गुलामी की अंधेरी रात छोड़कर नई सुबह की तलाश में था। इस गीत में हिम्मत, क्रांति और एकता की भावना थी। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शुक्रवार को एनसीसी निदेशालय, दिल्ली द्वारा 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने पर वॉर मेमोरियल के पास, केजी मार्ग पर आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यह संबोधन दिया। इस अवसर पर उन्होंने एनसीसी अधिकारियों और कैडेट्स को संबोधित कर युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया तथा वंदे मातरम् के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर कैडेट्स के साथ अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर कार्यक्रम में एनसीसी के वरिष्ठ अधिकारी तथा कैडेट भी उपस्थित थे।

### एनडीएमसी ने वंदे मातरम् का सामूहिक गायन कार्यक्रम किया आयोजित

वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने शुक्रवार सुबह एनडीएमसी मुख्यालय, कार्यस्थल कार्यालयों, बाजारों, आवासीय कॉलोनियों, अस्पतालों, औषधालयों और स्कूलों सहित अपने सभी प्रतिष्ठानों में वंदे मातरम का सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किए। वंदे मातरम का मुख्य स्मरणोत्सव कार्यक्रम, एनडीएमसी मुख्यालय - पालिका केंद्र में आयोजित किया गया, जहाँ एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने प्रतिष्ठित ध्वज स्तंभ के पास वंदे मातरम के सामूहिक गायन का नेतृत्व किया। सभी विभागाध्यक्षों (एचओडी) और सैकड़ों कर्मियों ने देशभक्ति के उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया और भारतीयों की पीढ़ियों को प्रेरित करने वाले राष्ट्रगीत के प्रति अपनी आवाज एकजुट की।

### वंदे मातरम् को 24 जनवरी 1950 को मिला राष्ट्रीय गीत का दर्जा : सचदेवा

वंदे मातरम् का गायन हमें एक सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है और इसी के चलते भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम के सामूहिक गान से होती है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शुक्रवार को यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि बंकिम चन्द्र चैटर्जी रचित वंदे मातरम् को पहली बार 7 नवम्बर 1875 को गाया गया था और 24 जनवरी 1950 को इसे राष्ट्रीय गीत का दर्जा मिला। दिल्ली भाजपा के कार्यालय में एक विशेष बैठक करके वंदे मातरम् का सामूहिक स्मृति गायन हुआ जिसमें दिल्ली भाजपा की सह प्रभारी डॉ. अल्का गुर्जर, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद एवं प्रदेश महामंत्री योगेन्द्र चांदोलिया, सांसद एवं प्रदेश मंत्री बांसुरी स्वराज, उपाध्यक्ष एवं विधायक गजेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग, कार्यालय मंत्री बृजेश राय के साथ बड़ी संख्या में उपस्थित प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी और कार्यालय कर्मी सम्मिलित हुए।

## दिल्ली नगर निगम शिक्षा के क्षेत्र में ला रहा क्रांति : महापौर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम आज शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति ला रहा है और हमारे विद्यालयों में गुणवत्ता शिक्षा की दिशा में निरंतर सुधार हो रहा है। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली नगर निगम प्राइमरी स्कूल की वेब एप के भव्य शुभारंभ के अवसर पर यह बात कही।

इस अवसर पर वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा 'स्कूल चले हम' अभियान की भी शुरुआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, उप महापौर जय भगवान यादव, तथा शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अमित खड़खड़ी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा (एडवोकेट) ने की और कहा कि इस वेब एप के माध्यम से दिल्ली नगर निगम के स्कूलों को डिजिटल क्रांति से जोड़ा गया है।

उन्होंने बताया कि इस एप से अभिभावक अपने बच्चों की प्रगति रिपोर्ट देख सकेंगे तथा विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार सीखने की गतिविधियों में भाग ले सकेंगे। उपाध्यक्ष अमित खड़खड़ी ने किया और कहा कि यदि हम सब मिलकर बच्चों के भविष्य को संवारने का प्रयास करें, तो निश्चित रूप से देश प्रगति की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के विज़न को साकार करेगा। आयुक्त अश्विनी कुमार ने शिक्षा विभाग को बधाई देते हुए कहा कि आज निगम शिक्षा विभाग नई तकनीक के साथ विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### लगातार दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह रही सर्द, दिल्ली में पारा 12.7 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

**नई दिल्ली।** लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को दिल्ली की सुबह सर्द दर्ज हुई। गुरूवार की तरह ही दिल्ली में न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.6 डिग्री कम है। वहीं दिल्ली में सबसे कम न्यूनतम तापमान लोधी रोड 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 0.9 डिग्री नीचे है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने अनुमान जताया है कि शनिवार को तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तक दर्ज हो सकता है। वहीं वीकेंड यानी रविवार को यह गिरकर सिंगल डिजिट यानी 9 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज हो सकता है। तापमान में गिरावट के साथ ही दिल्ली में सुबह के समय कोहरा देखने को मिलेगा। लेकिन दिन के समय आसमान साफ सुथरा होगा। जिसके चलते अधिकतम तापमान 27-28 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज हो सकता है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में सर्दी बढ़ेगी।

### आवारा कुत्तों का मामला : गोयल ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत किया है और इसे एक बड़ा और ऐतिहासिक फैसला बताया है। उन्होंने निर्णय को लेकर कहा कि कुत्ते नहीं हटाए गए तो पर्यटन उद्योग को खतरा हो जाएगा। सार्वजनिक स्थानों में रेजिडेंट सोसाइटीज़ व अपार्टमेंट्स, सार्वजनिक पार्क, टूरिस्ट प्लेस, हवाई अड्डे, कोर्ट परिसर से भी आवारा कुत्तों को हटाया जाए। पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने बताया कि कुत्ता प्रेमी विरोध न करें बल्कि इन कुत्तों को गोद लें और शेल्टर होम में खाना खिलाएं। यह तो शुरूआत है सड़क पर कुत्तों का प्रवेश निषेध नीति होनी चाहिए जैसी विदेशों में है। आरडब्लूए ने पूर्व केंद्रीय मंत्री गोयल को बधाई दी है।

### अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर 100 स्थानों पर मिलेगा सस्ता और पौष्टिक भोजन : मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** गरीबों और आमजन को सस्ता और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए शुरुआती दौर में राजधानी के 100 स्थानों पर अटल कैंटीन खोली जाएंगी। इसके लिए स्थानों का चयन कर लिया गया है। इन कैंटीन का उद्घाटन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर किया जाएगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुने गए केंद्रों के संचालन की जिम्मेदारी चयनित संस्थाओं को सौंपी जा रही है। इसके लिए एक अंतर-विभागीय समिति द्वारा स्थान चयन, मेन्यू, वितरण प्रणाली और प्रबंधन ढांचे आदि की अनुशंसाओं को लागू किया गया है। मेन्यू में दाल- चावल, सब्जी व रोटी का प्रावधान किया गया है। हर स्थल पर सुबह-शाम 500- 500 थाली परोसी जाएगी। मुख्यमंत्री के अनुसार भोजन की क्वालिटी कायम रखने के लिए सरकार सब्सिडी अदा कर रही है।

### बाबा साहेब के सपने को पूरा कर रही दिल्ली सरकार : रविन्द्र इन्द्राज

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब के सपने को पूरा कर रही है। दिल्ली सरकार के एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज में शुक्रवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर के नाम पर बने सभागार के लोकार्पण के अवसर पर यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन बाबा साहब ने अपनी औपचारिक शिक्षा शुरू की थी। ऐसे शुभ दिन पर यह उद्घाटन शिक्षा के उस पवित्र स्थल पर हुआ है जो आने वाली पीढ़ियों को बाबा साहब के विचारों, संघर्षों और सिद्धांतों से परिचित कराएगा। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि आने वाली पीढ़ियां यहां से न केवल शिक्षा प्राप्त करेंगी, बल्कि बाबा साहब के विचारों को जानेंगी, समझेंगी और उन्हें आगे बढ़ाएँगी।







# पृथ्वीराज एसएसएमबी 29 में कुम्भा के किरदार में आएंगे नजर

**मुंबई।** एसएस राजामौली की मच अवेटेड आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' से अब अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन का लुक सामने आया है। साथ ही मेकर्स ने उनके किरदार के नाम की भी घोषणा कर दी है। मेकर्स ने शुक्रवार को पृथ्वीराज सुकुमारन का लुक रिवील किया है। फिल्म की अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की है। इसमें पृथ्वीराज सुकुमारन एक व्हील चेयर जैसी एक कुर्सी पर बैठे हैं, जो एक रोबोट मालूम पड़ती है। क्योंकि इसके पीछे से रोबोट की तरह हाथ निकले हुए हैं। पृथ्वीराज इस कुर्सी पर काले रंग का सूट पहने हुए बैठे हैं। वो कैमरे की ओर काफी गुस्से से देख रहे हैं। उनको देखकर ऐसा लग रहा है, जैसे वो पैरालाइज्ड हैं। इसके साथ ही उनके किरदार का नाम भी सामने आया है। उनके किरदार का नाम 'कुम्भा' है। इसको शेयर करते हुए प्रियंका ने कैप्शन में लिखा है, 'उठिए और कुम्भा' से मिलिए।

## लाइफ Style



# जान्हवी

## पेद्दी का पहला गाना चिकिरी-चिकिरी रिलीज

संगीतकार एआर रहमान और गायक मोहित चौहान द्वारा तैयार किया गया गाना 'चिकिरी-चिकिरी' रिलीज हो गया है। यह सॉन्ग राम चरण और जान्हवी कपूरी की आगामी फिल्म पेद्दी का है। इसमें अभिनेता के अनोखे डांस और जान्हवी कपूर के ठुमके दर्शकों का ध्यान खींच रहे हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

'चिकिरी चिकिरी' गाने के वीडियो में साउथ अभिनेता राम चरण को शानदार हुक स्टेप करते हुए देखा जा सकता है। एक्टर के लंबे बाल, दाढ़ी और अलबेले डांस स्टेप्स दर्शकों का ध्यान खींच रहा है। इस गाने में जान्हवी कपूर की बात की जाए तो वो बिल्कुल बेफिक्र अंदाज में दिख रही हैं। उनके डांस मूव्स नेटिजंस को आकर्षित कर रहे हैं। 'चिकिरी चिकिरी' गाने में एआर रहमान ने संगीत दिया है। वहीं इसे आवाज दी है मोहित चौहान ने। गायक के सुरीली आवाज ने इस गाने को और भी खास बना दिया है, जिससे ये एक बेहतरीन म्यूजिकल ट्रैक बन गया है। यह फिल्म 27 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को सभी भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

'पेद्दी' में राम चरण और जान्हवी कपूर के अलावा दिव्येंदु शर्मा, शिव राजकुमार और जगपति बाबू भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन बुचि बाबू सना द्वारा किया जा रहा है। वहीं इस फिल्म का निर्माण सुकुमार राइटिंग्स, मैत्री मूवी मेकर्स और टी-सीरीज द्वारा हो रहा है। वहीं इसे वृद्धि सिनेमाज के बैनर तले संयुक्त रूप से तैयार किया जा रहा है। फिल्म में ऑस्कर विजेता ए.आर. रहमान संगीत तैयार कर रहे हैं, रत्नवेलु छायांकन, कोल्ला अविनाश कला निर्देशन और नवीन नूली संपादन का काम संभाल रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# एआई की वजह से एग्जाम में हो गई फेल

**लॉस एंजिल्स।** एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) का क्रेज समय-समय के साथ-साथ बढ़ता जा रहा है। ऑफिस के काम करने से लेकर पढ़ाई करने तक, कई कामों में यह काफी उपयोगी है। हालांकि, रियलिटी स्टार किम कार्दशियन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर एक ऐसा खुलासा किया है, जो लोगों को हैरान कर रहा है। उन्होंने बताया कि कैसे चैटजीपीटी ने उन्हें लॉ की पढ़ाई के दौरान टेस्ट में फेल करवाया। किम ने बताया है कि वह लीगल सलाह के लिए ओपनएआई के चैटबॉट चैटजीपीटी का इस्तेमाल करती हैं। वह अक्सर कानूनी सवालों की तस्वीरें खींचकर चैटजीपीटी पर अपलोड करती हैं। हालांकि, इसके बाद भी चैटजीपीटी उनका भरोसेमंद स्टडी पार्टनर साबित नहीं हुआ।



# 'किंग ऑफ पॉप' की बायोपिक माइकल का टीजर रिलीज

लॉस एंजिल्स। 'किंग ऑफ पॉप' माइकल जैक्सन का कॅरियर भले ही विवादों से घिरा रहा हो, लेकिन इतना तो जरूर है कि दुनिया में उन जैसा ना कोई था, ना कोई है और ना ही कभी कोई होगा। 29 अगस्त 1958 में पैदा हुए माइकल की 25 जून 2009 को 50 साल की उम्र में मौत हो गई। अब निधन के 16 साल बाद माइकल जैक्सन पर बायोपिक आ रही है, नाम है 'माइकल', जिसका टीजर रिलीज हो गया है। दिलचस्प बात यह है कि माइकल जैक्सन के भतीजे जाफर जैक्सन इस फिल्म में अपने चाचा 'किंग ऑफ पॉप' का किरदार निभा रहे हैं। माइकल जैक्सन की यह बायोपिक अगले साल 2026 में रिलीज होने वाली है। 29 साल के जाफर जैक्सन खुद भी एक सिंगर, डांसर और एक्टर हैं। वह माइकल जैक्सन के भाई जर्मेन जैक्सन के बेटे हैं। फिल्म के टीजर की शुरुआत एक रिकॉर्डिंग बूथ से होती है, जहां हमें युवा माइकल दिखते हैं। एक आवाज उनसे कहती है, 'मुझे पता है कि आप इसका लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।' 'माइकल' फिल्म में माइल्स टेलर, वकील जॉन ब्रैंका की भूमिका निभा रहे हैं। पिछले दिनों एंडी कोहेन के टॉक शो में उन्होंने स्वीकार किया कि बचपन में वे माइकल के 'बहुत बड़े फैन' थे।



# चार साल बाद रूसी फिल्म से करेंगी वापसी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा बत्रा अब बॉलीवुड नहीं, बल्कि एक रूसी फिल्म से कमबैक कर रही हैं। शुक्रवार को पूजा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर रूसी फिल्म 'द मैजिक लैंप' की खास झलक शेयर की है। पूजा ने अपनी नई रूसी फिल्म 'द मैजिक लैंप' के सेट से कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। उन्होंने इस फिल्म का हिस्सा बनने की खुशी जताई और कहा कि कला और फिल्मों की कोई सीमा नहीं होती। तस्वीरों के साथ उन्होंने लिखा कि इस प्रोजेक्ट में काम करके उन्हें बहुत मजा आया। पूजा ने फिल्म निर्माता जो राजन के साथ मिलकर एक अंग्रेजी लघु फिल्म 'इकोज ऑफ अस' भी बनाई है। यह फिल्म प्रेम, दुख और मानवीय रिश्तों की कहानी है, जिसमें कथित तौर पर सलमान खान की एक्स गर्लफ्रेंड यूलिया वंतूर हैं। यह यूलिया की पहली फिल्म है।



# 42 साल की उम्र में दिया बेटे को जन्म

**मुंबई।** बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा कपल में से एक कटरीना कैफ और विक्की कौशल अब माता-पिता बन गए हैं। कटरीना ने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया है, जो बेटा है। खुद कपल ने अपने चाहने वालों के साथ इस गुड न्यूज को शेयर किया है। विक्की कौशल और 42 वर्षीय कटरीना ने अपने-अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में एक ग्रीटिंग कार्ड सा है, जिस पर एक बच्चा बना हुआ है और बड़ा सा बेबी बॉय लिखा हुआ है। इस पर लिखा है, 'हमारी झोली खुशियों से भर गई है। बड़े प्यार और दुलार से हम अपने बेबी बॉय का स्वागत करते हैं।' इसके साथ ही विक्की कौशल ने कैप्शन में सिर्फ ब्लेस्ड लिखकर रेड हार्ट इमोजी और ओम बनाया है। कटरीना कैफ ने 23 सितंबर 2025 को अपनी प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी।

## टीवी मसाला



# 12.50 लाख के सवाल पर अटकी कंटेस्टेंट 2 लाइफ लाइन भी नहीं आईं काम

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के 6 नवंबर के एपिसोड में महाराष्ट्र की कंटेस्टेंट को हॉटसीट पर बैठने का मौका मिला। वे स्टेट लेवल का ब्यूटी कॉन्टेस्ट जीत चुकी हैं। उन्होंने नेशनल लेवल पर अपने राज्य को रीप्रेजेंट भी किया है। अमिताभ बच्चन भी उनकी प्रतिभा से इंप्रेस नजर आए। उन्होंने शुरुआती 10 सवालों के जवाब देने के लिए सिर्फ एक लाइफ लाइन का इस्तेमाल किया। कंटेस्टेंट 5 लाख रुपए के 10वें सवाल पर किसी लाइफ लाइन का इस्तेमाल नहीं किया था। सवाल है- 'प्रथम खो को विश्व कप 2025 के फाइनल में, भारतीय पुरुष और महिला, दोनों टीमों ने किस टीम को हराकर अपना-अपना खिताब जीता?' विकल्प हैं- ए. नेपाल बी. केन्या सी. ऑस्ट्रेलिया डी. ईरान। उन्होंने विकल्प ए. नेपाल को चुना, जो सही है। कंटेस्टेंट से अमिताभ ने 12.50 लाख रुपए का सवाल किया, जो स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा है। सवाल है- 'किस स्वतंत्रता सेनानी की मृत्यु स्वतंत्रता संग्राम में योगदान के लिए एक बम का परीक्षण करते समय हुई थी?' विकल्प हैं- ए. भगवती चरण वोहरा बी. सचिंद्र नाथ सान्याल सी. राजेंद्र लाहिरी, डी. सचिंद्र बक्षी। कंटेस्टेंट ने जवाब देने के लिए अपनी दोनों लाइफ लाइन 50-50 और संकेत सूचक का इस्तेमाल किया, लेकिन इससे उन्हें ज्यादा फायदा नहीं पहुंचा। हालांकि, उन्होंने विकल्प सी. राजेंद्र लाहिरी पर ताला लगाने के कहा, जो गलत साबित हुआ। इसका सही जवाब विकल्प ए. भगवती चरण वोहरा है। कंटेस्टेंट 5 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं।

## इस वीकेंड बनेगा एक्शन, थ्रिल और ड्रामा से खास

नई दिल्ली। वीकेंड नजदीक आते ही ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर नई कंटेंट की बौछार हो गई है। राजनीतिक ड्रामा से सुपरहीरो एक्शन, रोमांस से फैमिली ड्रामा तक... इस हफ्ते नेटफ्लिक्स, प्राइम वीडियो, जीयोहॉटस्टार, सोनी लिव और जी5 जैसी सर्विसेज पर वैरायटी से भरपूर रिलीज आ रही हैं। मार्वल के 'द फैंटास्टिक फोर: फर्स्ट स्टेप्स' से लेकर ह्यूमा कुरैशी की 'महारानी सीजन 4' तक, ये कलेक्शन बिंज-वॉचिंग मूड को परफेक्टली सूट करेंगे। हुमा कुरैशी 'रानी भारती' के रोल में लौट गई हैं। सोनी लिव 'महारानी सीजन 4' आ गया है। 90s की घटनाओं पर बेस्ड यह पॉलिटिकल थ्रिलर में रानी प्रधानमंत्री को चैलेंज करती है, बिहार की सत्ता हासिल करने के लिए स्ट्रैटेजी अपनाती है। द फैंटास्टिक फोर- फर्स्ट स्टेप्स: बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली मार्वल की यह फिल्म अब डिजिटल पर आ गई। पेड्रो पास्कल और वैनसा किर्बी स्टारर में चार हीरोज, रीड रिचर्ड्स, सू स्टॉर्म, जॉनी स्टॉर्म और बेन ग्रिम गैलेक्टस नामक बुरे एलियन से धरती बचाते हैं। नेटफ्लिक्स 7 नवंबर को जैकब एलोर्डी और ऑस्कर आइजैक स्टारर फिल्म 'फ्रैंकनस्टीन' लॉन्च हो गया है।




# प्रसिद्ध मॉडल, एक्ट्रेस और इंटीरियर डिजाइनर थीं जरीन

**मुंबई।** संजय खान की पत्नी जरीन कटरक का 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रही थीं। शुक्रवार की सुबह मुंबई स्थित अपने आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। जरीन के परिवार में उनके पति और बच्चे सुजैन खान, सिमोन अरोड़ा, फराह अली खान और जायेद खान हैं। वो ऋतिक रोशन की एक्स वाइफ सुजैन खान की मां थीं। जरीन हिंदी फिल्मों में भी दिखाई दीं, जिनमें तेरे घर के सामने (1963) जैसी फिल्में शामिल थीं, जहां उन्होंने देव आनंद के साथ काम किया था। जरीन कटरक एक प्रसिद्ध मॉडल, एक्ट्रेस और इंटीरियर डिजाइनर थीं जिन्होंने 1960 और 1970 के दशक में अपनी पहचान बनाई। अपनी सुंदरता और संतुलन के लिए जानी जाने वाली, वह उन शुरुआती चेहरों में से एक थीं जिन्होंने भारत के फैशन को आकार देने में मदद की। जरीन हिंदी फिल्मों में भी दिखाई दीं, जिनमें तेरे घर के सामने (1963) जैसी फ़िल्में शामिल थीं, जहां उन्होंने देव आनंद के साथ काम किया था। हालांकि, संजय खान से अपनी शादी के लिए भी वो जानी जाती थीं।



### जरीन और संजय खान की शादी

दोनों ने 1960 में शादी कर ली और बॉलीवुड में सबसे ग्लैमरस जोड़ियों में से एक बन गए। अपने जीवन की चकाचौंध के बावजूद, जरीन ज़्यादातर लाइमलाइट से दूर रहीं और अपने परिवार और घर पर ध्यान दिया। वह सुजैन खान, जायेद खान और फैशन डिज़ाइनर फराह खान अली की मां भी हैं। सार्वजनिक पहचान से परे, जरीन को उनकी सुंदरता, कला और बिजनेस के बीच शालीनता बनाए रखने के लिए भी सराहा गया।

### सुजैन खान ने मां को किया विश

2021 में, सुजैन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी मां के जन्मदिन पर उनके साथ तस्वीरें शेयर कीं। सुजैन ने लिखा, 'मजबूत महिलाएं पीड़ित नहीं बनतीं, वे खुद को दयनीय नहीं दिखातीं। उनके दिलों में तूफान आ सकता है, फिर भी उनकी मुस्कान प्यार और क्षमा से भरी होती है। बात यह है कि वे जीवन से बेहद प्यार करती हैं और समझती हैं कि शिकायत करने लायक कुछ भी नहीं है। मेरी मम्मी, आप शालीनता और शक्ति की प्रतिमूर्ति हैं। मैं आपकी बहुत आभारी हूं। जन्मदिन मुबारक हो मां, आप मेरी सबसे पसंदीदा इंसान हैं। हमने यह सब आपसे सीखा है।'

# द फैमिली मैन 3 का ट्रेलर देख उत्साहित हुए फैंस

**मुंबई।** श्रीकांत तिवारी वापस आ रहे हैं। मनोज बाजपेयी की लोकप्रिय और सुपरहिट वेब सीरीज 'द फैमिली मैन' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। एक बार फिर श्रीकांत तिवारी अपनी टीम के साथ एक नए मिशन पर निकले हैं। हालांकि, इस बार कहानी में कई ट्विस्ट और नए एंगल देखने को मिलेंगे। फैंस इस सीरीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। द फैमिली मैन' राज और डीके द्वारा निर्मित व निर्देशित है। यह 21 नवंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगा। एक यूजर ने 'द फैमिली मैन 3' के ट्रेलर की तारीफ की है। यूजर ने कहा कि 'द फैमिली मैन' इकलौती भारतीय सीरीज है, जिसने कभी निराश नहीं किया। एक अन्य यूजर ने नए सीजन की कास्ट की तारीफ करते हुए लिखा कि इस बार सीरीज और भी बड़े स्तर पर नजर आ रही है। जयदीप अहलावत और मनोज बाजपेयी की टक्कर का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। कुछ नेटिजेंस ने सीजन 3 को पिछले दोनों सीजन से बड़ा और अधिक खतरनाक बताया है। दर्शकों का कहना है कि यह सीजन सबसे अलग होने वाला है। मनोज बाजपेयी को देखकर दर्शक उत्साहित हैं और उनके काम की तारीफ कर रहे हैं।



## बंकिमचंद्र चटर्जी ने वंदे मातरम गीत की रचना 7 नवंबर 1875 को की थी

# इन फिल्मों में अलग-अलग अंदाज में सुनाई दिया राष्ट्रगीत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' को 150 वर्ष पूरे हो गए हैं। 7 नवंबर को देशभर में इसका जश्न मनाया गया। इस गीत की रचना बंकिमचंद्र चटर्जी ने 1875 में 7 नवंबर को अक्षय नवमी के शुभ अवसर पर की थी। यह गीत चटर्जी के उपन्यास आनंदमठ में पहली बार दिखाई दिया था। कई चर्चित फिल्मों में भी 'राष्ट्रीय गीत' अलग-अलग अंदाज में सुनने को मिला है।

### आनंद मठ

आमतौर पर देशभक्ति फिल्मों या किसी फिल्म के देशभक्ति वाले दृश्यों को फिल्माते वक्त राष्ट्र गीत वंदे मातरम को बैकग्राउंड में बजाया जाता रहा है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने वंदे मातरम को लिखा, जिसके बाद इसमें धीरे-धीरे बदलाव देखा गया। बदलाव की यह शुरुआत बॉलीवुड में भी समय के साथ देखी गई। सबसे पहले 'वंदे मातरम' गीत को साल 1952 में आई फिल्म 'आनंद मठ' में लता मंगेशकर ने गाया, जिसकी धुन को एक नए धागे में हेमंत कुमार ने पिरोया।

### कभी खुशी कभी गम

शाहरुख खान, ऋतिक रोशन, काजोल, करीना कपूर, अमिताभ बच्चन, जया बच्चन, रानी मुखर्जी अभिनीत यूं तो यह एक फैमिली ड्रामा फिल्म है, मगर इसमें भी 'वंदे मातरम' गीत सुनाई दिया। यह गाना ऐसे पल पर सुनने को मिला कि दर्शक न सिर्फ भावुक हो गए, बल्कि देशभक्ति की भावना उमड़ उठी। इस फिल्म में उषा उत्थुप और कविता कृष्णमूर्ति ने यह गीत गाया।



### फाइटर

ऋतिक रोशन, अनिल कपूर और दीपिका पादुकोण अभिनीत फिल्म 'फाइटर' में भी 'द फाइटर एंथम' के रूप में वंदे मातरम सुनने को मिला। यह एक देशभक्ति एक्शन फिल्म है।

### मां तुझे सलाम

साल 1997 में ए.आर. रहमान के प्रतिष्ठित और व्यापक रूप से लोकप्रिय गैर-फिल्मी एल्बम ट्रैक में 'वंदे मातरम' टाइटल ट्रैक के रूप में पेश किया गया।

### ऑपरेशन वैलेंटाइन

मानुषी छिल्लर और वरुण तेज अभिनीत यह फिल्म साल 2024 में रिलीज हुई थी। इसमें सुखविंदर सिंह द्वारा गाया गया 'वंदे मातरम' गीत सुनने को मिला। इसके अलावा साल 2019 में आई 'इंडियाज मोस्ट वॉन्टेड' फिल्म में भी राष्ट्रगीत बजा। पापोन, अल्तमश फरीदी और अमित त्रिवेदी द्वारा गाए गए गीत का वर्जन शामिल किया गया।

### सलाकार

इसी साल आई हिंदी जासूसी फिल्म 'सलाकार' में भी 'वंदे मातरम' काफी अलग लेकिन रोचक अंदाज में सुनने को मिला। सूर्य शर्मा, नवीन कस्तूरिया और मौनी रॉय अभिनीत यह फिल्म अगस्त में रिलीज हुई थी।

### एबीसीडी 2

साल 2015 में आई इस फिल्म में 'वंदे मातरम' को इसके साउंडट्रैक में शामिल किया गया। इसे काफी अलग, लेकिन दिलचस्प अंदाज में पेश किया गया है।

### ऑपरेशन वैलेंटाइन

मानुषी छिल्लर और वरुण तेज अभिनीत यह फिल्म साल 2024 में रिलीज हुई थी। इसमें सुखविंदर सिंह द्वारा गाया गया 'वंदे मातरम' गीत सुनने को मिला। इसके अलावा साल 2019 में आई 'इंडियाज मोस्ट वॉन्टेड' फिल्म में भी राष्ट्रगीत बजा। पापोन, अल्तमश फरीदी और अमित त्रिवेदी द्वारा गाए गए गीत का वर्जन शामिल किया गया।

### रोमियो अकबर वाल्टर


साल 2019 में आई जॉन अब्राहम अभिनीत इस फिल्म में 'वंदे मातरम' को सोनू निगम ने सुरीली आवाज में गाया। इस स्पाई थ्रिलर फिल्म में राष्ट्र गीत के इस वर्जन को बतौर साउंडट्रैक इस्तेमाल किया गया।

### वंदे मातरम फिल्म

साल 1985 में राष्ट्रीय गीत के नाम पर एक तेलुगु फिल्म बनाई गई। टी. कृष्णा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विजयशांति और डॉ. राजशेखर लीड रोल में नजर आए।

**खबर संक्षेप**

## आजम खान, अखिलेश यादव से मिले



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आज़म खान शुक्रवार को पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से मिलने उनके लखनऊ स्थित आवास पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात राजनीतिक रूप से अहम रही। आज़म खान के साथ उनके बेटे भी बैठक में मौजूद थे। दोनों के बीच करीब 45 मिनट बैठक हुई। आज़म के अखिलेश से मुलाकात से लखनऊ में हलचल तेज हो गई है।

## पुलिस विभाग के 13 अधिकारियों का तबादला

**लोहरदगा।** जिले में पुलिस विभाग के स्तर पर बड़े पैमाने पर पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है।



लोहरदगा पुलिस अधीक्षक द्वारा छह नवंबर को जारी जिलादेश संख्या 1458/2025 में जिले के 13 पुलिस पदाधिकारियों के कार्यस्थलों में बदलाव किया गया है। डीसीबी तैनात अजीत कुमार को कुडू का नया थानेदार बनाया गया है। कुडू के थानेदार मनोज कुमार सिंह को लोहरदगा थाने में निरीक्षक के पद पर योगदान का निर्देश दिया गया है।

## स्टंटबाजों का तांडव, स्कूटी को रौंदा, छात्रा की मौत

**कानपुर।** कानपुर में नवाबगंज थानाक्षेत्र स्थित गंगा बैराज पर गुरुवार देर शाम स्पोर्ट्स बाइक सवार स्टंटबाजों की जानलेवा लापरवाही सामने आई है।



110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से स्टंटबाजी कर रहे बाइक सवारों ने स्कूटी से जा रही बीए की छात्रा को रौंद दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी सहेली गंभीर रूप से घायल है। मृतक छात्रा की पहचान शुक्लागंज, सर्वोदय नगर निवासी भाविका गुप्ता (23) के रूप में हुई है, जो डीएवी डिग्री कॉलेज में बीए थर्ड ईयर की छात्रा और एनसीसी कैडेट थी। चचेरे भाई अंकित गुप्ता ने बताया कि भाविका अपनी सहेली नेहा मिश्रा के साथ स्कूटी से गंगा बैराज घूमने जा रही थी।

# अयोध्या में रोजगार के लिए लगा मेला, कई कंपनियों में 2787 छात्रों को मिली नौकरी

अयोध्या में रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 2787 छात्रों को विभिन्न कंपनियों में नौकरी मिली। इस मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया, जिससे युवाओं को रोजगार का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

झुनझुनवाला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में गुरुवार को रोजगार मेला लगा। उद्घाटन महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने किया। सेवायोजन कार्यालय के सहयोग से आयोजित रोजगार मेला में 5187 छात्रों ने भाग लिया। इसमें 2787 छात्रों का चयन हुआ। महापौर ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

रोजगार मेला में भारत की प्रतिष्ठित कंपनी मदरसन मेट ऑटोमोटिव, कृष्णा मारुति लिमिटेड, सन वैक्यूम फार्मर्स इंडिया लिमिटेड, ऑटो काम्प कार्पोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, वराक इंजीनियरिंग लिमिटेड, टाटा गोटियन ग्रीन एनर्जी, आइबीसीसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड, आसाही इंडिया ग्लास लिमिटेड, लक्ष्मी अग्नि कंपोनेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, बीकेटी टायर्स गुजरात समेत 95 कंपनियों ने भाग लिया। मदरसन मेट आटोमोटिव में 61, कृष्णा मारुति लिमिटेड में 69, सन वैक्यूम फार्म्स इंडिया लिमिटेड में 47, आटो काम्प कार्पोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में 57, टाटा गोटिया ग्रीन एनर्जी में 67, असाही इंडिया ग्लास लिमिटेड में 63, लक्ष्मी अग्नि कंपोनेंट्स प्राइवेट लिमिटेड में 117, बीकेटी टायर्स गुजरात में 87 समेत कुल दो हजार 787 प्रतिभागियों को रोजगार मिला।

**युवाओं में खुशी की लहर**




### महापौर ने चयनित छात्रों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए

चयनित अभ्यर्थियों को आठ से लेकर 45 हजार रुपये प्रति माह के पैकेज पर कंपनियों ने आफर लेटर प्रदान किये। महापौर ने चयनित छात्रों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है। सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। संस्थान की विकास निदेशक मीनाक्षी मोदी के मार्गदर्शन में आयोजन संपन्न हुआ।

### डॉ. सरिता मिश्रा ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया

निदेशक आशुतोष त्रिपाठी, डॉ. गिरिजेश त्रिपाठी, झुनझुनवाला डिग्री कालेज की प्राचार्य डॉ. सरिता मिश्रा ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया। संचालन डॉ. अनुराधा शुक्ला के नेतृत्व में किया गया। इसमें अनूप गौर, गरुण मिश्र, सुमित उपाध्याय, अंबरीष श्रीवास्तव ने योगदान किया। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, प्रबंधक लक्ष्मीकांत झुनझुनवाला, संयुक्त प्रबंध निदेशक संजय झुनझुनवाला, केएम शुगर मिल्स के प्रबंध निदेशक आदित्य झुनझुनवाला, सहायक निदेशक सेवायोजन देवव्रत उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर अंबाला में राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का संबोधन

# वंदेमातरम राष्ट्र की आत्मा पहचान व गौरव का प्रतीक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कार्यक्रम में सीधे प्रसारण के जरिए संबोधित किया



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वंदेमातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा, धड़कन और पहचान है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को मां अम्बा की पावन धरती अम्बाला में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान नई दिल्ली में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित मुख्य उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में वंदे मातरम् की अमर भावना को नमन किया। उन्होंने राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाले समारोह का शुभारंभ किया।



### राष्ट्रीय गीत ने गुलामी की बेड़ियों में जकड़े भारतवासियों में आत्मबल, अनुशासन और त्याग की भावना जगाई



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत के स्वराज्य आंदोलन की चेतना का उदगार है। इस गीत ने गुलामी की बेड़ियों में जकड़े भारतवासियों में आत्मबल, अनुशासन और त्याग की भावना जगाई थी। उन्होंने कहा कि यह गीत वह दिव्य शक्ति है जिसने ब्रिटिश साम्राज्य को हिला दिया था और युवाओं के भीतर क्रांति की ज्योति प्रज्वलित की। अंग्रेज इस गीत से डरते थे क्योंकि इसमें हथियारों से करोड़ गुना अधिक शक्ति थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम गीत हमारी नदियों की कल-कल, खेतों की हरियाली और धरती के गौरव की गूंज है। यह शिवरात्रि की तपस्या में, वैसाखी के उल्लास में, होली के रंगों में और दीपावली के दीपों में रचा-बसा है। यह गीत हमारी एकता का अमृत मंत्र है।

### मुख्यमंत्री ने तरनतारन में गुरुद्वारा बीर बाबा बुड्ढा साहिब में माथा टेका



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को चाबल कलां तरनतारन (पंजाब) स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा बीर बाबा बुड्ढा साहिब में माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने देश और प्रदेशवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

### आप से ऊब चुकी जनता

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को पंजाब के तरनतारन जिले के चाबल कलां में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब की जनता आम आदमी पार्टी के कुशासन से अब ऊब चुकी है और जनता अब विकास व सुशासन चाहती है। मुख्यमंत्री सैनी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों पर तीखा हमला बोलते हुए उनपर कई आरोप जड़े।

## योगी सरकार ने दो साल और बढ़ाई रोड टैक्स और रजिस्ट्रेशन में छूट

*लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने इलेक्ट्रिक वीइकल खरीदने वाले ग्राहकों को राहत देते हुए रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क में मिल रही छूट को दो साल के लिए बढ़ा दिया है। योगी सरकार के इस फैसले के बाद अब यह छूट अक्टूबर 2027 तक लागू रहेगी। जिससे इलेक्ट्रिक गाड़ी खरीदने वाले ग्राहकों को बड़ी राहत मिल गई है। दरअसल यूपी सरकार में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रयासों से परिवहन विभाग ने यह निर्णय लिया है। परिवहन मंत्री ने बताया कि यह कदम प्रदेश में जीवाश्म ईंधन (डीजल, पेट्रोल) से चलने वाले वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने और स्वच्छ परिवहन प्रणाली को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। दयाशंकर सिंह ने बताया कि स्थायी और स्वच्छ गतिशीलता बनाए रखने के उद्देश्य से सरकार ने साल 2022 में उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति लागू की थी। इस नीति को 14 अक्टूबर 2022 को अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग द्वारा अधिसूचित किया गया था। वहीं हाल ही में हुई उच्च स्तरीय प्राधिकृत इलेक्ट्रिक समिति की बैठक में नीति में संशोधन किया गया है। संशोधित प्रावधानों के अनुसार, नीति के चौथे और पांचवें साल यानी 14 अक्टूबर 2025 से 13 अक्टूबर 2027 के बीच खरीदे गए इलेक्ट्रिक वाहनों पर 100 प्रतिशत पंजीकरण शुल्क और रोड टैक्स की छूट दी जाएगी।*

**नोटिफिकेशन जारी**

## यूपी में निकली होम गार्ड की 45,000 भर्ती, 10वीं पास युवाओं के लिए सुनहरा अवसर



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यह उन युवाओं के लिए एक बड़ा मौका है जो सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं। बोर्ड जल्द ही इस भर्ती प्रक्रिया के लिए विस्तृत विज्ञापन और ऑनलाइन आवेदन तिथियां जारी करेगा। उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे समय-समय पर यूपीपीबीपीबी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपडेट्स जांचते रहें।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीबीपीबी) ने राज्य में होम गार्ड के 45,000 पदों पर भर्ती के लिए शॉर्ट नोटिफिकेशन जारी किया है। यह उन युवाओं के लिए एक बड़ा मौका है जो सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं। बोर्ड जल्द ही इस भर्ती प्रक्रिया के लिए विस्तृत विज्ञापन और ऑनलाइन आवेदन तिथियां जारी करेगा। उम्मीदवारों को सलाह दी गई है ।

### शैक्षणिक योग्यता

उम्मीदवार को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके समकक्ष योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं।

### लिखित परीक्षा

- परीक्षा 100 अंकों की होगी और इसमें बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे।
- प्रश्न सामान्य ज्ञान पर आधारित होंगे।
- परीक्षा की अवधि 2 घंटे रखी गई है।
- बोर्ड ने कहा है कि लिखित परीक्षा और शारीरिक परीक्षण में सफल उम्मीदवारों की अंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी। आवेदन प्रक्रिया और परीक्षा तिथियों से जुड़ी पूरी जानकारी जल्द ही यूपीपीबीपीबी की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

### स्लीपर क्लास के 11 और जनरल के 8 कोच लगे हुए

## मुजफ्फरपुर से बेंगलुरु तक 11 और 12 नवंबर को चलेगी अमृत भारत



एजेंसी ▶▶ आरा

पूर्व मध्य रेल के द्वारा यात्रियों के भीड़ को देखते हुए मुजफ्फरपुर से चलकर आरा के रास्ते बेंगलुरु के बीच एकतरफा अमृत भारत स्पेशल चलाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 05545 मुजफ्फरपुर बेंगलुरु अमृत भारत स्पेशल जो 11 और 12 नवंबर को मुजफ्फरपुर से 21:15 बजे रवाना होकर 23 बजे पाटलिपुत्र, 23.30 बजे दानापुर, रात्रि 12:03 बजे आरा जं, 13:48 बजे बक्सर, 02.54 बजे डीडीयू रुकते हुए जबलपुर, इटारसी, नागपुर के रास्ते अगले दिन 23.50 बजे बेंगलुरु पहुंचेगी। अमृत भारत स्पेशल होने की वजह से इसमें स्लीपर क्लास के 11 और जनरल के 8 कोच लगे होंगे। बुकिंग की सुविधा यात्रियों के लिए उपलब्ध करा दी गई है।

### आस्था और लोकतंत्र का पर्व खत्म होते ही अब काम पर लौटने की जल्दी

दानापुर रेल मंडल के अंतर्गत आरा जंक्शन पर तत्काल टिकट के लिए मारामारी होने लगी है। बिहार विधानसभा चुनाव का मतदान समाप्त होते ही आरा जंक्शन पर शुक्रवार की सुबह से यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी। मतदान करने करने के बाद वापस अपने कार्य स्थल पर लौटने वाले पुलिसकर्मी, अधिकारी और आम यात्री सुबह से ही रेलवे स्टेशन पर तत्काल और वेटिंग टिकट के लिए कतार में नजर आए। गुरुवार को मतदान का दौर थमते ही शुक्रवार सुबह स्टेशन का माहौल किसी बड़े त्योहार की भीड़ जैसा दिखने लगा। सुबह 10 बजे से ही आरा रेलवे स्टेशन के आरक्षण केंद्र पर लंबी-लंबी लाइनें लगनी शुरू हो गईं। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, एसी कोच के लिए करीब 10 यात्री लाइन में थे।

### आज बनारस, खजुराहो सहित 4 ट्रेनों का शुभारंभ करेंगे

## पीएम मोदी दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे काशी, योगी ने किया भव्य स्वागत



एजेंसी ▶▶ वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार की शाम दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र काशी पहुंचे।

शाम करीब पांच बजे प्रधानमंत्री का विशेष विमान लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, बाबतपुर पर उतरा, जहां प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य तथा जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना, विधायक डॉ अवधेश सिंह, विधायक सुनील पटेल, विधायक टी राम, कमिश्नर एस. राजलिंगम, पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार सहित अन्य लोगों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। बरेका पहुंचने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया।

## पेज एक का शेष

### अमेरिका में 33 साल...

हथियारों पर नियंत्रण और निरस्त्रीकरण को बढ़ावा देना था। रूस और चीन ने 1990 और 1996 के बाद से कोई परमाणु परीक्षण नहीं किया है। जबकि भारत ने परमाणु परीक्षण पर वर्ष 1998 के बाद से रोक लगाई हुई है। एशिया के तीन देशों और भारत के दो मुख्य पड़ोसी देशों चीन और पाकिस्तान की बात करें तो भारत के पास 180, चीन के पास 600 और पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं।

### ट्रंप के बयान के...

लेकिन मेरा मानना है कि यह सभी देश शत-प्रतिशत परमाणु परीक्षण कर रहे हैं। पाकिस्तान भी परीक्षण कर रहा है, चीन, रूस और उत्तर-कोरिया भी ऐसा कर रहे हैं। जमीन में अत्यधिक गहराई में होने की वजह से ये संभव नहीं है कि आपको इन परमाणु परीक्षणों की भनक लगे। आम लोगों को भी परीक्षणों के बारे में पता नहीं चलता है। उन्हें केवल इनके बाद धरती की बाहरी सतह पर उठने वाली उच्च-आवृत्ति वाली तरंगों के माध्यम से कंपन महसूस होता है। पाकिस्तान ने अमेरिका के राष्ट्रपति के दावे को खारिज करते हुए कहा है कि पाकिस्तान पहला ऐसा देश नहीं है, जिसने परमाणु परीक्षण किया था और अब हम दोबारा इसकी शुरुआत सबसे पहले करने वाला देश भी नहीं बनेंगे।

### रूस की सेना में...

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि मंत्रालय ने देश के नागरिकों से एक बार फिर से अपील करते हुए कहा है कि वो नौकरी के ऐसे तमाम आकर्षक अवसरों की ओर ध्यान न दें। क्योंकि इससे उनकी जान को खतरा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में हमें ये पता चला है कि कुछ भारतीय नागरिकों को रूस की सेना में भर्ती किया गया है। मामले को रूसी पक्ष के समक्ष उठाते हुए हमने सभी की शीघ्र अति शीघ्र रिहाई की मांग की है। इस मुद्दे पर मंत्रालय रूस पक्ष और रूस की सेना में तैनात भारतीयों के परिजनों से संपर्क में है। पूर्व में भारत की कानून से जुड़ी हुई एजेंसियों ने मामले में एक्शन लिया है। वह लगातार इसे आगे भी बढ़ा रही हैं। ताकि लोग इस तरह के जोखिम वाले मामलों में शामिल न हों।

### भारत खरीद ...

उन्होंने बताया कि आंद्रे के साथ मुलाकात के दौरान हमारे बहुआयामी द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। इसके अलावा क्षेत्रीय, अंतरराष्ट्रीय और बहुपक्षीय घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया है।

**म्यांमार से लौटे 270 भारतीयः** रणधीर ने बताया कि म्यांमार से पिछले गुरुवार को 270 भारतीय नागरिक स्वदेश वापस लौटे हैं। यह सभी फर्जी नौकरी का झांसा देने वाले स्कैम सेंटरों के मकड़जाल में फंस गए थे। म्यांमार से इन सभी को थाईलैंड के माइसोट लाया गया और वहां से दो विमानों से ये भारत लौटे हैं। भारत ने इन सभी लोगों की स्वदेश वापसी से पहले इनके भारतीय नागरिक होने के सभी दस्तावेजों की व्यापक रूप से जांच की थी। एक बार पुष्टि होने के बाद ही इन्हें वापस लाया गया है। अभी फिलहाल कुछ और लोग भी हैं, जो थाईलैंड में हैं और वो भी देश वापस लौटेंगे। विदेश मंत्रालय और केंद्र सरकार की तमाम एजेंसियों द्वारा लगातार देश के नागरिकों को यात्रा परामर्श जारी कर इस तरह की गतिविधियों से दूर रहने की अपील की जाती रही है। क्योंकि एक बार फंसने के बाद भारी कीमत चुकानी पड़ती है। हिंसा और शोषण होता है। जिसे देखते हुए हम पुनः भारतीयों से अपील करेंगे कि वो इस तरह के नौकरी के विकल्पों पर विचार करने से पहले तथ्यों की गहन जांच-पड़ताल कर लें।

### प्रधानमंत्री मोदी का ...

जवाहरलाल नेहरू और नेता सुभाष चंद्र बोस के बीच हुए सितंबर और अक्टूबर 1937 के पत्राचार को भी सार्वजनिक किया, जिनमें नेहरू ने लिखा था कि 'वंदे मातरम' की पृष्ठभूमि कुछ मुसलमानों को असहज कर सकती है।

### विवाद की जड़...

की राजनीति में वही पुराना सवाल जीवित रखा है, "राष्ट्रभक्ति की परिभाषा कौन तय करेगा- गीत के शब्द, या उसकी भावना?"

### पकड़ी गई कालेधन...

जांच कर रही थी। जब टीम एसी कोच के पास पहुंची, तो एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। शक के आधार पर जब उसके बैग की तलाशी ली गई, तो उसमें नोटों के कई बंडल बरामद हुए। गिनती में रकम करीब एक करोड़ रुपए निकली। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मुकुंद माधव, निवासी मोकामा, जिला पटना (बिहार) बताया। उसने कहा कि वह किसी परिचित के कहने पर यह नकदी लेकर यात्रा कर रहा था, लेकिन रकम के स्रोत और गंतव्य के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। अधिकारियों को शक है कि यह धनराशि हवाला कारोबार से जुड़ी हो सकती है और इसे चुनावी खर्च के लिए भेजा जा रहा था।

### ठगों ने सांसद के...

केवाईसी अपडेट कर दी। इसके बाद 28 अक्टूबर को खाते में दर्ज मोबाइल नंबर भी बदल दिया गया, जिससे उन्हें खाते पर पूरा नियंत्रण मिल गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार निकाली गई रकम को कई अलग-अलग खातों में ट्रांसफर किया गया, एटीएम से निकाला गया और यहां तक कि सोने के गहने खरीदने में भी इस्तेमाल किया गया। अधिकारियों ने बताया कि फर्जी केवाईसी प्रक्रिया के दौरान अपराधियों ने कल्याण बेनर्जी की तस्वीर का इस्तेमाल किया। लेकिन मोबाइल नंबर किसी और का लगाया गा था।

### राहुल गांधी ने उठाया...

मंत्री के बेटे को 1,800 करोड़ की सरकारी ज़मीन मात्र 300 करोड़ में बेच दी गई, और उस पर स्टाम्प ड्यूटी भी माफ कर दी गई। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स एयर लिखा, "महाराष्ट्र में 1800 करोड़ की सरकारी ज़मीन, जो दलितों के लिए आरक्षित थी, सिर्फ़ 300 करोड़ में मंत्री जी के बेटे की कंपनी को बेच दी गई। ऊपर से स्टाम्प ड्यूटी भी हटा दी गई – मतलब एक तो लूट, और उसपर कानूनी मुहर में भी छूट! ये है 'ज़मीन चोरी', उस सरकार की, जो खुद 'वोट चोरी' से बनी है। मोदी जी, आपकी चुप्पी बहुत कुछ कहती है- क्या आप इसलिए खामोश हैं क्योंकि आपकी सरकार उन्हीं लुटेरों पर टिकी है जो दलितों और वंचितों का हक़ हड़पते हैं?"

जैसे ही मामले ने महाराष्ट्र से दिल्ली तक तूल पकड़ा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने आरोपियों के ख़िलाफ़ एफआईआर दर्ज कर जाँच के आदेश दे दिए। शुक्रवार को पुणे के एसडीओ प्रवीणा बोर्डे ने कंपनी के डायरेक्टर दिग्विजय अमरनीश पाटिल, तहसीलदार सूर्यकांत येवेले, हेमंत गवांडे, राजेंद्र रामचंद्र विध्वंस, ऋषिकेश महादेव विध्वंस, मंगल माधव विध्वंस, इंदौर के विद्यानंद अविनाश पुराणिक, मुंबई कोलाबा के शीतल किशनचंद तेजवानी सहित 9 आरोपियों के ख़िलाफ़ नामजद एफआईआर दर्ज कर दिया। जाँच भी शुरू कर दी गई।

### क्या है मामला...

बिहार चुनाव के समय ये मामला और तूल न पकड़े इसलिए स्वयं मुख्यमंत्री ने कड़ाई से इस मामले से निपटने के आदेश दिए हैं। त्वरित कार्रवाई करते हुए राज्यशासन ने पुणे सिटी के तहसीलदार सूर्यकांत येवेले को सस्पेंड कर दिया है।

### 10 दिन में 170 किमी ...

गंगा की तरह शुद्ध पवित्र बनाना है। उत्तराखंड के यमुनोत्री से निकलने वाली यमुना हरियाणा से दिल्ली और उत्तर प्रदेश आकर बेहद प्रदूषित हो जाती है। ब्रज क्षेत्र में मांस-शराब की बिक्री पर बैन, गाय को राष्ट्र माता का दर्जा, श्रीकृष्ण जन्मभूमि में भव्य मंदिर के साथ सनातन धर्म की एकजुटता जैसे मुद्दे भी उठाए जाएंगे। कथावाचक जया किशोरी भी इस मुहिम में शामिल होंगी । कवि कुमार विश्वास, द ग्रेट खली, अक्षरा सिंह, सुनील ग्रोवर जैसे कलाकार भी इस पदयात्रा में शामिल हो सकते हैं। दावा है कि इस पदयात्रा में साध्वी ऋतंभरा, चिदानंद मुनि जी, स्वामी ज्ञानानंद महाराज, राजू दास महाराज हनुमानगढ़ी, सुधांशु जी महाराज, बालक योगेश्वर दास, मृदुल कांत शास्त्री और संजीव कृष्ण ठाकुर सहित बड़े साधु संत शामिल होंगे।

### जायद खान के गले में...

रहा है कि जरीन पिछले काफी समय से उम्र से जुड़ी बीमारियों से लड़ रही थीं। उन्होंने मुंबई स्थित अपने घर पर ही आखिरी सांस ली। अपनी पूर्व सास के अंतिम संस्कार पर ऋतिक रोशन भी पहुंचे। इसके अलावा उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए जया बच्चन, काजोल, बॉबी देओल, अली गोनी, रोनित रॉय, पूनम ढिल्लों और सोनल चौहान भी पहुंचीं।

### संजय के हाथ में थी...

शर्ट, सफेद ट्राउज़र, कोल्हापुरी चप्पल और हाथ में टॉल्स्टॉय की एक किताब लिए बीच पर थे। उन्होंने बताया था कि वह धूप की वजह से झुलसी हुई थीं। उस वक्त उन्होंने ऑफ-शोल्डर टॉप और थ्री-टियर स्कर्ट पहनी हुई थी। किनारे पर टहलते हुए संजय ने उन्हें अपनी जिंदगी की कहानी सुनाई, जिसे सुनकर वह मंत्रमुग्ध हो गईं थीं।

### स्कूल, कॉलेज और...

यायालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे राजमार्ग गश्ती दल गठित करें जो सड़कों से आवारा पशुओं को पकड़कर उन्हें आश्रय गृहों में रखें जहां उनकी देखभाल की जाएगी। आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में अगली सुनवाई 13 जनवरी को होगी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि आवारा कुत्तों को उसी जगह वापस नहीं छोड़ा जाना चाहिए जहां से उन्हें उठाया गया था। वहीं, शीर्ष न्यायालय ने आदेश दिया कि न्यायमित्र द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया जाए और वह उसके आदेश का हिस्सा होगी।

### मेनका गांधी बोलीं...

आपको पचास शेल्टर चाहिए लेकिन जगह कहां हैं? अगर यह संभव होता तो हो जाता।

## चिंतन

# अब देश की रक्षा में तैनात फाइटर जेट भी होंगे स्वदेशी

पूरी दुनिया ने देखा कि आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत पाकिस्तान पर कई गुणा भारी पड़ा। पाकिस्तान के अंदर घुसकर हमारे जवानों ने आतंकी अड्डों को नष्ट कर दिया। लाहौर और रावलपिंडी तक भारतीय हमलों की गूंज सुनाई दे रही थी। हमारी ड्रोन तकनीक पाकिस्तान की चीन से ली गई वायु प्रतिरक्षा प्रणाली पर कहीं ज्यादा भारी पड़ी। हमारे ड्रोन मौत बनकर सीधे दुश्मन की फौजी छावनियों के ऊपर मंडरा रहे थे। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत के सैन्य ठिकानों और आम नागरिकों को तुर्किये और चीनी ड्रोन बेड़े के जरिये निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन एक भी प्रयास सफल नहीं हो पाया। उसने सैकड़ों ड्रोन एक साथ भेजे, परंतु स्वदेशी वायु प्रतिरक्षा प्रणाली आकाशतीर ने उन्हें विफल कर दिया। भारतीय वायु प्रतिरक्षा प्रणाली का कमाल ही कहा जाएगा कि कोई पाकिस्तानी ड्रोन चंडीगढ़ अथवा दिल्ली तक नहीं पहुंच सका और उन्हें सीमा के निकट ही ध्वस्त कर दिए गए। जब 9-10 मई की रात पाकिस्तान ने बड़े हमले की मंशा से ड्रोन के साथ उन्नत फतह श्रेणी की मिसाइलें दागी गईं तो हमने उन्हें भी नाकाम कर दिया और इसके कुछ ही मिनट में हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान के उन सभी वायु सैनिक अड्डों को निशाना बनाया, जहां पर उन्नत श्रेणी के अमेरिकी एफ-16 और चीनी जेफ-17 विमान थे। भारत ने उस एयरबेस को भी तबाह कर दिया, जहां तुर्किये के ड्रोन का बड़ा बेड़ा था और जिसके जरिये पाकिस्तान बड़े ड्रोन हमले कर रहा था। यदि पाकिस्तान को अमेरिका और चीन से मिले अति उन्नत लड़ाकू विमानों, चीनी वायु प्रतिरक्षा प्रणाली और तुर्किये से मिले ड्रोन के बावजूद मुंह की खानी पड़ी तो यह हमारी अद्भुत सैन्य सामर्थ्य ही था और इसमें सबसे बड़ा योगदान था हमारी स्वदेशी तकनीक का। भारत की विजय मात्र पाकिस्तान पर ही नहीं, अपितु अमेरिकी, चीनी और तुर्किये की हथियार तकनीक पर भी है। इस युद्ध के दौरान आकाश जैसी स्वदेशी वायु प्रतिरक्षा प्रणाली ने शानदार काम किया। पाकिस्तान के किसी भी नापाक मंसूबे को कामयाब नहीं होने होने दिया। इसी कामयाबी से आगे बढ़ते हुए अब भारत स्वदेशी जेट के निर्माण की और कदम बढ़ा रहा है। अगले साल की शुरुआत से ही भारत में स्वदेशी फाइटर जेट इंजन का उत्पादन शुरू हो जाने की संभावना है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए यह बहुत बड़ी खबर है। कि जेट इंजन के उत्पादन के लिए अमेरिकी जनरल इलेक्ट्रिक और फ्रांस की सफ्रान समेत कई वैश्विक कंपनियों के साथ चर्चा चल रही है। इसके बाद तेजी से इस पर काम शुरू होने की संभावना है। इसके निर्माण में सबसे खास बात यह है कि भारत फाइटर जेट इंजन बनाने के लिए भले ही अन्य देशों के साथ तालमेल करे, लेकिन इनका निर्माण देश में ही होगा। भले ही हाल-फिलहाल की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भले ही रूस से एस-400 खरीदा जाए या किसी अन्य देश से कुछ और, लेकिन इरादा साफ होना चाहिए कि है कि भविष्य में जो भी रक्षा उपकरण चाहिए उसका निर्माण देश में ही होगा। तभी देश आत्मनिर्भर होगा।



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

# सोशल मीडिया की दुश्वारियां भी सामने है

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बीते दिनों 'छत्तीसगढ़ महतारी' की प्रतिमा को खंडित करने के बाद राज्य में इसकी व्यापक प्रतिक्रिया देखी गई। राज्य स्थापना दिवस के ऐन पहले प्रतिमा को तोड़ने तथा आक्रोशित छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के पदाधिकारियों द्वारा अग्रवाल और सिंधी समाज पर किए गए आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर सोशल मीडिया से लेकर सड़कों पर भारी सरगर्मी देखी गई। विवाद थमा ही नहीं था कि रायगढ़ के एक युवक द्वारा सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरु घासीदास बाबा पर विवादित टिप्पणी ने इस आग में घी डाल दिया।अलबत्ता छत्तीसगढ़ जैसे शांतिप्रिय राज्य में स्थानीयता या क्षेत्रवाद को लेकर सोशल मीडिया में छिड़ी बहस ने इस माध्यम के सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों के संबंध में एक विमर्श को जन्म दे दिया है। इस बीच सोशल मीडिया का सार्थक उपयोग भी सामने आया जब यूजर्स द्वारा रेलवे प्रशासन से राज्य स्थापना दिवस यानि 1 नवंबर को रेलवे स्टेशनों में छत्तीसगढ़ के 'राज्य गीत' के प्रसारण की मांग की गई। यह सुकूनदायक रहा कि रेल प्रशासन ने इस दिशा में सजगता दिखाई और स्थापना दिवस पर सभी रेलवे स्टेशनों में राज्यगीत प्रसारित किए गए। इंटरनेट क्रांति के वर्तमान दौर में सोशल मीडिया लोगों के दिनचर्या का अहम हिस्सा बन चुका है। युवाओं से लेकर महिलाओं और बुजुर्गों की एक बड़ी आबादी किसी न किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में घंटों समय बिता रहा है। सोशल मीडिया ने जहां पारंपरिक मीडिया के वर्चस्व को तोड़ा है वहीं इसका दखल देश और दुनिया की राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव में भी परिलक्षित हो रहा है। सोशल मीडिया वह मंच है जो लोगों के विचारों और सूचनाओं को बड़ी तेजी से हजारों - लाखों लोगों तक पहुंचा रहा है फलस्वरूप इसे आम आदमी का संसद भी नाम दिया गया है। राजनीति और चुनाव में सोशल मीडिया की ताकत को सबसे पहले पश्चिमी देशों ने आजमाया। देश में पहली बार साल 2014 के लोकसभा चुनाव में देश के युवाओं ने इस सोशल मीडिया के जरिए बने 'ब्रांड मोदी' पर भरपूर ऐतबार किया। भाजपा के इस प्रयोग के बाद अमूमन सभी राजनीतिक दलों ने पार्टी में आईटी सेल बनाया जिसका उपयोग अपने राजनीतिक अभियान और चुनाव के दौरान किया जा रहा है। 2024 के आम चुनाव से राजनीतिक पार्टियां अपने आईटी सेल के साथ ही इन्फ्लुएंसर्स के जरिए सोशल मीडिया से जुड़े मतदाताओं को प्रभावित करने का जतन कर रहे हैं। अब सभी सियासी दल सोशल मीडिया के साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानि 'एआई' और डीपफेक (कृत्रिम वीडियो) के जरिए जोर अजमाइश कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक देश में एक अरब से ज्यादा मतदाता हैं जिसमें से तकरीबन 80 करोड़ मतदाता विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक, एक्स (ट्विटर), व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और यूट्यूब से जुड़े हुए हैं। सोशल मीडिया के इसी ताकत के चलते राजनीतिक दलों, धार्मिक और सामाजिक संगठनों द्वारा अपने विचारधारा और एजेंडे को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए इस माध्यम का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है।

विडंबना है कि अब सोशल मीडिया की दुश्वारियां भी सामने आने लगी है फलस्वरूप दुनिया भर की सरकारें इसके दुरूपयोग पर चिंतित हैं। विभिन्न राजनीतिक ,धार्मिक और जातिवादी संगठनों द्वारा इस मीडिया का उपयोग सियासी ,धार्मिक तथा जातिगत नफरत फैलाने के लिए किया जा रहा है जिससे देश और समाज में नफरत और अशांति बढ़ रही है। भारत में पिछले वर्षों में घटित राजनीतिक, सांप्रदायिक और जातिवादी हिंसा में प्रमुख भूमिका सोशल मीडिया की रही है फलस्वरूप सरकार और प्रशासन को दंगाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बंद करना पड़ा था। अलबत्ता सोशल मीडिया का दुरूपयोग केवल समाज में नफरत और अशांति फैलाने के लिए ही नहीं हो रहा है बल्कि विभिन्न आतंकवादी तथा अलगाववादी संगठनों द्वारा इस माध्यम का इस्तेमाल युवाओं के 'ब्रेनवाश' के लिए किया जा रहा है। सोशल मीडिया और इंटरनेट के इसी नकारात्मक उपयोग के चलते वर्ल्ड वाइड वेब 'डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू.' के अविष्कारक टिम बर्नर्स ने कोफ्त और निराशा में कहा था कि 'इंटरनेट अब नफरत फैलाने वालों का अड्डा बनते जा रहा है '। दूसरी ओर सोशल मीडिया से जुड़े एक शीर्षस्थ अधिकारी कि मानें तो यह मीडिया किसी सुचारू ढंग से चल रहे लोकतांत्रिक ढांचे को बहुत हद तक नुकसान पहुंचा सकता है।वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक परिवेश पर गौर करें तो उक्त दोनों बातें सही साबित हो रहीं हैं। हालांकि सोशल मीडिया के नकारात्मक पक्ष को किनारे रख दें तो इसका सकारात्मक पक्ष भी है जो देश और समाज के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास में भूमिका निभा रहा है। देश में अनेक गैर राजनीतिक आंदोलनों को सफलता सोशल मीडिया के जरिए ही मिली है वहीं आम आदमी से जुड़े मुद्दों का भी समाधान इसी माध्यम के जरिए संभव हुआ



है। लिहाजा इस माध्यम के उपयोग पर सावधानी और जवाबदेही दोनों आवश्यक है।

अलबत्ता सोशल मीडिया केवल राजनीतिक, धार्मिक और सांस्कृतिक ताने-बाने को ही छिन्न-भिन्न नहीं कर रहा बल्कि यह किशोरों और युवाओं के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डाल रहा है। नयी पीढ़ी के मोबाइल और सोशल मीडिया की बढ़ती लत देश और समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन रही है। डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म 'सेंसर टावर' के एक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय ' जेन- जी' ने पिछले वर्ष मोबाइल पर 1.12 ट्रिलियन घंटे बिताए जो दुनिया में सबसे ज्यादा है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 18 वर्ष के आयु के चालीस करोड़ लोगों में से हर तीसरा किशोर या युवा मोबाइल के लत का शिकार है। आलम यह है कि मोबाइल की लत छोटे बच्चों में भी लग रही है लेकिन इसके लिए मुख्य रूप से अभिभावक ही जिम्मेदार हैं।सोशल मीडिया पर ऑनलाइन गेमिंग और अश्लील साइट्स की लत किशोरों व युवाओं को अपराध, नशाखोरी और यौन हिंसा की ओर धकेल रहा है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार मोबाइल और सोशल मीडिया की बढ़ती लत के चलते बच्चों से लेकर बुजुर्गों में विभिन्न शारीरिक बीमारियां जैसे मोटापा, मधुमेह, हृदयरोग, उच्च रक्तचाप, नेत्ररोग से लेकर अनिद्रा,अवसाद, चिंता, चिड़चिड़ापन, गुस्सा और अकेलापन जैसे मानसिक रोगों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया इन दिनों सायबर अपराध का सबसे बड़ा जरिया बन चुका है। 'डिजिटल अरेस्ट' और 'सेक्सटॉर्शन' गिरोह के धमकी और झांसे में लोग करोड़ों रुपए लुटा चुके हैं। सेक्सटॉर्शन के चलते अनेक लोगों के द्वारा खुदकुशी की खबरें सामने आई हैं।गृह मंत्रालय और सीबीआई की रिपोर्टों के अनुसार देश में ' डिजिटल अरेस्ट स्कैम ' के जरिए साइबर अपराधियों ने लगभग 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी किया है। इस धोखाधड़ी का शिकार महिलाएं और बुजुर्ग भी हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने देश में बढ़ रहे डिजिटल अरेस्ट की मामले को गंभीरता से लिया है तथा इससे निबटने के लिए सख्त आदेश की जरूरत बताते हुए सरकार से जवाब मांगा है।

बहरहाल भले ही इंटरनेट ने लोगों के जीवन को आसान कर दिया है लेकिन डिजिटल निरक्षरता वाले देश में सोशल मीडिया के चलते देश और समाज में अशांति भी बढ़ रही है लिहाजा इस पर अंकुश की भी जरूरत है। सोशल मीडिया के दुरूपयोग पर केंद्र सरकार सहित आदालतों ने भी अनेकों बार चिंता जताई है। सरकार और अदालतों द्वारा इस तकनीक के बेजा इस्तेमाल को रोकने की कोशिशें भी हुई लेकिन एक तबका इन कोशिशों को /"बोलने की आजादी/" पर खतरा बताकर विरोध पर उतारू हो जाती है। इस अधिकार के पैरोकारों को समझना होगा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मायने कुछ भी बोलना या लिखना नहीं है बल्कि इस अधिकार पर भी कुछ बंदिशें हैं। देश में साइबर अपराध पर लागू कानून अभी भी जरूरत के लिहाज से प्रभावी नहीं बन पाए हैं फलस्वरूप अपराधी कानून के चंगुल से बच जाते हैं। इस दिशा में वर्तमान चुनौतियों के मुताबिक कानून बनाने की जवाबदेही केंद्र सरकार की है क्योंकि यह अधिकार संसद को ही है। इसी प्रकार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के यूजर्स को भी इस माध्यम में अपने विचार या विडियो साझा करते समय देश और समाज के लिए अपनी जिम्मेदारी के प्रति स्व-अनुशासित होना होगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की भी जवाबदेही है कि वे ऑनलाइन सामाग्रियों की फैक्ट चेकिंग के लिए प्रभावी तकनीक लागू करें ताकि देश में शांति और सद्भाव के साथ आम आदमी का भरोसा इस माध्यम पर कायम रहे।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## आधी आबादी

डॉ. मोनिका शर्मा



# बिहार चुनाव : अपने मत मायने समझती स्त्रियां

बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के प्रथम चरण में आधी आबादी ने जमकर मतदान किया। कई क्षेत्रों में तो महिलाओं ने पुरुष मतदाताओं की तुलना में अधिक मतदान किया है। पहले चरण की 121 सीटों पर हुई बंपर वोटिंग में महिला वोटरों का उत्साह राजनीति के समीकरण बनाने और बिगाड़ने वाला प्रतीत होता है। इतना ही नहीं, शहरों से लेकर गांवों-कस्बों तक, मतदान केन्द्रों पर लगी स्त्रियों की लंबी कतारें एक नागरिक के तौर पर अपने मत के मायने समझने का भी द्योतक बनीं हैं। व्यापक रूप से देखा जाय तो महिलाओं की यह भागीदारी कई मायने में शिक्षा, सजगता और सामाजिक भूमिका में आ रहे सकारात्मक बदलावों का भी परिणाम है। दरअसल, जीवन की बेहतरी से जुड़ी सरकारी योजनाएं हों या सुरक्षित परिवेश बनाने की कवायद। सरकारी नीतियों और सामाजिक माहौल से महिलाओं का जीवन सबसे अधिक प्रभावित होता है। यही वजह है कि बिहार में 2010 के बाद आधी आबादी ने हर बार बढ़-चढ़कर मतदान किया है। तब से महिलाएं इस राज्य में भी चुनाव की धुरी बनी हुई हैं। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के प्रथम चरण में हुए रिकॉर्ड 64.66 प्रतिशत मतदान में भी स्त्रियों की भागीदारी अहम दिखी है। ध्यातव्य है कि 2020 के पहले चरण की तुलना में यह आंकड़ा कुल मतदान का करीब 8 प्रतिशत ज्यादा है। मतदान में स्त्रियों की बढ़ती हिस्सेदारी के चलते ही इस बार भी बिहार विधानसभा चुनाव में सभी दलों ने महिला मतदाताओं पर केन्द्रित योजनाओं पर विशेष ध्यान भी दिया है। चाहे एनडीए हो या फिर महागठबंधन, सभी दल आधी आबादी की महत्वपूर्ण भूमिका को समझने और सरकार बनाने के लिए उनका साथ पाने के लिए प्रयासरत दिखे। यूं भी बीते कुछ दिनों में प्रदेश में चुनावों में विकास, सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दे छाये रहे हैं। समझना मुश्किल नहीं कि ऐसे सभी मुद्दे महिलाओं के व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक जीवन पर गहरा असर डालते हैं। यही वजह है कि महिला मतदाताओं के झुकाव को समझने की कवायदें केवल राजनीतिक विश्लेषण का विषय भर नहीं है। जीवनयापन से जुड़ी सहजता देती योजनाओं और नीतियों के अलावा सम्मान और सुरक्षा महिलाओं के लिए सबसे अहम मुद्दा रहा है। असल में महिला वोटरों को लुभाने की होड़ के परिणाम के अलावा आधी आबादी के इस उत्साह और रुझान को उनके दायित्वबोध से जोड़कर देखना भी जरूरी है। भारत की स्त्रियां भी ना केवल जमीनी मुद्दों को समझती हैं बल्कि उनसे जुड़े सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव को सबसे ज्यादा झेलती भी हैं ।

देशभर से आए दिन सामने आती घटनाएं बताती हैं कि सुरक्षा और जीने की सहजता का आधी आबादी को आज भी इंतजार है। यही वजह है कि सुरक्षा बिहार विधानसभा चुनाव में अहम चुनावी मुद्दा रही है। नतीजतन, महिला मतदाताओं के लिए सुरक्षित परिवेश की जरूरत जाति या सामुदायिक भेद से परे वोट करने की बुनियाद बन गई है। मतदाता समूह के रूप में अपने संवैधानिक अधिकार को इस्तेमाल करते हुए आधी आबादी की बहुत की सोच बहुत स्पष्ट रहती है। निःसन्देह, लाभकारी योजनाएं उन्हें भी प्रभावित करती हैं पर असुरक्षित माहौल में किसी भी तरह की सहायता का कोई अर्थ नहीं रह जाता। समझना आवश्यक है कि 2016 में बिहार की महिलाओं ने शराबबंदी और सुरक्षित परिवेश को अपना समर्थन देकर इसी बात को पुख्ता किया था। असल में देखा जाए तो स्त्रियों के स्वतंत्र रूप से अपना मत देने के आंकड़े ही शराब बंदी के बाद बढ़े हैं। तब महिलाओं ने अपने जीवन से हर पक्ष को प्रभावित करने वाले शराबबंदी के निर्णय के लिए नितीश कुमार का खुलकर समर्थन किया था। भारत के चुनावी इतिहास में स्त्रियों का यह रुझान बहुत व्यावहारिक और परिपक्व सोच की बानगी माना जाता है। महिलाओं के विरुद्ध दर्ज अपराधों के आंकड़े बताते हैं कि बिहार में शराबबंदी के बाद महिलाओं के विरुद्ध हिंसा में कमी आई। विशेषकर घरेलू हिंसा दुष्कर्म, छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न और भावनात्मक हिंसा जैसे अपराधों में रेखांकित करने योग्य कमी आई। महिलाओं की बड़ी आबादी का जीवन इस निर्णय से प्रभावित हुआ। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के आंकड़ों के मुताबिक 83 प्रतिशत विवाहित महिलाओं ने बताया कि शराबबंदी से पहले पर उन्हें अक्सर पति की शारीरिक या भावनात्मक हिंसा झेलनी पड़ती थी। सामाजिक बेहतरी, पारिवारिक स्थिरता और स्वास्थ्य लाभ से जुड़ा यह निर्णय आज भी महिला वोटरों के मन के जुड़ा है। ऐसे में महिला मतदाताओं का बड़ी संख्या में वोट देने के लिए घर से निकलना इस बार भी निर्णायक साबित हो सकता है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हम जो भी करेंगे वह कर्म है




संकलित

## दर्शन

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है । जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। कर्म हमारी स्थिति है, जैसे हम जी रहे हैं। विकर्म हमारी समझ होगी, अकर्म हमारा होना हो जाएगा।

# दूसरों की जरूरतें पूरी करना ही दान है




संकलित

## प्रेरणा

महाभारत का एक प्रसंग है। एक दिन युधिष्ठिर ने वेद व्यास से पूछा कि दान बड़ा है या पूजा-पाठ और तपस्या? व्यास जी ने युधिष्ठिर को अपनी बात समझाने के लिए एक कथा सुनानी शुरू की। व्यास जी ने कहा कि एक मुद्गल नाम के महर्षि थे, वे भिक्षा मांगकर जीवन चलाते थे। भिक्षा में उन्हें आटा, खाने-पीने की चीजें, हवन सामग्री मिल जाती थीं। दान में मिली चीजों से ही वे खाना बनाते और पूजा-पाठ करते थे। कभी-कभी ऐसे दिन भी आते थे, जब उन्हें भिक्षा नहीं मिल पाती थी। अधिकतर अमावस्या और पूर्णिमा पर ऐसा हुआ करता था। इन दोनों तिथियों पर ऋषि मुद्गल से मिलने दुर्वासा ऋषि आया करते थे। दुर्वासा मुनि को खाना खिलाने के बाद उनके लिए कुछ बचता नहीं था तो उन्हें भूखे रहना पड़ता था। एक दिन फिर ऐसा ही हुआ तो दुर्वासा मुनि ने मुद्गल ऋषि से पूछा कि आप मुझे खाना देकर खुद भूखे रहते हैं, लेकिन मैंने कभी भी आपके चेहरे पर भूख के लक्षण नहीं देखे हैं, क्या आपको भूख नहीं लगती है? मुद्गलजी ने कहा कि मेरे लिए दान का महत्व सबसे ज्यादा है। अन्न दान तो सर्वश्रेष्ठ होता है, जब आपकी भूख शांति होती है, तब मैं भी तृप्त हो जाता हूं। मैं दान पुण्य कमाने के लिए नहीं करता हैं, मैं सिर्फ दूसरों की मदद करना चाहता हूं। व्यास जी ने युधिष्ठिर को आगे समझाया कि तपस्या स्वयं के लिए की जाती है, लेकिन दान हमेशा दूसरों की भलाई के लिए किया जाता है। इसलिए दूसरों की आवश्यकता की पूर्ति करना ही दान है। इसलिए दान तप से भी श्रेष्ठ है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अन्न की बर्बादी और अति खाना हानिकारक

वर्ष 1945 को दुनिया में पहली बार संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य भुखमरी से निपटना भी है। वर्ष 1979 में विश्व खाद्य दिवस प्रथम बार मनाया गया था। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य दुनियाभर में खाद्य सुरक्षा और संतुलित भोजन के प्रति जागरूक करना भी हो गया है। भोजन प्राणी जाति के तंदरुस्त रहने के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन भोजन संतुलित और प्रकृति के दायरे में होना चाहिए। ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट 2024 में यह बताया गया है कि हमारे देश की रैंकिंग में कुछ सुधार हुआ है। इस बार हमारा देश 105वें स्थान पर रहा, हालांकि बांग्लादेश 84वें, नेपाल 68वें और श्रीलंका 56वें स्थान पर हैं। - पराग विश्वकर्मा, दुर्ग

## करंट अफेयर

# लुटनिक ने ट्रंप की शुल्क शक्तियों का किया बचाव


अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने दावा किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ''बात मनवाने'' के लिए शुल्क का इस्तेमाल एक कूटनीतिक हथियार के रूप में किया और भारत से आग्रह किया कि वह रूस से ''तेल खरीदना बंद करे'' ताकि यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने में मदद मिल सके। लुटनिक ने बृहस्पतिवार को फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की। साथ ही उन्होंने ऐसे वक्त में ट्रंप की शुल्क शक्तियों के इस्तेमाल का बचाव किया जब उच्चतम न्यायालय में इसकी वैधता पर सुनवाई जारी है। लुटनिक ने कहा, 'राष्ट्रपति इन शुल्कों का उपयोग न्याय खरीदने के लिए कर रहे हैं। वह रूस और यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए शुल्क का उपयोग कर रहे हैं, जहां उन्होंने भारत से कहा है कि 'तेल खरीदना बंद करो'।' न्यायालय इस बात की जांच कर रहा है कि क्या 1977 के 'इंटरनेशनल इमरजेंसी इकॉनमिक पावर्स एक्ट' (आईईपीए) के तहत ट्रंप के लिए आपातकालीन शक्तियों का उपयोग करके कई देशों, जिनमें भारत भी शामिल है पर व्यापक प्रत्यावर्ती शुल्क लागू करना कानूनी था। लुटनिक ने विश्वास जताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति यह मुकदमा जीतेंगे क्योंकि ये शक्तियां अमेरिका की रक्षा करती हैं।



## ऑफ बीट

# पुरुष-महिलाओं के मस्तिष्क में जीन का व्यवहार अलग

दशकों से पुरुषों और महिलाओं में बुद्धिमत्ता तथा व्यवहार के अंतर को लेकर बहस होती रही है, लेकिन अब वैज्ञानिक साक्ष्य यह दर्शाते हैं कि जैविक रूप से पुरुष और महिला के मस्तिष्क में सैकड़ों जीन अलग-अलग ढंग से सक्रिय रहते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन जीनों का अलग-अलग तरीके से सक्रिय होना मस्तिष्क विकारों, जैसे अल्जाइमर और पार्किंसन जैसी बीमारियों से जुड़ा हो सकता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, पुरुष और महिला मस्तिष्कों के बीच ये आनुवंशिक अंतर विकास की प्रारंभिक अवस्था में ही स्थापित हो जाते हैं और संभवत: मस्तिष्क के विकास को आकार देने में भूमिका निभाते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल मनुष्यों में, बल्कि अन्य प्राइमेट (वनमानुष) प्रजातियों में भी पाई गई है, जिससे संकेत मिलता है कि ये अंतर बहुत प्राचीन हैं। जीन गतिविधि में अंतर कई दशकों के शोध से यह पुष्टि हुई है कि पुरुषों और महिलाओं में मस्तिष्क की संरचना, कार्यप्रणाली और मानसिक रोगों की प्रवृत्ति में अंतर है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं था कि इन अंतरों में कितना योगदान जीन का है और कितना पर्यावरण का। 2017 में किए गए एक अध्ययन में सैकड़ों पुरुषों और महिलाओं के मरणोपरांत मस्तिष्क ऊतक का विश्लेषण किया गया था।



## ट्रेंड

### राष्ट्र गीत को नमन

मैं अपने पूजनीय राष्ट्र गीत - एक शाश्वत गान - को नमन करता हूं जिसने राष्ट्रवाद की भावना को जागृत किया और जो पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है। 'वंदे मातरम्' भारत की सांस्कृतिक विरासत और सभ्यतागत लोकाचार का स्थायी प्रतीक है।

- सी. पी. राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति



### आरजेडी बेचैन

बिहार में जंगलराज की वापसी के लिए आरजेडी कितना बेचैन है, इसका पता चुनाव अभियान में वायरल हो रहे उसके गानों से चलता है। इनमें गरीब, दलित-महादलित और अति पिछड़े समाज के लोगों को डराने का प्रयास साफ नजर आता है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### शेल्टर होम तैयार

दिल्ली सरकार ने सर्दी में जरूरतमंद नागरिकों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करने की दिशा में बड़ा और प्रभावी कदम उठाया है। 250 अतिरिक्त शेल्टर होम तैयार किए गए हैं। इस बार शेल्टर होम्स में आधुनिक तकनीक का उपयोग भी किया जा रहा है।


- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली



### अब गारंटी है

'आप' सरकार ने सिर्फ 3 साल में ही बिना रिश्वत और बिना सिफारिश के पंजाब में 56 हजार सरकारी नौकरियां दीं हैं। अब गारंटी है... इन चुनाव नतीजों के तुरंत बाद तरन-तारन में सड़कें, फ्लाइओवर और लड़कियों के लिए टेक्निकल कॉलेज बनेंगे।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# केंद्र में जब राजद-कांग्रेस की सरकार थी तब सीएम नीतीश कुमार को काम नहीं करने दिया: मोदी

## बिहार में चुनावी सभा में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर लगाया अंबेडकर की राजनीति खत्म करने का आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार में एक चुनावी जनसभा में कहा कि नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री के रूप में पहले नौ वर्षों के दौरान, केंद्र में राजद-कांग्रेस की सरकार थी, उन्होंने लगातार बिहार के विकास में बाधा डाली। केंद्र की राजद-कांग्रेस की सरकार ने नीतीश कुमार को काम नहीं करने दिया, 2014 में जब मुझे सेवा करने का अवसर मिला, तो बिहार में डबल इंजन की सरकार बनी। हमने बिहार के विकास के लिए तीन गुना ज़्यादा धन आवंटित किया। उन्होंने कहा कि ये कांग्रेस के नामदार, छठी मैया की पूजा को, छठी मैया की साधना को नौटंकी कहते हैं। ये छठी मैया का अपमान है। इन लोगों को सजा मिलनी चाहिए? अब मैं आपसे आग्रह करता हूं, आपके पास मौका है, 11 नवंबर को अपने एक वोट से इन्हें सजा दीजिए।

प्रधानमंत्री ने हमला जारी रखते हुए कहा कि ये लोग अपने परिवार के अलावा किसी को नहीं मानते। कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर की राजनीति खत्म किया। क्योंकि बाबा साहब अंबेडकर का कद कांग्रेस के शाही परिवार से ऊंचा था। इन्होंने बाबू जगजीवन राम जी को भी सहन नहीं किया, और सीताराम केसरी जी के साथ भी यही किया। बिहार के दिग्गज नेताओं का अपमान करना, यही शाही परिवार की राजनीति का असली खेल रहा है।

### दोनों ही पार्टियों ने बिहार के विकास में बाधा डाली, उनका चुनावी गुब्बारा फूट गया



बिहार चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डबल इंजन सरकार के विकास ट्रैक रिकॉर्ड पर जनता के अटूट भरोसे का दावा किया, और बताया कि एनडीए ने राज्य के लिए तीन गुना अधिक धन आवंटित किया है। उन्होंने राजद-कांग्रेस पर बिहार की प्रगति में बाधा डालने और पहले चरण के मतदान के बाद उनके चुनावी गुब्बारे के फूटने का आरोप लगाते हुए, 'फिर एक बार, एनडीए सरकार!' के नारे के साथ मतदाताओं से अपील की। नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब ये चुनाव शुरू हुआ था, तब आरजेडी और कांग्रेस के लोग फूलकर गुब्बारा हुए जा रहे थे। आरजेडी और कांग्रेस के नामदार आसमान पर पहुंच चुके थे, लेकिन चुनाव प्रचार के दौरान उनके गुब्बारे की हवा निकलनी शुरू हो गई, और पहले चरण के मतदान के बाद तो यह गुब्बारा पूरी तरह फूट गया है। अब आरजेडी और कांग्रेस का इकोसिस्टम, उनके समर्थक भी कह रहे हैं "फिर एक बार, एनडीए सरकार!

### हमारे ट्रैक रिकॉर्ड पर बिहार की जनता को भरोसा

मोदी ने साफ तौर पर कहा कि बिहार की जनता को नरेंद्र-नीतीश के ट्रैक रिकॉर्ड पर पूरा भरोसा है। विपक्ष पर हमला जारी रखते हुए कहा कि ये लोग (कांग्रेस और आरजेडी वाले) दुनियाभर में घूमते-फिरते हैं, लेकिन अयोध्या नहीं जाते। इन्हें श्रीराम में आस्था नहीं है, ये भगवान राम के खिलाफ अनाप-शनाप बोलते हैं। इन लोगों को लगता है कि अगर प्रभु श्रीराम के दर्शन कर लेंगे तो इनके वोट ही चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं तो काशी का सांसद हूं। मेरे लिए यह बड़े गर्व की बात है कि बनारस, संत रविदास जी की जन्मभूमि है। संत रविदास जी की जयंती पर मुझे कई बार वहां जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। 10 साल पहले, बनारस की क्या स्थिति थी और आज वहां श्रद्धालुओं के लिए कितनी सुविधाएं हैं। जिसकी चर्चा न सिर्फ बनारस में, बल्कि बनारस के बाहर भी होती है।

### यूपी में फिर बनेगी सरकार



बिहार में जारी चुनावी गहमागहमी के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भाजपा 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में तीसरी बार वापसी करेगी। उन्होंने कहा कि हम तीसरी बार राज्य में सरकार बनाएंगे। न सिंह ने कहा कि 2024 के लोकसभा और 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव को जोड़ना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि योगी एक अच्छी सरकार चला रहे हैं। उन्होंने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति में काफी सुधार किया है। विकास के कार्यों को गति मिली है।

### शाह का ऐलान- बिहार में बनेगा डिफेंस कॉरिडोर



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जमुई की जनता से वादा किया कि यहां डिफेंस कॉरिडोर बनेगा. जमुई में गोला बारूद का कारखाना खोलेंगे। विदेश का नहीं जमुई में बने गोला बारूद से आतंकवाद पर हमला करेंगे। मखाना बोर्ड की तरह चीनी मिल शुरू किया जाएगा। नदी से खेतों तक हम पानी पहुचायेंगे और अगले 5 साल में जमुई के प्राकृतिक सौंदर्य का उपयोग कर पर्यटन बढ़ाएंगे।

### आधे बिहार में हो गया लालू की पार्टी का सूपड़ा साफ

शाह ने दावा किया है कि आधे बिहार में लालू यादव की पार्टी आरजेडी का सूपड़ा साफ हो गया है। उन्होंने पहले चरण की वोटिंग का जिक्र करते हुए यह बात कही। अब आधे हिस्से में भी ऐसा ही होगा। शाह ने कहा कि पिछले 10 सालों में, प्रधानमंत्री ने बिहार में सड़कों, पुलों, इथेनॉल कारखानों और चीनी मिलों का एक बुनियादी ढांचा तैयार किया है। अगले पांच साल बिहार को पूरी तरह से विकसित बनाने पर केंद्रित होंगे।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा

### बिहार में 160 से अधिक सीटों के साथ बनेगी एनडीए सरकार



बिहार में पहले चरण के मतदान के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक इंटरव्यू में बड़ा दावा कर कहा कि हाई वोटिंग प्रतिशत और जनता की स्पष्ट चुनावी पसंद एनडीए की सरकार के लिए मजबूत संकेत हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संवैधानिक संस्थाओं और कानून को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। उनका व्यवहार बचकाना है। नड्डा ने कहा कि बिहार में एनडीए 160 से अधिक सीटों के साथ सरकार बनाएगी।

### जो जमीन हड़प लिए नौकरी क्या देंगे: योगी



पश्चिम चंपारण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैं उनसे अपील करता हूं कि वे अपनी वर्तमान पीढ़ी को इसके बारे में बताएं। जो नौकरी के नाम पर भूमि हड़प ली, वे क्या देंगे? एलईडी कलाइटिंग के माध्यम से सुशासन की एक मजबूत नींव रखने की दिशा में आगे बढ़ा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ये नौकरी क्या देंगे जो नौकरी के बदले आपकी जमीन हड़प लिए? केवल वादे कर रहे।

नेता प्रतिपक्ष राहुल का प्रधानमंत्री पर बड़ा हमला

# पूरा चुनाव ही चोरी कर लिया गया और वे चोरी करके प्रधानमंत्री बने



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर भाजपा पर वोट चोरी के आरोप लगाए। राहुल ने आरोप लगाया कि पूरा चुनाव चोरी किया गया और नरेंद्र मोदी, चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि हमारे पास बहुत सारा मैटेरियल है। हम वोट चोरी का पर्दाफाश करने की प्रक्रिया जारी रखेंगे।

### संविधान पर हमला हो रहा

राहुल ने कहा कि 'मीडिया ब्राजीली मॉडल के मुद्दे को उठा रहा है, लेकिन सच्चाई यह है कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह और चुनाव आयोग मिलकर संविधान पर हमला कर रहे हैं। यही काम वे बिहार में करने जा रहे हैं, उन्होंने मध्य प्रदेश और छग में भी ऐसा किया है और हरियाणा में भी ऐसा हुआ है। गुजरात में भी यह बार-बार हो रहा है।

**दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़ी रैली करेंगे, राष्ट्रपति से मिलेंगे**

कांग्रेस दिल्ली के राम लीला मैदान में नवंबर के अंतिम सप्ताह में एक बड़ी रैली करेगी। कांग्रेस पार्टी का एक डेलिगेशन राष्ट्रपति से मिलकर 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान के दौरान सिग्नेचर कैंपेन में इकट्ठे किए गए। लगभग 5 करोड़ हस्ताक्षर राष्ट्रपति को सौंपेगा।

### पुणे की वकील की फोटो पर बवाल, वोट चोरी का उठाया सवाल

राहुल के 'वोट चोरी' के आरोपों के बाद एक नया विवाद खड़ा हो गया है। बिहार चुनाव के पहले चरण की वोटिंग के दौरान पुणे की महिला की स्याही लगी अंगुली वाली फोटो वायरल हो गई है।

**वकील ने दी सफाई- वोट का दावा नहीं किया**

विवाद को बढ़ता देख पोस्ट करने वाली वकील ने खुद इस पर सफाई दी। उन्होंने लिखा कि उनका पोस्ट सिर्फ बिहार के वोटर्स को मोटिवेट करने के लिए था और उन्होंने कभी यह दावा नहीं किया कि उन्होंने आज वोट दिया है।

### 121 सीटों पर महागठबंधन के उम्मीदवारों को एकमुश्त वोट मिला

तेजस्वी का दावा



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने महागठबंधन को एकमुश्त वोट मिलने का दावा किया है। हर बिहारवासी ने 20 साल के अंधकार को मिटाने के लिए, घर से निकल कर परिवर्तन की ऐसी रोशनी जलाई कि पूरे बिहार में सुख, समृद्धि, सुरक्षा, सम्मान, सौहार्द, शांति और खुशहाली की दस्तक सुनाई देने लगी है। पहली बार अभूतपूर्व बदलाव की लहर है।

कहा, खेती की उन्नति के लिए जलवायु अनुकूल बीज तैयार करने होंगे, प्राकृतिक खेती को बढ़ाना होगा

# महाराष्ट्र के किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज की भी जरूरत हुई, तो पूर्ति की जाएगी: चौहान

पीएम आवास योजना के तहत महाराष्ट्र को अब तक 30 लाख मकान दिए जा चुके: केंद्रीय कृषि मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र के किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज की भी जरुरत हुई, तो पूर्ति की जाएगी। महाराष्ट्र में ग्लोबल विकास ट्रस्ट (जीवीटी) कृषिकुल सिरसला, जिला बीड में किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेती की उन्नति के लिए जलवायु अनुकूल बीज तैयार करने होंगे, प्राकृतिक खेती को बढ़ाना होगा।

चौहान ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का भी जिक्र किया और कहा कि अब-तक 30 लाख मकान महाराष्ट्र को दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि नए सर्वे के बाद और जो लोग भी मकान के लिए पात्र होंगे उनके मकानों के लिए भी केंद्र सरकार द्वारा राशि जारी की जाएगी।

मुख्य सम्मेलन में संबोधन से पहले केंद्रीय मंत्री चौहान ने किसानों के साथ आमने-सामने बैठकर सीधे बातचीत भी की जहां विभिन्न किसानों ने केंद्रीय मंत्री के साथ खेती से जुड़े अनुभव साझा किए और जानकारी भी दी की किस प्रकार से नए नवाचारों को अपनाने से खेती और उनके जीवन में चमत्कारी बदलाव आए हैं। किसानों ने रेशम की खेती, प्राकृतिक खेती के उपायों के साथ ही, जल संचय के उपायों पर नई पहल के बारे में केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश में पहली बार 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के माध्यम से देशभर के वैज्ञानिकों ने प्रयोगशालाओं की जगह व्यावहारिक रूप से खेतों में जाकर किसानों से सीधे संवाद करते हुए शोध और आवश्यक जानकारी का लाभ किसानों तक पहुंचाया। चौहान ने कहा इस वर्ष अत्यधिक बारिश के कारण फसलें बड़ी मात्रा में प्रभावित हुई हैं। फसलें बर्बाद होने से किसान का पूरा परिवार प्रभावित होता है, बच्चों का भविष्य प्रभावित होता है। लेकिन सरकार सचेत है। केंद्रीय मंत्री ने किसान भाई-बहनों को आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर क्षतिग्रस्त इलाकों के किसानों की मदद करेगी और इस संकट से उन्हें बाहर निकालेगी। चौहान ने कहा कि राज्य सरकार तात्कालिक रूप से किसानों को मुआवजा राशि देगी इसके अलावा एनडीआरएफ फंड के तहत भी राज्य सरकार को केंद्र की तरह से किसानों की मदद के लिए सहायता राशि दी जाएगी। साथ ही साथ यदि राज्य सरकार क्षति का आंकलन करने केंद्र से विशेष राहत पैकेज की मांग करती है, तो उसकी भी पूर्ति करने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

कहा, सरकार किसानों की नहीं, आंकड़ों की खेती कर रही है

# डीएपी खाद के संकट से हरियाणा का किसान दर-दर भटकने पर मजबूर: कुमारी सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में डीएपी खाद की भारी किल्लत पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के कागजी रिकॉर्ड में भले ही डीएपी का स्टॉक 'फुल' दिखाया गया है, लेकिन ज़मीन पर सच्चाई यह है कि किसान घंटों लाइन में लगकर भी खाली हाथ लौट रहे हैं। कुमारी सैलजा ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने तत्काल प्रभाव से डीएपी की कमी को दूर नहीं किया तो कांग्रेस सड़क से सदन तक किसानों की आवाज़ बुलंद करेगी।

सांसद कुमारी सैलजा ने शुक्रवार को मीडिया को जारी बयान में कहा कि फतेहाबाद, सिरसा, जींद, अंबाला सहित हर जिले में किसान डीएपी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। कई जगहों पर किसानों को निजी दुकानों से ऊंचे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर किया जा रहा है। यह साफ दर्शाता है कि भाजपा सरकार के रिकॉर्ड और जमीनी हकीकत में भारी अंतर है।

यह सरकार किसानों की नहीं, आंकड़ों की खेती कर रही है। कुमारी सैलजा ने कहा कि रबी सीजन की शुरुआत में ही खाद की कमी ने किसानों को संकट में डाल दिया है। सरकार के गलत प्रबंधन और लापरवाही के कारण गेहूं की बुवाई प्रभावित हो रही है, जिसका सीधा असर राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। इस समय सिरसा, फतेहाबाद, भिवानी, कैथल और अंबाला में डीएपी खाद की भारी कमी बनी हुई है। कुछ जिलों में तो निजी दुकान पर 1500 रुपए प्रति बैग मिल रहा है, सरकार को कालाबाजारी पर अंकुश लगाना चाहिए। सांसद ने कहा कि प्रदेश को रबी सीजन में 3.5 लाख मीट्रिक टन खाद की जरूरत होती है पर नवंबर के पहले सप्ताह में 2.5 लाख मीट्रिक टन खाद ही पहुंची है।

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में तो कुल मांग का 35-40 प्रतिशत खाद ही पहुंची है। सहकारी समितियों पर भी खाद मांग के अनुरूप नहीं पहुंच रहा है जबकि निजी दुकानों पर खाद पहुंच रही है जो ब्लैक में खाद बेच रहे है पर अधिकारी इस ओर आंखें बंद किए हुए बैठे हैं।

आईजीआई पर तकनीकी समस्या

# यहां मैसेज स्विचिंग सिस्टम खराब, 300 उड़ानों में देरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर शुक्रवार सुबह तकनीकी खराबी की वजह से हवाई सेवाएं प्रभावित हुईं। इससे करीब 300 उड़ानों में देरी हो गई। इंडिगो, एयर इंडिया, स्पाइसजेट और अकासा एयर ने कहा कि हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में समस्या के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर उनकी उड़ानों में देरी हो रही है।

### मुंबई में भी दिखा असर

मुंबई में भी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। एयरपोर्ट की तरफ से जारी एडवाइजरी में कहा गया, दिल्ली स्थित स्वचालित संदेश स्विचिंग सिस्टम में आई एक तकनीकी समस्या के कारण मुंबई हवाई अड्डे पर भी उड़ान संचालन प्रभावित हुआ है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नरेंद्र उर्फ राहुल** पुत्र नरेश निवासी झुग्गी बस्ती, सेक्टर–3, रोहिणी, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 122/2020 धारा 392/411 भा.द.स., थाना पश्चिम विहार पूर्व, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नरेंद्र उर्फ राहुल** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नरेंद्र उर्फ राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 122/2020 धारा 392/411 भा.द.स., थाना पश्चिम विहार पूर्व, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **नरेंद्र उर्फ राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **18.12.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसार: सुश्री भारती गर्ग
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–II,
कमरा नंबर 31,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15021/OD/2025

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

महत्वपूर्ण जानकारी

**नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा की शुरुआत**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा दिनांक 10.11.2025 से फिरोजपुर कैंट – दिल्ली जं. – फिरोजपुर कैंट के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

26462/26461 फिरोजपुर कैंट - दिल्ली जं. - फिरोजपुर कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस (सप्ताह में 6 दिन)

| रेलगाड़ी सं. 26462 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 26461 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 07:55 | फिरोजपुर कैंट जं. | 22:35 | ---- |
| 08:23 | 08:25 | फरीदकोट | 22:03 | 22:05 |
| 09:10 | 09:15 | बठिण्डा जं. | 21:15 | 21:20 |
| 10:26 | 10:28 | धूरी जं. | 19:56 | 19:58 |
| 11:05 | 11:07 | पटियाला | 19:13 | 19:15 |
| 11:58 | 12:00 | अंबाला कैंट जं. | 18:30 | 18:32 |
| 12:28 | 12:30 | कुरूक्षेत्र जं. | 17:40 | 17:42 |
| 13:05 | 13:07 | पानीपत जं. | 17:00 | 17:02 |
| 14:35 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 16:00 |

चलने के दिन: 26462 फिरोजपुर कैंट जं. से और 26461 दिल्ली जं. से प्रतिदिन दिनांक 10.11.2025 से (बुधवार छोड़कर)।
स्थान : चेयर कार एवं एक्जीक्यूटिव चेयर कार।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलवे पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

3469/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कांग्रेस ने एनडीए पर किए कटाक्ष, बिहार में विकास के नाम पर कुछ नहीं किया

# भभुआ और औरंगाबाद में पीएम के दौरे से पहले जयराम का हमला- 'वादे झूठे, जुमले खोखले, हकीकत दर्दनाक'

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रवार को होने वाले भभुआ और औरंगाबाद के दौरे से पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री जयराम रमेश ने केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हर चुनाव की तरह इस बार भी खोखले वादों और जुमलों से मतदाताओं को बहकाने की कोशिश करेंगे, लेकिन अब बिहार की जनता पुराने वादों की हकीकत जान चुकी है। रमेश ने 2015 के विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा भभुआ (कैमूर) में किए गए वादों की याद दिलाई, जिनमें औद्योगिक विकास, छोटे उद्योगों की स्थापना और स्कूलों में आधुनिक कंप्यूटर शिक्षा के वादे शामिल थे। मगर हुआ कुछ नहीं।

### औद्योगिक विकास: वादे ठंडे, कारखाने बंद

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने सरकारी आंकड़ों के हवाले से बताया, बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के ताज़ा आंकड़ों के मुताबिक, 2013-14 में बिहार में चालू बड़े कारखानों की संख्या 3,132 थी, जो 2022-23 में घटकर 2,782 रह गई। यानी पिछले 9 वर्षों में कम से कम 350 बड़े उद्योग बंद हो गए।देश की कुल औद्योगिक इकाइयों में बिहार की हिस्सेदारी मात्र 1.34 फ़ीसदी रह गई है, यह आंकड़ा दिखाता है कि राज्य को औद्योगिक नक्शे से लगभग हटा दिया गया है। रमेश ने यह भी याद दिलाया कि एनडीए सरकार में केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने खुद लोकसभा में बताया था कि देश में 49,342 एमएसएमई इकाइयां बंद हुईं, जिनसे 3,17,641 नौकरियां समाप्त हुईं। इनमें से 2,414 इकाइयाँ बिहार में थीं- और वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है। कांग्रेस महासचिव ने कहा, प्रधानमंत्री कहते थे बिहार में उद्योग लगाएँगे, नौकरियाँ देंगे। लेकिन हकीकत यह है कि न उद्योग बचे, न रोजगार।

### शिक्षा व्यवस्था आईसीयू में, स्कूलों में कंप्यूटर अब भी सपना

रमेश ने बिहार की शिक्षा व्यवस्था को "आइसीयू में पड़ी" करार दिया। 2023-24 रिपोर्ट के अनुसार, सकल नामांकन अनुपात में बिहार पूरे देश में सबसे पीछे है। रिपोर्ट बताती है कि राज्य के 78,120 सरकारी स्कूलों में से 16,529 में अब भी बिजली नहीं है। केवल 5,057 स्कूलों में कंप्यूटर उपलब्ध हैं, यानी सिर्फ 6.5 फ़ीसदी। 2,637 स्कूलों में सिर्फ एक शिक्षक है, जबकि उनमें 2.91 लाख छात्र पढ़ते हैं। वहीं 117 स्कूलों में एक भी छात्र नहीं है, लेकिन वहां 544 शिक्षक तैनात हैं। ड्रॉपआउट दर भी देश में सबसे अधिक है
प्राथमिक (1-5): 8.9 फ़ीसदी
अपर प्राइमरी (6-8): 25.9 फ़ीसदी
सेकेंडरी (9-10): 25.63 फ़ीसदी

### प्रधानमंत्री ने कहा था हर स्कूल में कंप्यूटर शिक्षा देंगे, आज लाखों बच्चे बिजली और शिक्षकों के बिना पढ़ रहे हैं

कुटकू/मंडल डैम: 11 साल से अधूरी परियोजना जयराम रमेश ने औरंगाबाद के किसानों की दशा का ज़िक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को अपने पुराने वादों की याद करनी चाहिए । उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना, जिसमें मंडल (कुटकू) डैम और मोहम्मदगंज बैराज शामिल हैं- अब भी अधूरी है। यह परियोजना 2,391.36 करोड़ की लागत से शुरू हुई थी। वर्ष 2017 में 1,622.27 करोड़ अतिरिक्त स्वीकृत हुए। परियोजना से 1,11,521 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई लाभ मिलना था, जिनमें से 91,917 हेक्टेयर भूमि बिहार के औरंगाबाद व गया जिलों की और 19,604 हेक्टेयर झारखंड की थी। "11 साल बाद भी किसानों को एक बूंद अतिरिक्त पानी नहीं मिला। परियोजना क्यों रुकी हुई है, इसका जवाब प्रधानमंत्री को देना चाहिए," रमेश ने कहा।

### एनएच 139 बाइपास और क्षेत्रीय विकास भी अधर में

उन्होंने बताया कि औरंगाबाद-दाउदनगर एनएच 139 बाइपास निर्माण का वादा भी 2014 में किया गया था, लेकिन आज तक काम शुरू नहीं हुआ। "न सड़क बनी, न सिंचाई पूरी हुई, न उद्योग आए, न शिक्षा सुधरी। यह एनडीए की हकीकत है," उन्होंने जोड़ा। जयराम रमेश ने कहा,"प्रधानमंत्री ने बिहार को सिर्फ़ भाषण और जुमले दिए। भभुआ से औरंगाबाद तक जनता सवाल पूछ रही है, नौकरियां कहां हैं? शिक्षा क्यों टूटी? उद्योग क्यों बंद हुए?अब बिहार की जनता झूठ नहीं, जवाब मांग रही है।"

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.62 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 31 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 5.62 अरब डॉलर घटकर 689.73 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विदेशी मुद्रा भंडार 24 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 6.92 अरब डॉलर घटकर 695.35 अरब डॉलर रहा था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 31 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.96 अरब डॉलर घटकर 564.59 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड व येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है।

# शेयर बाजार में बड़ा बदलाव, सेबी शार्ट सेलिंग व एसएलबी ढांचे की करेगा समीक्षा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को घोषणा की कि बाजार नियामक जल्द ही 'शॉर्ट सेलिंग' और प्रतिभूति उधारी ढांचे की व्यापक समीक्षा के लिए एक कार्य समूह का गठन करेगा।

- 'शॉर्ट सेलिंग' शेयर बाजार में एक ट्रेडिंग रणनीति है

'शॉर्ट सेलिंग' शेयर बाजार में एक ट्रेडिंग रणनीति है, जिसमें निवेशक किसी शेयर के दाम गिरने की संभावना पर मुनाफा कमाने की कोशिश करता है। यानि अगर किसी को लगता है कि किसी कंपनी का शेयर नीचे जाएगा, तो वह शेयर उधार लेकर बेच देता है और बाद में कम दाम पर खरीदकर वापस करता है। नसेबी ने 2007 में 'शॉर्ट सेलिंग' का फ्रेमवर्क शुरू किया था, जो आज तक लगभग अपरिवर्तित बना हुआ है।

### सेबी ढांचे की व्यापक समीक्षा के लिए एक कार्य समूह का करेगा गठन

### बाजार में पारदर्शिता बढ़ाने पर फोकस

तुहिन कांत पांडेय ने बताया कि 'स्टॉकब्रोकर' और म्यूचुअल फंड नियमों की व्यापक समीक्षा पहले से जारी है। सेबी निवेशकों के हितों की सुरक्षा और बाजार पारदर्शिता बढ़ाने पर फोकस कर रहा है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के बहिर्वाह को लेकर पूछे गए सवाल पर सेबी चेयरमैन ने कहा- एफपीआई को भारत की विकास गाथा में बहुत मजबूत विश्वास है। वैश्विक निवेशकों का भरोसा भारत की अर्थव्यवस्था और उसके दीर्घकालिक विकास में कायम है।



### अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर मिलता है

उधार लिए गए शेयरों का इस्तेमाल प्रायः शॉर्ट सेलिंग या सेटलमेंट विफलताओं से बचाव के लिए होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, एसएलबी से निवेशकों को अपने निष्क्रिय शेयरों से अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर मिलता है, साथ ही यह बाजार की लिक्विडिटी और दक्षता बढ़ाने में भी मदद करता है।

### क्या है एसएलबी सिस्टम?

एसएलबी प्रणाली के तहत निवेशक या संस्थान अपने डीमैट खातों में रखे शेयरों को शुल्क लेकर दूसरे निवेशकों को उधार दे सकते हैं। यह लेनदेन स्टॉक एक्सचेंज प्लेटफॉर्म के जरिए किया जाता है। क्लियरिंग कॉर्पोरेशन इस प्रक्रिया में सेटलमेंट की सुरक्षा और गारंटी प्रदान करता है।

### क्यों जरूरी है समीक्षा?

'शॉर्ट सेलिंग' का फ्रेमवर्क 2007 से अपडेट नहीं हुआ है। एसएलबी प्रणाली, जो 2008 में शुरू हुई थी, कई बार संशोधित होने के बावजूद वैश्विक मानकों के अनुरूप पूरी तरह तैयार नहीं मानी जाती। इसलिए सेबी अब इन दोनों प्रणालियों का गहन पुनर्मूल्यांकन करना चाहती है।

## फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने जारी की रिपोर्ट

# देश में त्योहारों की 42 दिन की अवधि में वाहनों की रिकॉर्ड खुदरा बिक्री दर्ज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, इस वर्ष त्योहारों के दौरान कुल खुदरा बिक्री बढ़कर 52,38,401 इकाई हो गई जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 43,25,632 इकाई थी। वाहन डीलरों के संगठन फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विग्नेश्वर ने बयान में कहा, ''2025 की 42-दिवसीय त्योहारों की अवधि देश में मोटर वाहनों की खुदरा बिक्री के लिए महत्वपूर्ण साबित हुई। इसमें सभी श्रेणियों में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की गई।''

### खपत बढ़ाने में जीएसटी 2.0 का असर रहा

इस अवधि के दौरान यात्री वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 7,66,918 इकाई हो गया जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 6,21,539 इकाई था। विग्नेश्वर ने कहा, ''किफायती दाम बढ़ाने और मध्यम वर्ग की खपत बढ़ाने के जीएसटी 2.0 का असर साफ दिखाई दिया। कॉम्पैक्ट और सब-4 मीटर कार में जोरदार उछाल देखा गया क्योंकि कर की दरें कम होने से खरीदारी का आधार बढ़ा। कई डीलर ने बताया कि कई मॉडल में खुदरा बिक्री की गति आपूर्ति से अधिक रही।''

- सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई
- यात्री व दोपहिया वाहनों का रिकॉड पंजीयन किया गया
- त्योहारों के दौरान कुल खुदरा बिक्री बढ़कर 52,38,401 इकाई हो गई

*घरेलू बाजार में मोटर वाहन की खुदरा बिक्री में विभिन्न त्योहारों की 42 दिन अवधि में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसकी मुख्य वजह यात्री वाहनों व दोपहिया वाहनों का रिकॉर्ड पंजीकरण तथा जीएसटी में बदलाव से विभिन्न खंडों में कीमतों में गिरावट रही।*



*तिपहिया व वाणिज्यिक वाहनों में नौ व पंद्रह फीसदी की वृद्धि रही : इसी प्रकार 42 दिन की अवधि के दौरान तिपहिया व वाणिज्यिक वाहनों के पंजीकरण में क्रमशः नौ प्रतिशत और 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मोटर वाहन की खुदरा बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर 41 प्रतिशत बढ़कर 40,23,923 इकाई हो गई।*

### दोपहिया की खुदरा बिक्री 22 फीसदी बढ़ी

दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 22 प्रतिशत बढ़कर 40,52,503 इकाई हो गई जो 2024 में 33,27,198 इकाई थी। विग्नेश्वर ने कहा कि इस क्षेत्र को बेहतर ग्रामीण माहौल, बेहतर नगदी और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के युक्तिकरण के कारण सामर्थ्य में सुधार का लाभ मिला। उन्होंने कहा कि इस दौरान कम्यूटर बाइक व स्कूटर की अच्छी मांग के साथ-साथ इलेक्ट्रिक वाहनों में भी रुचि बढ़ी।

### दोपहिया की बिक्री सालाना आधार पर 52 फीसदी रही

इसी प्रकार अक्टूबर में दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 52 प्रतिशत बढ़कर 31,49,846 इकाई हो गई जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 20,75,578 इकाई थी। फाडा के अनुसार, अक्टूबर में तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 1,29,517 इकाई हो गई, जबकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में पिछले महीने की समान अवधि की तुलना में 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### अगले तीन माह रहेगे सकारात्मक

वाहन डीलरों के संगठन ने कहा, ''जीएसटी 2.0 के निरंतर प्रभाव, स्थिर ग्रामीण आय और शादियों व फसलों की मौसमी मांग के कारण अगले तीन महीनों के लिए भारत के मोटर वाहन का खुदरा परिदृश्य निर्णायक रूप से सकारात्मक बना हुआ है।''

# घरेलू शेयर बाजार में तीसरे दिन गिरावट



- सेंसेक्स 95 अंक फिसला
- निफ्टी 25,500 अंक से नीचे आया

एजेंसी ⏭ मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 95 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 25,500 अंक से नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 94.73 अंक यानी 0.11 प्रतिशत गिरकर 83,216.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 640.06 अंक तक लुढ़क गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी 17.40 अंक यानी 0.07 प्रतिशत कमजोर होकर 25,492.30 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल में सर्वाधिक 4.46 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा टेक महिंद्रा, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के शेयर भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फिनसर्व के शेयर में तेजी दर्ज की गई। घरेलू शेयर बाजार में शुरुआती गिरावट से काफी हद तक उबरने में सफल रहे। क्योंकि प्रमुख समर्थन स्तरों पर खरीदारी बढ़ी।

### एशियाई बाजार में रही गिरावट

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार भी दोपहर तक गिरावट में रहे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

## एलआईसी के लाभ में 16.36% की वृद्धि

**मुंबई।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के निदेशक मंडल ने 30 सितंबर, 2025 को समाप्त छमाही के लिए एकल और समेकित वित्तीय परिणामों को स्वीकृति प्रदान की एवं उन्हें अनुमोदित किया। नीचे हमारे एकल परिणामों के मुख्य अंश दिए गए हैं। 30 सितंबर, 2025 को समाप्त छमाही के लिए कर पश्चात लाभ (पीएटी) 21,040 करोड़ रुपये था, जबकि 30 सितंबर, 2024 को समाप्त छमाही के लिए यह 18,082 करोड़ रुपये था, जो 16.36% की वृद्धि दर्शाता है। प्रथम वर्ष की प्रीमियम आय (एफवाईपीआई) (आईआरडीएआई के अनुसार) के आधार पर मापी गई बाजार हिस्सेदारी के संदर्भ में, एलआईसी 30 सितंबर 2025 को समाप्त छमाही के लिए 59.41% की समग्र बाजार हिस्सेदारी के साथ भारतीय जीवन बीमा व्यवसाय में बाजार अग्रणी बनी हुई है, जबकि 30 सितंबर 2024 को समाप्त छमाही के लिए यह 61.07% थी। 30 सितंबर, 2025 को समाप्त छमाही के लिए, एलआईसी की व्यक्तिगत व्यवसाय में 37.21% और समूह व्यवसाय में 72.74% बाजार हिस्सेदारी थी। 30 सितंबर, 2025 को समाप्त छह महीने की अवधि के लिए कुल प्रीमियम आय 2,45,680 करोड़ रुपये थी जबकि 30 सितंबर 2024 को समाप्त छह महीने की अवधि के लिए यह 2,33,671 करोड़ रुपये थी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# सोना 100 रुपये टूटकर 1,24,600 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी स्थिर

- चांदी 1,53,300 रुपए प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा बिकवाली के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 100 रुपये गिरकर 1,24,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। स्थानीय सराफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार के बंद भाव 1,24,100 रुपये से 100 रुपये गिरकर 1,24,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रही। वहीं 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले बाजार सत्र में 1,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, शुक्रवार को चांदी की कीमतें सभी करों सहित 1,53,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 19.84 डॉलर यानी 0.5 प्रतिशत बढ़कर 3,996.93 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि हाजिर चांदी 0.96 प्रतिशत बढ़कर 48.48 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

## नवाचार लैब से लेकर फैशन रैंप तक 'आइडियाज़ 3.0' के दूसरे दिन के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय में युवा सोच का जलवा



**गुरुग्राम।** के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक नवाचार एवं रचनात्मकता महोत्सव'आइडियाज़ 3.0'का दूसरा दिन जोश, ऊर्जा और रचनात्मकता से सराबोर रहा। नवाचार, तकनीक और कला का अनोखा संगम देखने को मिला जब विभिन्न स्कूलों और विश्वविद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और कल्पनाशीलता का प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय को इस अवसर पर अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिनमें शामिल थे — श्री रमेश चन्द्र बिधान (आईएएस), आयुक्त, गुरुग्राम; श्री राजेश कुमार, अतिरिक्त आयुक्त, सीमा शुल्क एवं जीएसटी, वित्त मंत्रालय; डॉ. मनोज धर, निदेशक, एकेडमी ऑफ साइंटिफिक एंड इनोवेटिव रिसर्च (**AcSIR**); प्रो. आर.सी. कुहाड़, पूर्व कुलपति, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा; प्रो. (डॉ.) बी.टी. कौल, पूर्व अध्यक्ष, दिल्ली न्यायिक अकादमी; श्री सौरभ तिवारी, रीजनल मैनेजर, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस (यूके); डॉ. सी.एम. भगत, प्रबंध निदेशक, भगत हॉस्पिटल, दिल्ली; डॉ. आर.पी.एस. यादव, उपमहाप्रबंधक एवं प्रमुख, एफएमडीआई, गुरुग्राम; तथाडॉ. वी.पी. यादव, पूर्व अध्यक्ष, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, इसके अतिरिक्तकैरियर डेवलपमेंट सेंटर (**CDC**)के कॉर्पोरेट अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया।

## श्री दुर्गाजनसेवा ट्रस्ट किराड़ी मैथिली भोजपुरी अकादमी दिल्ली सरकार के सहयोग से मनाया छठा सामा चकेवा महोत्सव



**नई दिल्ली।** किराड़ी विधानसभा के प्रेमनगर हिंदी विहार लक्ष्मी विहार में श्री दुर्गा जनसेवा ट्रस्ट के द्वारा छठा सामा चकेवा महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया जहां क्षेत्र के हजारों लोग सम्मिलित हुए यह त्यौहार भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है और यह मिथिलांचल का लोकप्रिय त्यौहार है जिसको अब दिल्ली जैसे बड़े शहरों में भी लोग बड़ी धूमधाम से मनाते हैं श्री दुर्गा जनसेवा ट्रस्ट संस्थापक श्री राम दयाल महतो के द्वारा, हर वर्ष दुर्गा पूजा रामलीला महोत्सव एवं छठ महापर्व का आयोजन भी किया जाता रहा है बिहार के मिथिलांचल में सामा चकेवा का स्वास महत्व है. यह पर्व छठ के साथ ही शुरू हो जाता है और धूमधाम से मनाने की परंपरा है. इस पर्व को भाई-बहन के प्यार के तौर पर मनाया जाता है. इसको लेकर मूर्तिकारों के द्वारा सामा-चकेवा के साथ सतभैया, चुगला जैसे जुड़ी तमाम मूर्तियों का निर्माण किया जाता है. सामा-चकेवा पर्व का संबंध पर्यावरण से भी माना जाता है. पारंपरिक लोकगीतों से जुड़ा सामा चकेवा मिथिला संस्कृति की वह खासियत है, जो सभी समुदायों के बीच व्याप्त जड़ बाधाओं को तोड़ता है. आठ दिनों तक यह उत्सव मनाया जाता है और नौवें दिन बहनें अपने भाइयों को धान की नयी फसल का चूड़ा एवं दही खिला कर सामा-चकेवा की मूर्तियों को तालाब में विसर्जित कर देते हैं. पौराणिक कथाओं के मुताबिक, भगवान कृष्ण की पुत्री श्यामा और पुत्र शाम्भ के बीच अपार स्नह था. कृष्ण की पुत्री श्यामा ऋषि कुमार चारूदत्त से व्याही गयी थी. श्यामा ऋषि मुनियों की सेवा करने बराबर उनके आश्रमों में जाया करती थी. भगवान कृष्ण के मंत्री चुरक को रास नहीं आया और उसने श्यामा के विरूद्ध राजा से शिकायत करना शुरू कर दिया।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## CISF ने जनभागीदारी और डिजिटल अभियानों के साथ देश भर में "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय गीत ₹वंदे मातरम₹ के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गृह मंत्रालय (MHA) के निर्देशों का पालन करते हुए, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) की सभी इकाइयों ने आयोजित उद्घाटन समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर, नई दिल्ली स्थित बल मुख्यालय एवं सभी CISF इकाइयों में सुबह 10 बजे ₹वंदे मातरम₹ के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन आयोजित किया गया। बल मुख्यालय में 200 से अधिक कर्मियों ने देशभक्ति के जोश के साथ भाग लिया। देश भर में अपनी विशाल भौगोलिक उपस्थिति के साथ, CISF ने इस संदेश का व्यापक प्रसार सुनिश्चित किया। प्रमुख शहरों के साथ-साथ दूरदराज के क्षेत्रों में स्थित इकाइयों ने अधिकतम जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने वाले कार्यक्रम आयोजित किए, जिससे नागरिकों को सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय एकता की साझा भावना से जोड़ा जा सके। सभी इकाइयों के सीआईएसएफ कर्मियों ने ₹वंदे मातरम के साथ कराओके ₹ नामक डिजिटल अभियान में भी भाग लिया, जिसमें उन्होंने राष्ट्रगीत के पूर्ण संस्करण को रिकॉर्ड करके अपलोड किया। कई स्थानों पर, उत्सव के उत्साह को बढ़ाने के लिए गायन प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं। सभी इकाइयों और संरचनाओं ने माननीय प्रधान मंत्री के संबोधन के सीधे प्रसारण में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे इस राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव की शुरुआत हुई।

## रेल मंत्रालय ने वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाई



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल भवन में वरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ इस अवसर पर शिरकत की संस्कृति मंत्रालय के 150वीं वर्षगांठ समारोह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के साथ सामूहिक वंदे मातरम गायन का आयोजन किया गया। ₹वंदे मातरम₹ पिछले 150 वर्षों से भारत की चेतना का उद्घोष है: अश्विनी वैष्णव रेलवे जोन और मंडलों में स्मृति कार्यक्रम आयोजित वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर, संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार, आज रेल भवन में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव, सदस्य (टी एंड आरएस), श्री आर. राजगोपाल, रेलवे बोर्ड की सचिव श्रीमती अरुणा नायर तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित मुख्य कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग के साथ समन्वय करते हुए, सभी अधिकारियों द्वारा ₹वंदे मातरम₹ का सामूहिक गायन किया गया। सामूहिक गायन के बाद, माननीय प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने माननीय प्रधानमंत्री का संबोधन सुना।

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड/IREL (India) Limited
Formerly Indian Rare Earths Limited.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Government of India Undertaking)
CIN: U15100MH1950G01008187 Website: www.irel.co.in ISO 9001: 2015, ISO 14001: 2015 & ISO 45001: 2018 Company

निविदा सूचना/TENDER NOTICE

Ref: ADVT.No. 25-26/13 Date: 01.11.2025

आईआरईएल, ऑसकॉम निम्नलिखित मदों/जॉब विवरण के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध आमंत्रित करता है
IREL, OSCOM invites request for proposal for the following items/job descriptions.


| बिड सं/ Bid No. | जॉब/मद विवरण/Job/Item Description |
|---|---|
| GEM/2025/B/6831411 | Supply of Caustic Soda Lye. |
| GEM/2025/B/6796374 | Supply of Oxalic Acid. |
| GEM/2025/B/6815698 | Supply and Commissioning of 525 kW Induction Motor |
| GEM/2025/B/6836452 | AMC for Mechanical Maintenance of MSP. |

बोलीदाता निविदा दस्तावेज http://irel.co.in, http://gem.gov.in या https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड कर सकते हैं। उपरोक्त निविदाओं का कोई भी शुद्धिपत्र/विस्तार केवल उपरोक्त वेबसाइटों पर ही होस्ट किया जाएगा।
Bidder may download tender document from http://irel.co.in, http://gem.gov.in or https://eprocure.gov.in/eprocure/app. Any corrigendum / Extension to above tenders shall be hosted in above websites only.

ह./Sd/- महाप्रबंधक एवं प्रधान, ऑसकॉम / GM & HEAD, OSCOM

CBC 48146/12/0013/2526

## शब्द पहेली - 6041




**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

### शब्द पहेली- 6040 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सो | नि | या | गां | धी | | म | हा | न | ता |
| खा | ना | | प | | र | क्ष | क | | म | ल |
| ना | | म | न | सि | ज | | र | ग | | मे |
| ब | ला | त | | | वा | दा | | म | ह | ल |
| दो | | दा | | क | ला | | आ | | व | |
| श | य | न | क | क्ष | | दि | शा | ही | न | ता |
| | म | | प | | ह | ल | | न | | क |
| का | ज | ल | | शा | म | | | त | ह | त |
| म | | त | य | | व | फा | दा | र | | व |
| चो | र | | की | म | त | | म | | का | र |
| र | म | जा | न | | न | य | न | ज | ल | |



# विश्व विजेता बेटियों का सम्मान : स्मृति, जेमिमा और राधा को महाराष्ट्र सरकार ने दिए 2.25 करोड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भारतीय महिला विश्व कप विजेता टीम की सदस्य स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और राधा यादव को सम्मानित करते हुए प्रत्येक को 2.25 करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार दिया। दक्षिण मुंबई स्थित मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास 'वर्षा' में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान फडणवीस ने तीनों को 'महाराष्ट्र का गौरव' बताया और कहा कि टीम की जीत युवा लड़कियों को खेलों में शामिल होने के साथ वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगी। फडणवीस ने कहा, 'आपने महाराष्ट्र को गौरवान्वित किया है। आपकी जीत से राज्य में खुशी का माहौल है।






### कोच मजूमदार को 22.5 लाख रुपए का चेक

क्रिकेट टीम के कोच अमोल मजूमदार को 22.5 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया जबकि सहयोगी स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को 11 लाख रुपए दिए गए। गेंदबाजी कोच आविष्कार साल्वी, पूर्व दिग्गज क्रिकेटर डायना एडुल्जी, विश्लेषक अनिरुद्ध देशपांडे, लॉजिस्टिक्स समन्वयक अपर्णा गंभीरराव और सहयोगी स्टाफ सदस्य मिहिर उपाध्याय, पूर्वा काटे और ममता शिरुरुल्ला इस मौके पर मौजूद थे।

### महाराष्ट्र ने हमेशा हमारा समर्थन किया : मंधाना

उप-कप्तान मंधाना ने राज्य के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'हमें आमंत्रित करने और सम्मानित करने के लिए धन्यवाद और वो भी मुंबई में जो इसे और भी खास बनाता है। महाराष्ट्र ने हमेशा हमारा समर्थन किया है। 2017 में भी जब हम उपविजेता रहे थे तब भी हमें सम्मानित किया गया था। हमारे कई सहयोगी स्टाफ इसी राज्य से हैं। उनकी कड़ी मेहनत के बिना यह जीत संभव नहीं होती।'

### सीएम चंद्रबाबू नायडू से मिली श्रीचरणी




अमरावती में भारतीय क्रिकेटर श्रीचरणी और पूर्व कप्तान मिताली राज ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और राज्य के मानव संसाधन विकास एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश से मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने श्रीचरणी को भारत की महिला विश्व कप जीत पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने श्रीचरणी से कहा कि महिला विश्व कप जीतकर उन्होंने भारतीय महिलाओं की शक्ति का परिचय दिया है। वह महिला एथलीट्स के लिए एक आदर्श बन गई हैं। मुख्यमंत्री नायडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर श्रीचरणी और पूर्व कप्तान मिताली राज के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, भारत को विजेता बनाने वालीं स्पिनर के साथ सेल्फी। श्रीचरणी ने महिला विश्व कप 2025 में 9 मुकाबले खेलते हुए 27.64 की औसत के साथ 14 विकेट अपने नाम किए थे।

### अमनजोत-हरलीन का चंडीगढ़ में भव्य स्वागत

**चंडीगढ़।** विश्व कप विजेता महिला क्रिकेट टीम की सदस्य अमनजोत कौर और हरलीन देओल का उनके गृहनगर पहुंचने पर उनके परिवारों और पंजाब की सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के शीर्ष नेताओं ने मिठाई खिलाकर और ढोल बजाकर स्वागत किया। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और आप सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने हवाई अड्डे से बाहर आते ही दोनों खिलाड़ियों को मिठाई खिलाई और शॉल भेंट करके उनका सम्मान किया। अमनजोत ने कहा, 'यह जीत पूरे भारत, पूरे पंजाब की है।' उन्होंने यह भी कहा कि सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद टीम के सदस्य सोए नहीं थे। अमनजोत ने कहा, ' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल के बाद फाइनल में भी जीत दर्ज करने के बाद हम सोए नहीं थे।' देओल ने कहा कि उनके परिवार ने हमेशा उनके सपनों का समर्थन किया।



## खबर संक्षेप



### एनएसडब्ल्यू ओपन के सेमीफाइनल में रतिका

**नई दिल्ली।** भारत की रतिका सुथांतिरा सीलन ने सिडनी में स्थानीय प्रतिद्वंद्वी करेन ब्लूम को सीधे गेम में हराकर 'एनएसडब्ल्यू ओपन' स्क्वॉश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त 24 वर्षीय चेन्नई की खिलाड़ी ने पीएसए चैलेंजर स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में करेन को 22 मिनट में 11-8, 11-7, 11-4 से हराया। इस बीच पांचवीं वरीयता प्राप्त वीर चोटरानी ने स्प्रिंगफील्ड (अमेरिका) में 32,000 डॉलर इनामी पीएसए कांस्य स्तर की स्पर्धा 'सेंट जेम्स एक्सप्रेशन' ओपन के अंतिम-16 मुकाबले में मिस्र के मोहम्मद शराफ को 11-7, 10-12, 11-5, 11-8 से हराया।

### गलतियों से सबक लेकर अपने शॉट में किए सुधार




**कैरारा।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने हरफनमौला खेल से प्रभावित करने वाले भारतीय खिलाड़ी अक्षर पटेल ने कहा कि उन्होंने अपनी 'पिछली गलतियों' से सीख लेते हुए बाउंड्री के आकार को अपने शॉट चयन पर हावी नहीं होने दिया। अक्षर ने 11 गेंदों में एक चौका और एक छक्का की मदद से नाबाद 21 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान आखिरी ओवर में मार्कस स्टोइनिस के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौका और छक्का लगाकर टीम के स्कोर को 167 रन तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। अक्षर ने गेंद से भी कमाल करते हुए दो विकेट चटकाए। भारत ने इस मैच को 48 रन से जीतकर श्रृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त बना ली। 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए अक्षर ने 'कहा, ' जाहिर है, मुझे पता था कि यह मुश्किल होगा क्योंकि लगातार विकेट गिर रहे थे।

### गेंदबाजों का कहर, अफ्रीकी टीम 221 रन पर सिमटी



**बेंगलुरु।** मार्क्स एकरमैन की शतकीय पारी के बावजूद भारत ए ने दूसरे चार दिवसीय मैच में दूसरे दिन तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बूते दक्षिण अफ्रीका ए की पहली पारी को 221 रन पर समेट कर पहली पारी में 34 रन की बढ़त हासिल की। भारत 'ए' ने दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में तीन विकेट पर 78 रन बनाकर अपनी बढ़त को 112 रन तक पहुंचा दिया। सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल (26) के साथ कुलदीप यादव (शून्य) क्रीज पर मौजूद हैं। प्रसिद्ध कृष्णा (35 रन पर तीन विकेट), मोहम्मद सिराज (61 रन पर दो विकेट) और आकाशदीप (28 रन पर दो विकेट) ने बीसीसीआई उत्कृष्टता केंद्र की पिच का शानदार तरीके से इस्तेमाल करते करने हुए आपस में सात विकेट साझा किए, जिससे दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 221 रन पर सिमट गई।

### आज दोपहर 1:45 बजे से भारत का विदेशी सरजमीं पर पांचवां टी-20

# ऑस्ट्रेलिया दौरे का अंत प्रभावशाली ढंग से करने की कोशिश करेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶ ब्रिसबेन

विदेशी सरजमीं पर एक और श्रृंखला जीतने की दहलीज पर खड़ी भारतीय टीम 8 नवंबर को पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों को दूर कर ऑस्ट्रेलिया दौरे का अंत प्रभावशाली ढंग से करने की कोशिश करेगी।

भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त के साथ ऑस्ट्रेलिया में 17 साल से कोई टी20 श्रृंखला नहीं गंवाने का अपना रिकॉर्ड बरकरार रखा है। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इस दौरे का अंत जीत के साथ करने के लिए पूरा जोर लगाएगी। मैच में सबसे ज्यादा नजरें शुभमन गिल और सूर्यकुमार की बल्लेबाजी पर होंगी, जबकि ऑस्ट्रेलिया अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारत की स्पिन चुनौती का डटकर सामना करना चाहेगा।

### गिल ने दिया लय में वापसी का संकेत

भारतीय टीम ने पिछले मैच में बेहतर रणनीतिक सूझबूझ दिखाई थी और कैरारा की मुश्किल पिच पर बल्लेबाजों ने अच्छा तालमेल बिठाया था। गिल ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई थी, जिससे भारत 14 ओवर में दो विकेट पर 121 रन के स्कोर के साथ मजबूत स्थिति में था। टीम ने हालांकि इसके बाद 15 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए थे। उपकप्तान गिल ने सात पारियों से अर्धशतक नहीं लगाया है लेकिन पिछले मैच में 46 रन के साथ उन्होंने ने लय में वापसी का संकेत दिया था।




### टीम इंडिया का निचला क्रम प्रभावी

भारत का निचला क्रम भी प्रभावी रहा है। अक्षर पटेल ने पिछले मैच में 11 गेंदों में नाबाद 21 रनों की पारी खेली थी। सातवें और आठवें नंबर पर हरफनमौला खिलाड़ियों की मौजूदगी ने टीम को मजबूती प्रदान की है। अर्शदीप सिंह ने गेंदबाजी में एक बार फिर भारत के लिए अपनी उपयोगिता साबित की है, उन्होंने चार विकेट लिए हैं और जसप्रीत बुमराह के साथ नयी गेंद से प्रभावी जोड़ी बनाई है। कुलदीप यादव की अनुपस्थिति के बावजूद वरुण, अक्षर और वाशिंगटन की स्पिन तिकड़ी भारत की एक बड़ी ताकत रही है। शिवम दुबे और वाशिंगटन दोनों ने बल्ले और गेंद से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दुबे की 23 गेंदों में 49 रनों की पारी ने तीसरे टी20 को भारत के पक्ष में मोड़ दिया था वहीं चौथे मैच में वाशिंगटन के तीन रन पर तीन विकेट से भारत ने मुकाबला को जल्दी खत्म करने में सफल रही। दुबे ने इस मैच में भी 22 गेंदों में 18 रन भी बनाए और दो विकेट भी लिए।

### हेजलवुड के हटने से पैनापन की कमी

हरफनमौला मैथ्यू शॉर्ट हेड की अनुपस्थिति में शीर्ष क्रम में प्रभावित करने का एक मौका गंवा दिया। वह शनिवार को अपनी गलतियों की भरपाई करने के लिए बेताब होंगे। जोश हेजलवुड के श्रृंखला से हटने के बाद घरेलू टीम के गेंदबाजी आक्रमण में पैनापन की कमी दिखी है। नाथन एलिस और एडम जम्पा ने ज्यादातर जिम्मेदारी संभाली है, लेकिन चौथे टी20 में बेन ड्वार्शिस को कोई विकेट नहीं मिला। मेजबान टीम आखिरी मैच में महली बियर्डमैन को पदार्पण का मौका देने पर विचार कर सकती है।

### टीमें इस प्रकार

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलियाः** मिशेल मार्श (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जोश इंग्लिस (विकेट कीपर), जोश फिलिप (विकेट कीपर), मिशेल ओवेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैट कुहनेमन, एडम जम्पा, महली बियर्डमैन, बेन ड्वार्शिस, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मार्कस स्टोइनिस।

### 1925 में हुआ था हॉकी महासंघ का गठन

# हॉकी के दिग्गजों ने मनाया सौ साल पूरे होने का जश्न




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता 90 वर्ष के गुरबख्श सिंह से लेकर पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने वाले कप्तान हरमनप्रीत सिंह तक कई दिग्गजों ने भारतीय हॉकी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर अपने अनुभवों को साझा किया। सौ वर्ष पहले 1925 में ग्वालियर में भारतीय हॉकी महासंघ का गठन हुआ था। आठ बार की ओलंपिक चैंपियन भारतीय हॉकी टीम के महानायकों को इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर सम्मानित किया गया, जिनमें ओलंपिक पदक विजेता गुरबख्श सिंह (1964 और 1968), हरबिंदर सिंह (1964, 1968 और 1972), अशोक कुमार (1972 ओलंपिक और 1975 विश्व कप) , बीपी गोविंदा (1972 ओलंपिक और 1975 विश्व कप), असलम शेर खान (1975 विश्व कप), जफर इकबाल (1980 ओलंपिक) ब्रिगेडियर हरचरण सिंह (1972 ओलंपिक) के अलावा रोमियो जेम्स, असुंथा लाकड़ा और सुभद्रा प्रधान शामिल हैं । इस अवसर पर खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि हॉकी के जरिये ही ओलंपिक में भारत को पहचान मिली और दुनिया को दिखाया कि खेलों में हमारा देश क्या कर सकता है और तभी से हमने पीछे मुड़कर नहीं देखा ।

### आज से साल्ट लेक स्टेडियम में बेटन कप

**कोलकाता।** बेटन कप का 126वां सत्र नव-उद्घाटित विवेकानंद युवा भारती हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसमें 22 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता है, जिससे यह देश का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम है। साल्ट लेक स्टेडियम परिसर में स्थित इस अत्याधुनिक सुविधा केंद्र का उद्घाटन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया। दुनिया की सबसे पुरानी हॉकी चैंपियनशिप में देश के कई वर्तमान और पूर्व ओलंपियन और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मैदान पर चुनौती पेश करते हुए दिखाई देंगे।

### डब्ल्यूटीए फाइनल्स

# कोको को हराकर अंतिम चार में पहुंची सबालेंका




एजेंसी ▶▶ रियाद

शीर्ष रैंकिंग वाली एरीना सबालेंका ने कोको गॉफ को 7-6, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के ग्रुप चरण में लगातार तीसरी जीत के साथ अमेरिका की इस प्रतिद्वंद्वी को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

सबालेंका की जीत का मतलब है कि वह बेलारूस की शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी जेसिका पेगुला के साथ अपने ग्रुप से सेमीफाइनल में पहुंच गईं।

पेगुला ने इससे पहले जैस्मीन पाओलिनी को 6-2, 6-3 से हराकर अपना रिकॉर्ड 2-1 (दो जीत और एक हार) कर लिया था। गत चैंपियन गॉफ का स्कोर 1-2 रहा, जबकि पाओलिनी का स्कोर 0-3 रहा।

### वाणी ने जीता डब्ल्यूपीजीटी का खिताब



**जयपुर।** वाणी कपूर ने आखिरी तीन होल में तीन बर्डी लगाकर महिला प्रो गोल्फ टूर के 14वें चरण के तीसरे और अंतिम दौर में जैस्मीन शेखर की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए खिताब अपने नाम किया। वाणी ने लगातार तीसरे दिन दो अंडर 68 का कार्ड खेला, जिससे उनका कुल स्कोर छह अंडर का रहा। जैस्मीन ने भी तीसरे दौर में 68 कार्ड खेला लेकिन उनका ओवरऑल स्कोर पांच अंडर का रहा। मौजूदा सत्र की पांचवीं जीत के साथ वाणी ने हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर अपनी बढ़त बनाए रखी। स्नेहा सिंह (69) दो-अंडर 208 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं जबकि अमनदीप ढ्राल (70) इवन पार 210 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहीं।



### संस्कारधानी में भारत गोल्फ महोत्सव को मिल रहा जोरदार समर्थन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर एक ऐतिहासिक खेल आयोजन की मेजबानी करने जा रही है। 8 और 9 नवंबर को होने जा रहा भारत गोल्फ महोत्सव (**Bharat Golf Mahotsav**) शहर में उत्साह और गर्व का माहौल लेकर आया है। शहर के उद्योगपति, व्यापारी और आमजन इस आयोजन को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उनका कहना है कि यह आयोजन जबलपुर को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगा।

# हांगकांग सिक्सेस : भारत ने पाकिस्तान को दी मात, रॉबिन और बिन्नी ने खेली धमाकेदार पारी

एजेंसी ▶▶ हांगकांग

पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा और भरत चिपली की धमाकेदार पारियों के साथ स्टुअर्ट बिन्नी की किफायती गेंदबाजी की बदौलत भारत ने हांगकांग सिक्सेस के बारिश से प्रभावित पूल सी मैच में डकवर्थ लुईस पद्धति (डीएलएस) से पाकिस्तान को दो रनों से हरा दिया। उथप्पा ने 11 गेंदों पर 28 रनों की तेज पारी खेली जबकि चिपली ने 13 गेंदों पर 24 रन बनाए , जिससे भारत ने छह ओवर में 4 विकेट पर 86 रन बनाए। पाकिस्तान ने लक्ष्य का पीछा करने की अच्छी शुरुआत की और भारी बारिश के कारण खेल रुकने से पहले तीन ओवर में 1 विकेट पर 41 रन बना लिए थे। मैच रोके जाते समय पाकिस्तान डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत भारत से दो रन पीछे था। भारत की जीत में स्टुअर्ट बिन्नी का किफायती गेंदबाजी का बड़ा योगदान रहा। उन्होंने अपने ओवर में सिर्फ सात रन खर्च कर एक विकेट लेकर मैच में बड़ा प्रभाव डालने वाला प्रदर्शन किया।




### ऑस्ट्रेलिया ने यूएई को 10 विकेट से हराया

ऑस्ट्रेलिया ने पूल बी मैच में यूएई को 10 विकेट से हराया। टीम ने जैक वुड (11 गेंद में 55 रन) और निक होबसन (पांच गेंद में नाबाद 26 रन) की पारियों से जीत के लिए मिले 88 रन के लक्ष्य को महज तीन ओवर में हासिल कर लिया।

### चाइना चैंपियनशिप

### दीक्षा और प्रणवी ने बनाई कट में जगह

**शेनजेन।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स ने दूसरे दौर के बाद अरामको चाइना चैंपियनशिप में कट में प्रवेश किया जबकि अवनि प्रशांत और त्वेसा मलिक अगले दौर में पहुंचने से चूक गईं। दीक्षा ने चार बर्डी और एक बोगी से तीन अंडर 70 का कार्ड खेला जबकि प्रणवी ने तीन अंडर 70 का कार्ड बनाया, जिसमें पांच बर्डी शामिल थीं। दीक्षा संयुक्त 35वें और प्रणवी संयुक्त 49वें स्थान पर रहीं। थाईलैंड की चिंगलाब ने 65 का कार्ड खेलकर 12 अंडर के कुल स्कोर से एकल बढ़त बनाए हैं। वहीं भारतीय गोल्फर अवनि और त्वेसा कट में जगह बनाने से चूक गईं।

### द. अफ्रीका ने दूसरा मैच जीत कर श्रृंखला की 1-1 से बराबर

# डी कॉक ने तोड़ा गिब्स का रिकॉर्ड, द.अफ्रीका ने पाक को 8 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶ फैसलाबाद

क्विंटन डी कॉक ने नाबाद 123 रन की शानदार पारी खेलकर हर्शल गिब्स का वनडे शतक रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिससे वह दक्षिण अफ्रीका के लिए तीसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। उनकी उत्कृष्ट बल्लेबाजी ने प्रोटियाज को पाकिस्तान पर 8 विकेट से जीत दिलाने में मदद की और तीन मैचों की श्रृंखला को 1-1 से बराबर कर दिया। क्विंटन डी कॉक, जो अपनी चतुर तकनीक के लिए जाने जाते हैं, वनडे में दक्षिण अफ्रीका के लिए तीसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए, जब उनकी बल्लेबाजी की उत्कृष्ट कृति ने प्रोटियाज को दूसरे मैच में फैसलाबाद के इकबाल स्टेडियम में पाकिस्तान पर 8 विकेट से शानदार जीत दिलाई और श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। तेजतर्रार बाएं हाथ के बल्लेबाज ने नाबाद 123 (119) की पारी खेली, जो कि भाग्य से भरपूर थी, जिससे पाकिस्तान को दूसरे वनडे में 270 रनों के मामूली लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिली। एक और शानदार प्रदर्शन के साथ, डी कॉक के शतकों की संख्या 22 हो गई, जिससे उन्होंने हर्शल गिब्स के 21 वनडे शतकों को पीछे छोड़ दिया।



### डी कॉक ने जड़ा 80 मीटर का छक्का

लक्ष्य का पीछा करते हुए, डी कॉक को एक अभूतपूर्व जीवनदान मिला जब उन्होंने गेंद को फ्लिक करने का प्रयास किया लेकिन गेंद सीधे मोहम्मद नवाज के पास पहुंच गई, जिन्होंने गेंद को दोनों हाथों से पकड़ लिया लेकिन गेंद को बाहर निकलने दिया। उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और सैम अयूब की गेंद पर 80 मीटर का छक्का जड़ दिया। अगले ओवर में, उन्होंने मोहम्मद वसीम जूनियर को एक और ऊंची 77 मीटर की छक्का जड़कर परेशान किया।

### डी कॉक और जोरजी की 153 रनों की साझेदारी

लुआन-ड्रे प्रीटोरियस के 46(40) रन पर आउट होने के साथ 81 रनों की शुरुआती साझेदारी समाप्त होने के बाद, डी कॉक ने टोनी डी जोरजी के साथ 153 रनों की साझेदारी की, जो पाकिस्तान में पाकिस्तान के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी थी। फहीम अशरफ के डीप मिड-विकेट पर मौका गंवाने के बाद टोनी डी जोरजी को भी जीवनदान मिला। अंततः वह सैम अयूब की गेंद पर अशरफ को कैच दे बैठे और 76(63) रन बनाकर पवेलियन लौटे। क्विंटन डी कॉक नाबाद रहे और उन्होंने 59 गेंद शेष रहते 270 रन का पीछा पूरा किया, कार्यवाहक कप्तान मैथ्यू ब्रीट्जके ने 21 गेंदों पर 17* रन बनाकर दूसरे छोर पर उनका साथ दिया।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री गोयल बोले

# न्यूजीलैंड के साथ एफटीए अंतिम दौर में, निवेश के अवसरों पर बातचीत का चौथा राउंड

एजेंसी ▶▶ रोटोरुआ

अमेरिका से साथ चल रहे टैरिफ तनाव के बीच भारत ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर आगे बढ़ रहा है। भारत और न्यूजीलैंड ने प्रस्तावित एफटीए के लिए चौथे दौर की वार्ता शुक्रवार को पूरी कर ली। दोनों पक्षों ने इसको शीघ्र अंतिम रूप देने की दिशा में काम करने को लेकर सहमति व्यक्त की है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल अपने न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के साथ इन वार्ताओं की प्रगति की समीक्षा करने के लिए यहां पहुंचे हैं। गोयल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भारत-न्यूजीलैंड एफटीए वार्ता का चौथा दौर वस्तु बाजार पहुंच, सेवाओं, आर्थिक व तकनीकी सहयोग और निवेश के अवसरों पर केंद्रित रहा। उन्होंने कहा कि हम भारत और न्यूजीलैंड के बीच बढ़ते रणनीतिक व आर्थिक संगम के अनुरूप एक संतुलित, व्यापक तथा पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को शीघ्र पूरा करने की दिशा में काम करने के लिए तत्पर हैं।

## बढ़ रहा व्यापार का दायरा

*भारतीयों के साथ वंदेमातरम के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया*

*संतुलित, व्यापक तथा पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को शीघ्र पूरा करेंगे*

*चौथी बैठक वस्तु बाजार पहुंच सेवाओं, आर्थिक अवसरों पर केंद्रित*


न्यूजीलैंड के कृषि, व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के साथ पीयूष गोयल

*अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान मंत्री गोयल ने व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा करने के लिए उद्योग दिग्गजों के साथ बैठकें भी कीं। उन्होंने कहा कि एफटीए पर बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है और उम्मीद जताई कि एफटीए को जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा। एफटीए वार्ता औपचारिक रूप से 16 मार्च 2025 को शुरू की गई थी।*


पीयूष गोयल ने बे ऑफ प्लेंटी में ते पुके कीवी फल का बगीचा देखा

### दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंध

*मंत्री गोयल ने कहा कि दोनों देशों के व्यापार प्रमुखों के साथ बैठकें करना और इवेंट्स में भाग लेना मजबूत दोनों देशों के मध्य गहरे नागरिक और सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाता है। मैंने नरोटोरुआ में भारतीय कम्युनिटी को संबोधित किया, मेरे साथ मेरे समकक्ष टॉड मैकक्ले भी मौजूद थे। इन भारतीय लोगों के अपनेपन, गर्व और देश के साथ उनके गहरे जुड़ाव ने दिल को छू लिया। उन्होंने भारतीय समुदाय से उनकी विशेषज्ञता और अनुभव के जरिए देश की विकसित भारत यात्रा में योगदान देने का आग्रह किया।*

**द्विपक्षीय व्यापर 11523 करोड़ रुपए रहा**

*वित्त वर्ष 2024-25 में न्यूजीलैंड के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापारिक व्यापार 1.3 अरब डॉलर (करीब 11523 करोड़ रुपए) रहा जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 49 प्रतिशत अधिक है। न्यूजीलैंड का औसत आयात शुल्क मात्र 2.3 प्रतिशत है। बता दें, एफटीए में, दो देश अपने बीच व्यापार की जाने वाली अधिकतम वस्तुओं पर सीमा शुल्क को या तो काफी कम कर देते हैं या समाप्त कर देते हैं। ये वस्तुओं व सेवाओं के व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मानदंडों को भी आसान बनाते हैं।*

कीवी के बाग का किया दौरा

## भारतीय किसान से गुणवत्ता पर की चर्चा

पीयूष गोयल ने कीवी फल के बगीचे का दौरा किया, जहां भारतीय कीवी किसानों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि न्यूजीलैंड के कृषि, व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैकक्ले के साथ के साथ बे ऑफ प्लेंटी में ते पुके कीवी फल के बगीचे का बहुत अच्छा दौरा रहा। मैं कीवी के भारतीय किसानों और बागवानों का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने गर्मजोशी से मेरा स्वागत किया। साथ ही, यह मेरे लिए एक जानकारी भरा भ्रमण रहा। हमने बगीचे की वैरायटी, गुणवत्ता, खेती के तरीकों और टिकाऊ कोशिशों पर एक सफल बातचीत की। साथ ही उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ाने की कोशिशों के बारे में भी बेहद कीमती जानकारी मिली।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

# दुबई एयर शो में हवाई कलाबाजियां दिखाएंगे वायुसेना के सूर्यकिरण विमान

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया में जारी दो तरह के संकटों (टैरिफ और सैन्य संघर्षों) के बीच खाड़ी के एक महत्वपूर्ण देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सबसे घनी आबादी वाले शहर दुबई में 17 से 21 नवंबर तक अंतरराष्ट्रीय एयर शो का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भारत की दो तरफा भागीदारी देखने को मिलेगी। एक ओर भारतीय वायुसेना के कुल 9 सूर्यकिरण विमानों की टीम अपने हवाई करतब से एयर शो में अपना जलवा बिखेरेगी। वहीं, दूसरी ओर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इस बार इस अंतरराष्ट्रीय वैमानिकी शो में शिरकत करेंगे। रक्षा सूत्रों ने बताया कि वायुसेना के सूर्यकिरण विमानों की एक टीम एयर शो के शुरुआती दो दिनों 17 से 18 तक इसमें शामिल होगी। जबकि भारत की तरफ से रक्षा मंत्री की भागीदारी भी खासी महत्वपूर्ण रहेगी। हर बार की तरह इस बार भी यह एयर शो दुबई के अल मकतूम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आयोजित किया जाए। जिसे दुबई वर्ल्ड सेंट्रल के नाम से भी जाना जाता है।

## 2023 में भारत की ऐसी थी भागीदारी



बीते कुछ सालों से दुबई एयर शो में भारत की एक मजबूत और नियमित उपस्थिति देखने को मिल रही है। यह एक द्विवार्षिक यानी दो साल एक बार होने वाला आयोजन है। 2023 में एयर शो में वायुसेना के दो स्वदेशी हवाई हथियारों और सैन्य उपकरणों ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया था। जिसमें हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव के अलावा सारंग हेलीकॉप्टरों की डिस्प्ले टीम शामिल हुई थी। तेजस ने एयर शो में जमीनी प्रदर्शनी के साथ दुबई के आसमान में उड़ान भरकर अपनी युद्धक क्षमता का भी प्रदर्शन किया था।

### 2021 में शामिल हुए तेजस, सारंग

एयर शो में भारत का प्रवेश वैमानिकी और रक्षा तकनीक के मामले में घरेलू स्तर पर बनाए गए हथियारों के जरिए बढ़ती उसकी उन्नति को दर्शाती है। इसके अलावा ये भारत-संयुक्त अरब अमीरात के द्विपक्षीय और सामरिक संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाने में भी मददगार है। 2021 में भी दुबई एयर शो के दौरान भारत के दोनों सैन्य हथियारों-उत्पादों के साथ सूर्यकिरण एयरोबेटिक टीम ने भी अपनी हवाई कलाबाजियों के माध्यम से दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया था।

### तेजस, ध्रुव की खूबियां

तेजस भारत का पहला स्वदेश में निर्मित लड़ाकू विमान है। जिसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बनाया है। वर्तमान में वायुसेना में इसकी दो स्क्वाड्रन (कुल 36 विमान) तैनात हैं। पहली स्क्वाड्रन (नंबर 45 और फ्लाइंग डैगर्स) वर्ष 2016 में तमिलनाडु के सुलूर एयरबेस पर तैनात की गई थी। जबकि दूसरी नंबर 18 स्क्वाड्रन (फ्लाइंग बुलेट्स) गुजरात के नलिया एयरबेस पर तैनात है। वायुसेना की तेजस विमानों की 18 और स्क्वाड्रन खरीदने की योजना है, प्रक्रिया जारी है। ध्रुव भी एचएएल द्वारा सेनाओं के लिए निर्मित एक स्वदेशी हथियार है। जो लगभग 5.5 टन वजनी डबल इंजन वाला बहु-भूमिका वाला हेलीकॉप्टर है। वर्ष 2002 में इसे सैन्य सेवा में शामिल किया गया था। तीनों सशस्त्र सेनाएं (थलसेना, नौसेना और वायुसेना) ध्रुव का प्रयोग कर रही हैं।

### एयर डिस्प्ले के लिए मशहूर सारंग-सूर्यकिरण

सूर्यकिरण एयरोबेटिक टीम में शामिल 9 रेड और वाइट हॉक मार्क-132 विमान हैं। एचएएल ने इन्हें लाइसेंस के तहत बनाया है। ये भारत की ही नहीं बल्कि एशिया की नौ विमानों की बेहद निकटता से हवाई करतब दिखाने वाली पहली टीम है। जिसमें इनकी हार्ट, डायमंड, लूप और काम्बैट फॉरमेशन चर्चित हैं। वहीं, सारंग की स्थापना 2005 में 151 हेलीकॉप्टर यूनिट के रूप में की गई थी। यह यूनिट 5 संशोधित ध्रुव हेलीकॉप्टर उड़ाती है और इनका मुख्य तैनात एयरबेस कोयंबटूर के पास स्थित सुलूर एयरबेस है।

*मामले में हर तरह से जरूरी सहायता प्रदान करेगा विदेश मंत्रालय*

# मेजर विक्रांत जेटली के मामले पर यूएई की सरकार के संपर्क में भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड एक्ट्रेस सेलिना जेटली के भाई सेवानिवृत्त मेजर विक्रांत जेटली के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की जेल में नजरबंद होने के मामले पर शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया दी है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया ब्रीफिंग में एक प्रश्न के जवाब में कहा कि मेजर जेटली के मुद्दे को लेकर हम यूएई की सरकार से संपर्क बनाए हुए हैं। बीते कई महीनों में हमने चार बार उनसे काउंसलर एक्सेस मांगी है। जिसके तहत हमारे दूतावास के अधिकारी मेजर जेटली से जाकर मिले हैं। हम उनके परिवार और धर्मपत्नी के भी संपर्क में रहे हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में तीन नवंबर को इस संबंध में दिल्ली उच्च-न्यायालय का जो आदेश आया था। उसके मुताबिक, हम तमाम जरूरी सहायता प्रदान करेंगे।



गौरतलब है कि मेजर जेटली पिछले साल 2024 से यूएई की जेल में नजरबंद हैं। जिसे लेकर सेलिना जेटली ने दिल्ली उच्च-न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हुए ये आरोप लगाया था कि यूएई के जेल में उनके भाई को 12 महीने से अधिक समय से हिरासत में रखा गया है। जहां उन्हें कानूनी प्रतिनिधित्व और चिकित्सा सहायता नहीं दी गई है। उन्होंने अदालत से अनुरोध किया था कि वह भारतीय अधिकारियों को उनके भाई तक आवश्यक कानूनी और चिकित्सा सहायता प्रदान करने का निर्देश दे।

### सूडान पर भारत की पैनी नजर

रणधीर ने बताया कि सूडान में भारत का एक नागरिक आरएसएफ की हिरासत में है। वहां अलफशर नामक जगह पर लड़ाई जारी है। विदेश मंत्रालय सूडान की सरकार और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के संपर्क में बना हुआ है। जिससे उनकी हिरासत में मौजूद हमारे देश के नागरिकों को छुड़ाया जा सके। साथ ही हम उन्हें सुरक्षा प्रदान कर सकें। उन्होंने क्वाड को लेकर की गई अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणी पर कहा, यह एक मूल्यवान मंच है। जिसके जरिए भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साझा हितों से जुड़े हुए मुद्दों पर चर्चा करते हैं। इस समूह की प्रगति जारी है। हाल ही में भारत में समुद्री सप्ताह हुआ था। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 29 से 30 अक्टूबर तक क्वाड फ्यूचर्स सम्मेलन हुआ। जिसमें दो दर्जन देशों ने भाग लिया। क्वाड के चारों देश भी इसका हिस्सा बनें और 120 प्रतिनिधिमंडलों की भी भागीदारी देखने को मिली है।







भारत-फिनलैंड के बीच परामर्श बैठक

## व्यापार, डिजिटल और एआई सहयोग को मजबूत करने पर जताई सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और फिनलैंड के बीच 13वीं विदेश कार्यालय परामर्श बैठक हेलसिंकी में हुई। दोनों देशों ने द्विपक्षीय सहयोग की पूरी समीक्षा की और व्यापार व निवेश, डिजिटलाइजेशन, क्वांटम कंप्यूटिंग, 5जी/6जी, एआई, सतत विकास, स्वच्छ तकनीक, परिपत्र अर्थव्यवस्था, शिक्षा, अनुसंधान और विकास, तथा लोगों के बीच संबंध और गतिशीलता जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मज़बूत करने पर सहमति जताई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत-फिनलैंड की बैठक हेलसिंकी में हुई। भारत की ओर से सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज और फिनलैंड की ओर से स्थाई राज्य सचिवजुक्का सालोवाारा ने बैठक की अध्यक्षता की। दोनों पक्षों ने आपसी सहयोग की पूरी समीक्षा की और विभिन्न क्षेत्रों में इसे और आगे बढ़ाने पर सहमति दी। फिनलैंड ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के जल्द निष्कर्ष के लिए अपना समर्थन दोहराया।


हेलसिंकी में विदेश कार्यालय परामर्श बैठक

## भारत ने क्यूबा को 20 टन मानवीय सहायता सौंपी


**हवाना।** एकजुटता और मानवीय समर्थन के एक संकेत के रूप में, भारत ने तूफान मेलिसा से हुई तबाही के बाद बचाव कार्यों में मदद के लिए क्यूबा को लगभग 20 टन मानवीय सहायता और आपदा राहत सामग्री प्रदान की। हवाना स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि 'वसुधैव कुटुम्बकम-दुनिया एक परिवार है' की भावना से प्रेरित होकर, भारत क्यूबा के लोगों के साथ एकजुटता में खड़ा है और मित्रता और मानवीय सहयोग के बंधन को मजबूत करता है। राहत सामग्री में एक विशेष भारत स्वास्थ्य सहयोग, हित और मैत्री (भीष्म) चिकित्सा आघात इकाई, आवश्यक दवाइयां, बिजली जनरेटर, टेंट, बिस्तर हैं।

भारत ने बीआईएमआरईएन के पहले द्विवार्षिक सम्मेलन की

# बंगाल की खाड़ी में 'ब्लू इकोनॉमी' सहयोग पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने कोच्चि में बिम्सटेक-भारत समुद्री अनुसंधान नेटवर्क (बीआईएमआरईएन) के पहले द्विवार्षिक सम्मेलन की मेजबानी की। इससे बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में ब्लू इकोनॉमी सहयोग को मजबूती मिलेगी। भारत के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। बीआईएमआरईएन सम्मेलन का आयोजन 4 से 6 नवंबर तक किया गया था। ये मरीन रिसर्च और ब्लू इकोनॉमी के पहलों में क्षेत्रीय सहयोग को आगे बढ़ाने में एक मील का पत्थर साबित हुआ। सम्मेलन में समुद्री चुनौतियों, इकोसिस्टम हेल्थ और रिसर्च के नए तरीकों की खोज पर केंद्रित था। सम्मेलन में युवा रिसर्चर के बीच वैज्ञानिक नेटवर्क का निर्माण, प्रभावी मरीन रिसोर्स मैनेजमेंट और नीतियों के विकास पर चर्चा शामिल रही।

समुद्री चुनौतियों और नए अनुसंधान पर हुई विस्तृत चर्चा | युवा वैज्ञानिकों ने मरीन रिसोर्स मैनेजमेंट पर की बातचीत



कोच्चि में बिम्सटेक-भारत समुद्री अनुसंधान नेटवर्क (बीआईएमआरईएन) सम्मेलन में युवा वैज्ञानिक

### सम्मेलन भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति के अनुरूप

विदेश मंत्रालय ने कहा कि 2022 में कोलंबो बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी ने मरीन साइंस में ग्रुप रिसर्च को मजबूत करने के लिए बीआईएमआरईएन पहल की घोषणा की थी। यह पहल भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट,' 'एक्ट ईस्ट,' 'इंडो-पैसिफिक,' और 'महासागर' रणनीतियों के तहत व्यापक क्षेत्रीय नीतिगत उद्देश्यों के अनुरूप है। यह सम्मेलन सभी भागीदारों को एक साथ लेकर आया ताकि इसकी गतिविधियों के परिणामों पर चर्चा की जा सके। इसके तहत अब तक बिम्सटेक देशों के 25 संस्थानों और 50 से अधिक रिसर्चर्स को जोड़ा है।

### भारत की पहल पर शुरू हुआ था सम्मेलन

विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी की पहल से इसे 2024 में शुरू किया गया, जिसका उद्देश्य रिसर्च अनुदानों और पीएचडी फेलोशिप के माध्यम से संस्थागत सहयोग को सक्षम बनाना है। इससे भारत के प्रमुख रिसर्च सेंटरों को अन्य बीआईएमआरईएन से जुड़े अन्य देशों के साथ जोड़ा जा सकेगा। अप्रैल में, थाईलैंड में छठे शिखर सम्मेलन के दौरान, पीएम मोदी ने एक व्यापक 21-सूत्रीय कार्य योजना प्रस्तुत की थी। पीएम मोदी इस कार्य योजना के तहत अलग-अलग क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक रोडमैप प्रस्तुत किया गया था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109